e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 236
मंगलवार
29.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

आप न तो अतीत को कण्ट्रोल कर सकते हो और न ही भविष्यवाणी कर सकते हो ऐसा करने की कोशिश भी एक चीज से आपका कण्ट्रोल हटा देती है वो है वर्तमान ..

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनाँक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहली बार जीता स्वर्ण पदक

# नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास



**एजेंसी**

**बुडापेस्ट :** भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सोमवार को इतिहास रचते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पाकिस्तान के अरशद नदीम को एक मीटर से भी कम अंतर से हरा दिया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखने में सफल रहे। 87.82 मीटर के साथ राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन नदीम को रजत पदक मिला। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया। किशोर जेना (सर्वश्रेष्ठ 84.77 मीटर) पांचवें स्थान पर रहे जबकि डीपी मनु (सर्वश्रेष्ठ 84.14 मीटर) छठे स्थान पर रहे। अब, भारत के पास विश्व चैंपियनशिप में सभी रंगों के पदक हैं। पिछले साल रजत पदक हासिल करने के बाद विश्व चैंपियनशिप में यह नीरज का दूसरा पदक है। उनके दो पदकों से पहले, भारत की आखिरी पदक विजेता 2003 विश्व चैंपियनशिप में अंजू बॉबी जॉर्ज थीं, जिन्होंने महिलाओं की लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। पहले दौर के प्रयासों में फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर ने 83.38 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली। नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो फाउल था, जिससे उन्हें ऐसी शुरुआत मिली जो वह नहीं चाहते थे। किशोर जेना और डीपी मनु का पहला थ्रो क्रमशः 75.70 मीटर और 78.44 था। दूसरे दौर के प्रयासों में चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च ने 84.18 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की। हालाँकि, नीरज खराब शुरुआत से उबरते हुए 88.17 मीटर के जबरदस्त थ्रो के साथ बढ़त बना ली। मनु का दूसरा प्रयास फाउल रहा. जेना का दूसरा थ्रो 82.82 मीटर का था और वह उन्हें पांचवें स्थान पर ले गया। दूसरे दौर के प्रयासों के बाद नीरज 88.17 मीटर के साथ शीर्ष पर रहे। प्रयासों का तीसरा दौर शुरू हुआ और नीरज ने 86.32 मीटर का थ्रो दर्ज किया, जो प्रतियोगिता में अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। वह अपनी बढ़त बरकरार रखने में कामयाब रहे। हालाँकि, 87.82 मीटर के विशाल थ्रो के साथ, पाकिस्तान के राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन अरशद नदीम दूसरे स्थान पर पहुँच गए। उन्होंने अपना सीज़न का सर्वश्रेष्ठ थ्रो रिकॉर्ड किया। 83.72 मीटर के तीसरे प्रयास के साथ, मनु अभी भी पांचवें स्थान पर थे। जेना का तीसरा प्रयास फाउल रहा और वह सातवें स्थान पर रहे. तीसरे प्रयास के अंत में नीरज 88.17 के साथ शीर्ष पर रहे। प्रयासों के अंतिम दौर में, मनु अंतिम प्रयास में 84.14 मीटर थ्रो के साथ छठे स्थान पर थे। जेना ने फाउल किया और पांचवें स्थान पर रहे। नदीम का अंतिम थ्रो 81.86 मीटर था और वह अपने अंतिम प्रयास में नीरज के 88.17 मीटर को पार करने में विफल रहे! इस तरह, नदीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा और नीरज ने भारत के लिए पहली बार विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई



रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को बधाई दी है।मुख्यमंत्री सोरेन ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।आपने अनेक बार अपने खेल से देश को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। आप ऐसे ही खेलते रहें, आगे बढ़ते रहें, यही कामना करता हूं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर चोपड़ा को दी बधाई



**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नीरज चोपड़ा को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों के इतिहास में एक और सुनहरा पन्ना जोड़ा है. बता दें कि ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने बुडापेस्ट में चल रही विश्व चैम्पियनशिप में रविवार देर रात पुरूषों की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में 88 .17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया है. इस कीर्तिमान के बाद वो ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में एक समय में स्वर्ण जीतने वाले स्वर्ण एक समय पर जीतने दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए. इससे पहले निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ऐसा कर चुके हैं. राष्ट्रपति मुर्मू ने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हे बधाई देते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर भारतीय खेलों के इतिहास में एक और सुनहरा पन्ना जोड़ दिया है. बुडापेस्ट में जैवलिन थ्रो के फाइनल में उनका बेहतरीन प्रदर्शन हमारे लाखों युवाओं को प्रेरित करेगा. राष्ट्रपति मुर्मू ने अंतिम आठ में जगह बनाने वाले तीनों जैवलिन थ्रो के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह देश के लिये गर्व की बात है कि तीन भारतीय नीरज चोपड़ा, किशोर जेना और डी पी मनु विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की जैवलिन थ्रो में फाइनल तक पहुंचे और शीर्ष छह में रहे.

## सावन का अंतिम सोमवारी शिवभक्तों पर हुआ पुष्प वर्षा



**एजेंसी**

**वाराणसी:** सावन माह के आखिरी सोमवार पर काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए पहुंचे कांवरियों व श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। मंदिर के अंदर और बाहर कतारबद्ध शिवभक्तों पर शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी और मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा के नेतृत्व में अफसरों और विशिष्ट जनों ने कतारबद्ध शिवभक्तों पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई। बाबा दरबार में भव्य स्वागत, सत्कार से आह्लादित श्रद्धालु हर-हर महादेव के उद्घोष से खुशी जताते रहे। अन्तिम सोमवार पर बाबा के दरबार में भीड़ के बेहतर प्रबंधन के चलते पूर्वाह दस बजे तक तीन लाख 25 हजार श्रद्धालु दर्शन पूजन कर चुके थे। सावन के अन्तिम सोमवार को 06 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। गौरतलब हो कि सावन के पहले सोमवार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हेलीकॉप्टर से शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। पुलिस लाइन हेलीपैड से मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा, पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने उड़ान भरी। हेलीकाप्टर लगभग 15 मिनट तक विश्वनाथ कारिडोर के ऊपर मंडराता रहा और भक्तों पर गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश होती रही। साथ ही गंगा किनारे की गंदगी को साफ किया गया। सफाई में श्रद्धालुओं ने भी हाथ बंटाया।

### देवघर में लाखों श्रद्धालुओं में बाबा बैद्यनाथ पर चढ़ाया जल

इधर झारखंड में श्रावण मास के आठवें और आखिरी सोमवार को भगवान शिव की नगरी में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। जलाभिषेक के लिए कांवड़ तीर्थयात्रियों की कतार बी-एड कॉलेज तक पहुंच गई। सरदारी पूजा संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोले गए। पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हुआ। देवघर बैद्यनाथ धाम के सरदार पंडा ने बताया कि चौथे सोमवार और प्रदोष का सुखद संयोग है। डीसी विशाल सागर ने कहा कि धाम और आसपास के क्षेत्र में हर तरह की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की आठ घंटे की ड्यूटी में परिवर्तन किया गया है। उन्हें आज 12 घंटे ड्यूटी करनी होगी। सभी जगह दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उधर, मंदिर प्रभारी दीपांकर चौधरी ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी फोन व वॉकी टॉकी पर एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है। पार्वती मंदिर और बाह्य अरघा के आसपास सुरक्षाचक्र और मजबूत किया गया है।

## क्विक न्यूज

### धुर्वा पोस्ट ऑफिस में 50 लाख का फर्जीवाड़ा, चार निलंबित

**रांची :** धुर्वा पोस्ट ऑफिस के खाता धारकों से एजेंट ने 50 लाख रुपये उड़ा लिए हैं जिसकी जानकारी होने पर खाता धारकों ने इस मामले में प्रशासन से मदद और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। खाताधारक नागेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी समेत अन्य के अकाउंट से उनके जमा पैसे को किसी ने अवैध तरीके से निकाल लिया। जब इस मामले की शिकायत पोस्टमास्टर को दी गई तो पोस्टमास्टर ने कार्रवाई की बात कही। पोस्टमास्टर ने कहा कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। चार लोगों पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। अकाउंट रिनुअल करने के लिए खाताधारकों ने एजेंट के कहने पर एक हस्ताक्षर किया था। खाताधारकों को शक है कि उसी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर एजेंट और पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी ने उनके खाता से पैसे की निकासी कर ली। पीड़ितों ने बताया कि जो एक मुख्य एजेंट था, जिसने सभी लोगों को इस जालसाज में फंसाया था, उसकी मौत हो चुकी है।

### रांची-जमशेदपुर एक्सप्रेस-वे की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की तारीफ

**रांची :** केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नेशनल हाइवे-33 सड़क को लेकर सोशल मीडिया में तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि जहां पहले रांची से जमशेदपुर जाने में काफी समय लगता था, वह दूरी अब महज दो घंटे में पूरी हो रही है। ऐसा सिर्फ इस एक्सप्रेस-वे के बनने से हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क के किनारे हर ओर हरियाली, पहाड़ और नदियों की भी तस्वीर साझा की और कहा कि एक नया आनंद इस एक्सप्रेस वे से गुजरने पर लोगों को हो रहा है। रांची से जमशेदपुर फोरलेन रोड का निर्माण एक समय में जहां मुमकिन नहीं लग रहा था, वहीं अब इसके पूरी तरह से बन जाने के बाद बिलकुल नये लुक में आ गया है। रांची से जमशेदपुर-महुलिया तक 165 किमी रोड का निर्माण कार्य लगभग दस साल से चल रहा है। शुरुआती समय में जिस एजेंसी मधुकॉन को इसके निर्माण का जिम्मा दिया था, उसने आधा-अधूरा काम करके छोड़ दिया, जिसके कारण सालों तक परियोजना लटकी। केंद्र सरकार ने बाद में इस कंपनी को टर्मिनेट कर दिया। इसके बाद एनएचएआई के जरिये चार पैकेज में इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसमें रांची बाईपास विकास से रामपुर सेक्शन को छोड़कर रामपुर से जमशेदपुर तक पूरी सड़क फोरलेन हो गयी है। वाहन सरपट दौड़ रहे हैं।

### डुमरी उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को जिताएं : मरांडी

**गिरिडीह :** डुमरी विधानसभा के निमियाघाट मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डुमरी में उपचुनाव के लिए पांच सितंबर को वोटिंग होनी है। पार्टी कार्यकर्ता हर हाल में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी की जीत तय करने को कमर कसें। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि साढ़े तीन साल से राज्य में हेमंत सोरेन सरकार ने लूट मचा रखी है। हर विभाग में करप्शन आम बात है। घोषणा पत्र में हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा इस सरकार का था। रोजगार नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात थी। आज तक एक को भी भत्ता नहीं मिला। रोजगार के नाम पर युवाओं को केवल ठगा जा रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति में उन्हें उलझा दिया गया है। ऐसे में डुमरी उप चुनाव के बहाने समूचे राज्य की नजर इधर है। पार्टी कार्यकर्ता मिलकर तय करें कि सरकार की सच्चाई लोगों के सामने आए। यशोदा देवी की जीत तय हो।बाबूलाल ने कहा कि राज्य में चारों ओर लूट मची है। कोयला, पत्थर, बालू, जमीन की लूट में सोरेन परिवार भी शामिल है। महाजनों से लड़ने की बात करने वाला शिबू सोरेन परिवार आज राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन चुका है। अथाह संपत्ति अर्जित कर ली है। यही कारण है कि ईडी या जांच एजेंसियों के पास हिसाब बताने की बजाय पूछताछ से बचने को अदालतों में भागदौड़ हो रही है। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो पूछताछ से क्यों घबरा रहे। महंगे वकीलों की सेवा ले रहे हैं।

**चारा घोटाला : डोरंडा कोषागार से जुड़े मामले में सीबीआई की विशेष अदालत का आया फैसला**

# 52 को तीन साल की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को चारा घोटाले के कांड संख्या (आरसी 48ए/96) डोरंडा कोषागार मामले में फैसला सुना दिया। कोर्ट ने कुल 124 आरोपितों में से 52 को तीन साल तक की सजा सुनाई, जबकि 35 लोगों को रिहा कर दिया। वहीं 37 अन्य को तीन साल से अधिक की सजा सुनाई गई है। चारा घोटाला मामले में जिन 35 आरोपितों को कोर्ट ने रिहा किया है उसमें कई डॉक्टर एवं सप्लायर भी शामिल हैं। कोर्ट ने तीन साल से अधिक सजा पाने वाले आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इन लोगों की सजा पर कोर्ट 1 सितंबर को विस्तृत फैसला सुनाएगा। अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसले के लिए आज का दिन निर्धारित करते हुए सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी वर्ष 1990-91 एवं 1994-95 के दरमियान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी।


**35 लोगों को किया गया बारी:** जिन 35 लोगों को कोर्ट ने इस मामले में बरी कर दिया, उनमें एनुल हक, राजेंद्र पांडेय, राम सेवक साहू, दीनानाथ सहाय, साकेत, हरीश खन्ना, कैलाश मनी कश्यप बरी, बलदेव साहू, सिद्धार्थ कुमार, निर्मला प्रसाद, अनीता कुमारी, एकराम, मो हुसैन, सनाउल हक, सैरु निशा, चंचला सिन्हा, ज्योति कक्कड़, सरस्वती देवी, रामावतार सिन्हा, रीमा बड़ाईक और मधु पाठक के नाम शामिल हैं।

**कोर्ट ने इन्हे दोषी करार दिया:** कोर्ट ने चारा घोटाला मामले में पूर्व विधायक गुलशन लाल आजमानी समेत 50 से अधिक लोगों को दोषी करार दिया. सुनील कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह , जगदीश प्रसाद, नंद किशोर सिंह, राजीव कुमार , नरेश प्रसाद , रविंद्र प्रसाद , रविंद्र कुमार मेहरा , अजय वर्मा, डॉ हीरालाल और डॉ बिनोद कुमार को तीन साल की सजा सुनायी गयी है. इसके अलावा डॉ. केएम प्रसाद, रामा संकर सिंह, अरुण कुमार वर्मा, गौरी प्रसाद, शरद कुमार, अशोक कुमार यादव, राम नंदन सिंह, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह सुरेश दुबे, मदन कुमार पाठक सहित अन्य को दोषी करार दिया.

डोरंडा कोषागार से 36.26 करोड़ की अवैध निकासी से जुड़े मामले में तत्कालीन आपूर्तिकर्ता एवं पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी समेत 125 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे. यह घोटाला साल 1990 से 1995 के बीच हुआ था.

**ट्रायल के दौरान 62 आरोपियों का हो चुका है निधन:** चारा घोटाला मामले में 45 लोक सेवक व 9 महिला आरोपी भी शामिल हैं. ट्रायल के दौरान 62 आरोपियों का निधन हो चुका है. इस केस में 38 लोक सेवक समेत 124 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे. जिनमें 16 महिलाएं भी शामिल हैं. कोर्ट ने सीबीआई द्वारा प्रस्तुत किये गये गवाहों और साक्ष्य के आधार पर 90 आरोपियों को दोषी करार दिया है. जिनकी सजा की बिंदु पर सुनवाई होगी. वहीं कोर्ट ने 35 आरोपियों को बरी कर दिया है.

# पीएम मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित आठवें रोजगार मेला में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दशक में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं जब यह गारंटी देता हूं तो पूरी जिम्मेदारी से निभाता हूं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने हैदराबाद में आयोजित आठवें रोजगार मेला को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल रहा है, वो देश की सेवा के साथ-साथ देश के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए एक तरह से आप इस अमृतकाल के जन और अमृतरक्षक भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार रोजगार मेले का यह आयोजन एक ऐसे माहौल में हो रहा है, जब देश गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। हमारा चंद्रयान और उसका रोवर प्रज्ञान लगातार चंद्रमा से ऐतिहासिक तस्वीरें भेज रहा है। ऐसे समय में आप अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू करने जा रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि सेना में आकर सुरक्षा बलों के साथ जुड़कर, पुलिस सेवा में आकर हर युवा का सपना होता है वो देश की रक्षा का प्रहरी बने। इसलिए आप पर बहुत बड़ा दायित्व होता है। इसलिए आपके जरूरतों के प्रति भी हमारी सरकार बहुत गंभीर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आवेदन से लेकर चयन तक की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा अब 13 स्थानीय भाषाओं में भी करायी जा रही है। इस बदलाव से लाखों युवाओं के लिए रोजगार पाने के अवसर खुल गए हैं।

### विकास की नई ऊंचाई छू रहा यूपी

पीएम मोदी ने कहा कि कभी यूपी विकास के मामले में बहुत पीछे था और अपराध के मामले में बहुत आगे था, लेकिन अब कानून का राज स्थापित होने से यूपी विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने के लिए ये जरूरी है कि देश के हर सेक्टर का विकास हो। फूड से लेकर फार्मा तक, स्पेस से लेकर स्टार्टअप तक, जब हर सेक्टर आगे बढ़ेगा तो अर्थव्यवस्था भी आगे बढ़ेगी।

# सीएम के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने लेह-लद्दाख का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख में कार्यरत झारखण्ड खास कर संताल परगना के संताली आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है। मालूम हो कि राष्ट्र को बेहतर आधारभूत संरचना से आच्छादित करने में झारखण्ड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। इनका योगदान सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। इसलिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर काम पूरा करने में झारखण्ड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने हेतु प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखण्ड के नेतृत्व में 21 अगस्त 2023 को लेह लद्दाख गया था।

*** सीमा सड़क संगठन में कार्यरत झारखण्ड के प्रवासी श्रमिकों का जाना हाल**
*** लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा संताली श्रमिकों का गैर कानूनी रूप से नियोजित करने का मुद्दा उठाया**



**श्रमिकों के लिए हमेशा तत्पर सरकार**

लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है। ताकि श्रमिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखण्ड सरकार ने पहुंचाया। कोरोना संक्रमण काल में भी झारखण्ड के श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखण्ड लेकर आई थी।

**मुख्यमंत्री का मिला है निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा खास कर संताली आदिवासियों को गैर कानूनी रूप से नियोजित करने के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

**प्रवासी श्रमिकों से की मुलाकात**

प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी श्रमिक से मुलाकात की तथा कार्यस्थलों का भी दौरा किया। जहां से झारखण्ड के श्रम विभाग को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था।

### भारत-बांग्लादेश के बीच ढाका में हुई पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता, युद्ध अभ्यास बढ़ाने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता सोमवार को ढाका में की। रक्षा सचिव गिरिधर अरमने 27-28 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने बांग्लादेशी समकक्ष सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वकार उज्जमां के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। भारत और बांग्लादेश के बीच वार्षिक रक्षा वार्ता दोनों देशों के बीच सर्वोच्च संस्थागत वार्ता तंत्र है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पलामू/गढ़वा

रांची, मंगलवार, 29 अगस्त 2023| पेज 2


# उपायुक्त ने पीसी व पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

## सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का नियमित व औचक निरीक्षण करने का दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की.इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकारी ली.इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अपना जांच करवाने हेतु आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी यथा उसका एड्रेस, फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग परीक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। इसके अलावे बैठक में मशीन परिवर्तन व चिकित्सा बदलने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावे बैठक में विभिन्न अल्ट्रासाउंड में नये मशीन का अधिष्ठापन या चिकित्सा बदलने के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ रवि, डॉ अर्चना तिवारी, अधिवक्ता अतुल कुमार सिंहा, डॉ अभय कुमार, स्वर्णलता, समाजसेवी गजेंद्र कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एसपी और डीटीओ के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन और डिटीओ के आदेश पर सोमवार को ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पकड़ कर उसका ऑनलाइन चालान किया गया।मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाना नही छोड़ रहे हैं।लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। जिसके वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। ट्रैफिक प्रभारी ने पकड़े गए सभी वाहन मालिकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता किताब देकर आग्रह किया है कि किताब को पढ़े और ट्रैफिक नियम का पालन करें। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन से अधिक वाहन को पड़कर डीटीओ ऑफिस के कर्मचारियों के सहयोग से मोटरसाइकिल का ऑन द स्पॉट ऑनलाइन चालान किया गया। मौके पर ट्रैफिक पुलिस संतोष कुमार, सहायक पुलिस के जवान अमित कुमार, हरेंद्र कुमार, शीतल कुमार, अंतेश कुमार सहित अन्य सहायक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## मुखिया ने किया सहायक शिक्षकों के साथ बैठक



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तेंदुई की मुखिया उषा देवी ने पंचायत सचिवालय में सहायक शिक्षकों के साथ बैठक की। जिसमें शिक्षकों का चार प्रतिशत वेतन वृद्धि लागू हो उसके लिए दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया। इस बैठक में पंचायत के 18 सहायक शिक्षक उपस्थित थे। मुखिया ने सभी शिक्षकों को हाथ जोड़कर कहां की विद्यालय के कार्य मे लापरवाही नहीं बरते बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को समझें आप सभी इसी क्षेत्र के मूल निवासी हैं शिक्षा के बिना क्षेत्र का विकास कभी नहीं हो सकता है। अगर निरीक्षण के दौरान शिक्षक अपने कार्य के प्रति गैर जिम्मेवार रहते हैं तो उनके ऊपर कारवाई की जाएगी एवं अगला वेतन वृद्धि नहीं दिया जाएगा। मौके पर उप मुखिया विजय राम सहित पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## घर को खाली नहीं छोड़ने की अपील

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे ने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि घर को खाली ना छोड़े। यदि घर बंद कर पूरे परिवार के साथ बाहर जाना जरूरी हो, तो इसकी जानकारी फोन से या आवेदन द्वारा थाना प्रभारी को आवश्यक सूचना दें। ताकि घर की निगरानी की जा सके। इसके लिए थाना प्रभारी ने निजी मोबाइल नंबर 6202789107 व सरकारी नंबर 9431706252 जारी किया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जितनी भी घटनाएं हो रही है। वह खाली घर में ही हो रही है। चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा बाइक व चार पहिया वाहन से लगातार पेट्रोलियम की जा रहीं है।

## अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रधानाध्यापक सह सचिव ने किया पच्चास हजार रुपये की निकासी




**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के क्षेत्र मे हमेशा विधालय के प्रति बैंक के मिलीभगत से अवैध राशि की निकासी का मामला सुर्खियों मे रहता है। ऐसी विधालय है प्रखंड के अति सुदूरवरती क्षेत्र जो प्रखंड मुख्यालय से करीब 15 किमी दूरी पर अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य खरडीहा मे अवैध रूप से राशि की निकासी का मामला प्रकाश मे आया है। यह आरोप विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार भुइयाँ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यलय मे लिखित आवेदन देकर जांच की मांग कर रहे है। उन्होंने ने लिखित आवेदन मे कहा है कि वर्ष 2021 से मै एसएमसी का अध्यक्ष के रूप मे चयन किया गया है और अभी कार्यकाल शेष बचा हुआ है इसके बाजूद भी शिक्षा विभाग केअधिकारी और विधालय के प्रधानाध्यापक के मिलीभगत से बबन यादव के अध्यक्ष और सरिता देवी के संयोजिका के रूप मे चयन कर कर पैसा का निकासी किया जा रहा है। जबकी विधालय मे किसी प्रकार के कोई ग्राम सभा न कोई सूचना किया गया है। इसे प्रतीत होता है विधालय के प्रधानाध्यापिका कुसुम कुमारी और बैंक कर्मी के सहमति से विकास मद की राशि निकल कर लीपापोती करने की मंशा बना हुआ है, और राशि की बंदरबाट करना चाहते है।जबकी अध्यक्ष का कार्यकाल वर्ष 2024 के अक्टूबर मे समाप्त हो रहा है।

# बीडीओ चन्द्र देव प्रसाद ने पंचायतवार पीएम आवास की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड विकास पदाधिकारी पंडवा श्री चन्द्र देव प्रसाद द्वारा पंचायत सचिवालय गाड़ीखास का निरीक्षण एवम मुखिया,पंचायत सचिव रोजगार सेवक , के साथ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक 15 वी वित्त की उपस्थिति में पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई। 2016 से 22 के बीच 06 आवास लंबित है, के लाभुकों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने को कहा गया। 15वें वित आयोग में लंबित राशि का अविलंब खर्च करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग की गई। मनरेगा में पंचायत अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लक्ष्य अविलंब पूरा करने को कहा गया। साथ ही निर्देश दिया गया की बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए अधिकतम किसानों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि सभी पंचायत को 24 कुआं मनरेगा के माध्यम से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत किसानों को लाभ स्वरूप दिया जाना है जिसमें से पंचायत अंतर्गत मात्र 7 ही कुआ लिया गया है बाकी लंबित है। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लक्ष्य अविलंब पूर्ण करें, प्रखंड मुख्यालय में कई लाभुक कुंआ से संबंधित योजना की जानकारी लेने आते हैं और पंचायत द्वारा उसे नही दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुखिया पंचायत सचिव रोजगार सेवक संवेदनशीलता से काम करें। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री मति स्वीटी सिन्हा, प्रखंड प्रधान सहायक बसंत राजू मिंज, प्रखंड समन्वयक 15वी वित अमित कुमार, पंचायत की मुखिया शंकर साव, पंचायत सचिव मनोज कुमार मिश्र, रोजगार सेवक गिरेंद्र मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर चंदन कुमार मेहता एवम अन्य ग्राम पंचायत सदस्य के साथ ग्रामीण भी मौजूद थे।

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के सभागर में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.श्रधांजलि सभा मे दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया.कॉलेज कर्मियों ने स्वर्ज़ चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन भी अर्पित किया.दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार धर दुबे ने कहा कि स्वर्ज़ ललन चौबे प्रखर वक्ता थे। उनका असमय जाना साहित्य जगत को भी झकझोर कर रख दिया है। यहां उल्लेखनीय है कि संत तुलसीदास कॉलेज में सहायक के पद पर कार्यरत अमित चौबे पिंटू भाजपा नेता स्वर्ज़ ललन चौबे के बड़े पुत्र है। श्रधांजलि सभा मे लव शुक्ला, उमेश सिंह, अनिल चौबे, राजीव चौबे, रूपा कुमारी, अनिल शुक्ला, इरफान अहमद, सोनी कुमारी, प्रभाकर सिंह, पंकज चौबे, अंजना कुमारी, पनपती कुंवर, उमेश चौबे, लक्ष्मीकांत शुक्ला शशिकांत कुमार, सुभाष पांडेय छोटू सहित सभी कॉलेज कर्मी शामिल थे। **भाजपा नगर मंडल द्वारा शोक सभा आयोजित :** भाजपा नगर मंडल द्वारा आज विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में शोकसभा आयोजित किया गया। शोकसभा में दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे को नम आंखों के बीच श्रधांजलि अर्पित किया गया। बताते चले कि वरीय भाजपा नेता ललन चौबे का निधन रविवार को हो गया था। स्वर्ज़ चौबे कैंसर रोग से पीड़ित थे। शोकसभा की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम आर्य ने किया। सभा मे स्वर्ज़ ललन चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंस मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री मनीष कुमार, इंद्रजीत पासवान, रजनीश चंद्रवंशी, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, बेबी देवी, महिला महामंत्री अर्चना देवी, देवनारायण सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, अजय केशरी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टेम्पो पलटने से आधा दर्जन घायल



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी-धुरकी मार्ग पर बरडीहा ग्राम के समीप टेम्पो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये. स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलों को एम्बुलेंस (108) से इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के अम्बा खोरेया निवासी राजा सिंह उनकी पत्नी शीला देवी, पुत्री अणु कुमारी, संत कुमार सिंह, उनकी पत्नी अमरावती देवी, पुत्री उर्मिला कुमारी के नाम शामिल है। घटना के सम्बंध में घायल संत कुमार सिंह ने बताया कि वे लोग राजा पहाड़ी शिव मंदिर से दर्शन कर अपने घर अम्बा खोरेया टेम्पो से जा रहे थे, इसी बीच बरडीहा ग्राम के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे हमलोग घायल हो गये।

## शिव पहाड़ी गुफा मंदिर जाने के लिए कांवड़ श्रद्धालुओं का उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** सावन के लास्ट सोमवारी के दिन केतार पंडा नदी से जल उठाकर प्राचीन गुफा शिव पहाड़ी मंदिर जाने के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ा। गौरतलब हो कि भवनाथपुर प्रखंड के चपरी पंचायत के गोडगवा गांव स्थित एक प्राचीन गुफा मंदिर है जहां भगवान शिव का मंदिर स्थापित है। लोग बताते हैं कि यह गुफा बहुत अंदर तक है वहां जाकर लोग पूजा अर्चना करते हैं और अपना मन्नत मांगते हैं। सावन के अंतिम सोमवारी के दिन शिव पहाड़ी गुफा मंदिर समिति के द्वारा कांवड़ यात्रा निकाला गया। यह यात्रा केतार प्रखंड के पंडा एवं ढडरा नदी संगम तट से पूजा अर्चना करने के पश्चात कावरियों के द्वारा जल उठाकर शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में जल चढ़ाया गया। इस बीच जगह जगह पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था किया गया जहा कोल रोड मोड़ के पास केतार मुखिया प्रमोद कुमार के सौजन्य वही भगवान घाट स्थित कमलापुरी परिवार की ओर से जब की केतार मुख्य पथ दुदमनिया घाट स्थित भवनाथपुर जिला परिषद रंजनी शर्मा के द्वारा वही भवनाथपुर कर्पूरी चौक के पास सुनील कपड़ा दुकान के द्वारा जलपान की व्यवस्था कराई गई जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## लाभुक ने मुखिया और वेंडर पर लगाया अवैध रूप से राशि निकालने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखण्ड के खरौंधी पंचायत में मनमानी और अवैध तरीका से पैसा भुगतान का मामला प्रकाश में आया है। खरौंधी पंचायत का लाभुक धर्मेन्द्र शाह पिता दशरथ शाह ने खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें लाभुक ने आवेदन में उल्लेख किया है की मैंने 2021-22 में सिंचाई कूप का निर्माण किया था। जिसमें विवेक जायसवाल ( वेंडर) के द्वारा मेरा कूप का मैटेरियल का पैसा मेरे नाम पे 2 लाख 5 हजार 1 सौ सतासी रुपये का निकासी किया गया है। जिसमें मुझे 1 लाख 45 हजार ही वेंडर के तरफ से दिया गया है जिसका प्रमाण मेरे पास उपलब्ध है। मुखिया पति कृष्णा शाह के द्वारा बोला गया की आपको इससे ज्यादा पैसा नहीं दिया जायेगा। आपको जँहा जाना है जा सकते हैं। **मनरेगा बीपीओ को दिया गया जांच का निर्देश :** खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गणेश महतो ने बताया की लाभुक के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें जाँच के लिए मनरेगा बीपीओ को निर्देश दिया गया है। जाँच के बाद उचित करवाई की जायेगी। **क्या कहा मुखिया पति श्री कृष्णा प्रसाद साव :** श्री साव ने बताया कि लाभुक धर्मेंद्र शाह को मेरे सामने वेंडर विवेक जायसवाल के द्वारा 45000 रुपए कैश और बाकी का पैसा यूपीआई के माध्यम से 145000 दिया है। जिसमें 45000 रुपये कैश दूसरे जगह मैटीरियल का सामान लेने की वजह से दिया गया था।

## सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक व मध्य विद्यालय के बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग के लिये दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक व मध्य विद्यालय के एक एक शिक्षकों को बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग के लिये प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित ऑफ्थालिमक पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने शिक्षकों को बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग से सम्बंधित जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों के नेत्र की स्क्रीनिंग कैसे किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद आगामी एक सितंबर से 21 सितंबर तक विद्यालय स्तर पर बच्चों का नेत्र स्क्रीनिंग का कार्य शिक्षकों द्वारा किया जायेगा। इसके बाद आगामी 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक संकुल स्तर पर विस्तृत जांच किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों का नेत्र स्क्रीनिंग कर दृष्टि दोष वाले बच्चों की सूची तैयार कर उन बच्चों को संकुल स्तरीय जांच के दिन संकुल संसाधन केंद्र पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, एमडीएम सेल के अमित कुमार, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, सुधीर चौबे, नरेन्द्र श्रीवास्तव, निर्मल कुमार, रामानुज कुमार शर्मा, बिनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, संध्या कुमारी, पम्पा साहा, किरण कुमारी, सुजीता कुमारी, प्रवीण कुमार सिन्हा, भीम सिंह, मजीद अंसारी, राम लखन पाल, सुरेन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने 2.1 करोड़ रूपये मूल्य का अवैध 12 हजार लीटर स्प्रिट को किया जब्त

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर रविवार को उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने छतरपुर के कऊल गांव में छापेमारी कर 2.1 करोड़ रूपये की अवैध शराब जब्त की.गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गयी। इस दौरान कुल 12 हज़ार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त किया गया( इस संबंध में मदन विश्वकर्मा नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी की गयी है। **ऐसे हुई कार्रवाई :** उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि छतरपुर के कऊल गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में स्प्रिट से अवैध रूप से शराब बनाने का पता चला.मदन इंजीनियरिंग वर्क्स नामक वेल्डिंग दुकान की आड़ में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था. जिसके बाद छापेमारी कर जब्ती एवं गिरफ्तारी की कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया की टीम में उत्पाद विभाग के एएसआई अनूप प्रकाश, होम गार्ड के जवान व छतरपुर थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## डॉ. प्रकाश परिमल ने पेश किया मानवता की मिशाल

# भीख मांगकर जीवन गुजार रहे एक वृद्ध का किया निःशुल्क ऑपरेशन




**प्रभात मंत्र संवादाता**

**बिश्रामपुर :** कहते है धरती पर ईश्वर का दूसरा रूप डाक्टर होते है.हलांकि कुछ ऐसी बाते भी हो जाती है,जब यह धारणा कमजोर प्रतीत होने लगती है.जिसका कारण व्यवसायिकता के दौर में कही न कही सेवा भाव पर पैसा भारी पड़ा जाता है.मगर इस बीच कुछ चिकित्सक सेवा की ऐसा मिसाल कायम कर देते जिससे डाक्टरों के प्रति पूर्व से स्थापित धारणा और मजबूत हो कर उभरता है। सेवा की कुछ ऐसा ही मिसाल पेश किया है पलामू जिलांतर्गत रेहला के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा प्रकाश परिमल ने. डा प्रकाश के प्रयास से भीख मांग कर अपना जीवन बसर कर रहे जिम्मेदार भुईया को आंख में नयी रौशनी मिली है। बताया जाता है कि गढ़वा जिले के टिकुलिया के जिम्मेदार भुईयां अत्यंत गरीब है.जिम्मेदार का कोई देखभाल करने वाला भी नही है.वह गढ़वा जिला मुख्यालय के रंका मोड़ पर भींख मांगकर अपना जीवन यापन करता है.पिछले पांच साल से वह पुर्णतः अंधा हो गया था। जिसके कारण पिछले पांच वर्षो से वह काफी संकट में था। वह गढ़वा के सरकारी अस्पताल के साथ अन्य निजी चिकित्सकों के पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचा लेकिन किसी ने उस पर रहम नहीं किया। जिम्मेदार बताता है कि गढ़वा सरकारी अस्पताल में जब वह इलाज कराने गया तो वहीं दो लोग आपस में रेहला के प्रकाश आई केयर के बारे में चर्चा कर रहे थे.एक व्यक्ति दूसरे को बता रहा था कि रेहला में आंख का एक अच्छा डाक्टर है उनलोगो की बात सुनकर जिम्मेदार भटकते हुए रेहला प्रकाश आई केयर हास्पिटल में पहुंच गया। अस्पताल परिसर में जब वह पहुंचा तो डाक्टर प्रकाश परिमल के पिता सेवानिवृत डीएसओ शशि नाथ चौबे ने भिखारी जिम्मेदार को कुछ रुपया देना चाहा। लेकिन उसने लेने से इंकार कर दिया.तब श्री चौबे ने आने का कारण पुछा तो उसने बताया कि उसे डाक्टर साहब से आंख दिखाना है। भिखारी जिम्मेदार भुईयां के बारे में जानकारी मिलते ही डाक्टर प्रकाश अपने चैंबर से बाहर आकर भीखारी की हालात देखकर कर उसे अस्पताल कर्मियों से स्नान कराकर खाना खिलाया और उसके बाद उसके आंखों का गहन जांच किया.जांच में जो रिपोर्ट आयी,उसमें डाक्टर प्रकाश को संभावना दिखा की यदि आपरेशन कर दिया जाये तो जिम्मेदार भुइंया की आंखो की रौशनी लौट सकती है। जिसके बाद डाक्टर प्रकाश परिमल ने उसके आंख का आपरेशन कर उसे रोशनी देने काम किया। आपरेशन होने के जब जिम्मेदार भुईयां को दुनिया फिर से दिखाई देने लगा तो उसके खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।

# कानपुर भेजे गए लाखों रुपए का स्क्रैप से भरा ट्रक 4 दिन से लापता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड- उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाका नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार व ऋषिकेश प्रसाद उर्फ़ डब्ल्यू जयसवाल पिता स्व बृजमोहन प्रसाद के बिलासपुर स्थित जय मां दुर्गे ट्रेडर्स नाम का कबाड़ी का दुकान है। उन्होंने अपने कबाड़ी दुकान से लाखों रुपए का स्क्रैप ट्रक पर लोड़ कराकर उत्तर प्रदेश के कानपुर भेजा था, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी यह ट्रक अभी तक कानपुर नहीं पहुँचा। इसके बाद भुक्तभोगी ने नगर ऊंटरी थाने में आवेदन देकर घटना की पूरी जानकारी देते हुए मामले की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के संबंध में भक्तभोगी अभिषेक कुमार उर्फ डब्लू ने बताया कि वे बीते 23/08/23 को सुबह 11:30 बजे अपने कबाड़ी दुकान से उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिला अंतर्गत शिवालिया रोड बरसीहेरी जल निगम सिंहपुर कच्छर कल्याणपुर का रहने वाले ट्रक मालिक सुभाष कुमार पिता ओमप्रकाश के ट्रक संख्या यूपी 78 एच एन 7259 से स्क्रैप लोड कर उत्तर प्रदेश के कानपुर भेजा था, लेकिन वह ट्रक अभी तक कानपुर नहीं पहुंचा। ट्रक में लदा स्क्रैप की कीमत 6 लाख 15 हजार 110 रुपए है। उन्होंने बताया कि चार दिन बीत गए लेकिन ट्रक चालक अभी तक कानपुर नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि कानपुर में भेजे गए दुकानदार के पास से जानकारी लिया पर अभी तक उनके पास कोई मॉल नहीं पहुंचा है। पीड़ित ने चालक का फोन मिलाया तो उसका नंबर बंद जा रहा है वही ट्रक मालिक से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। जिससे मैं काफी परेशान व चिंतित हूं। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए ट्रक की बरामदगी करने व ट्रक मालिक एवं चालक पर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में नगर उंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस हर एंगल से गहनता पूर्वक जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएन सिंह की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**रांची :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाज सेवी स्वर्गीय पीएन सिंह की दसवीं पुण्यतिथि पर रांची के एरोमा प्लेस स्तिथ एम जी रोड में मनाई गई और उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर उनके परिवार के नीरज सिंह सहित राँची के कई प्रबुद्ध लोगों ने उनको याद किया, और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी लोगो ने एक स्वर में स्व पीएन सिंह के जो अधूरे काम झारखंड की जनता और रांची के लिए जो उन्होंने किया वह दूसरा कोई नहीं कर सकता था। जो सपना उन्होने झारखंड के लिए देखा था उस अधूरे काम को पूरा करने का संकल्प भी लिया । इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से राजद के राजेश यादव और कम्युनिस्ट पार्टी के अजय सिंह सहित जेएमएम के जितेंद्र गुप्ता,नागेंद्र चौधरी,सुनील सिंह,नीरज सहित उनके कई करीबी लोग और परिवार के लोग उपस्थित थे।

## जहर पीने के बाद छात्रा ने तोड़ा दम

**रातू ।** रातू थाना अंतर्गत कृषक उच्च विद्यालय गुडू की छात्रा साक्षी कुमारी छह दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर थाना का घेराव किया। साथ ही मुख्य मार्ग भी जाम कर दिया। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण सड़क पर उतरे हुए थे और पुलिस सुरक्षा को लेकर तैनात थी वहीं वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। बता दें कि बीते 23 अगस्त को साक्षी को कटहल मोड़ स्थित रिंची अस्पताल में जहर पीने के बाद भर्ती कराया गया था , जंहा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए वो मौत गई । गौरतलब हो कि साक्षी ने 23 अगस्त की सुबह अपने घर मे आत्म हत्या के उद्देश्य से जहर पी ली थी । परिजनों ने उसके जहर पीने का कारण कृषक उच्च विद्यालय के चार शिक्षकों के ऊपर लगाया था । परिजनों के अनुसार विद्यालय की तीन बच्चियों के साथ चारों शिक्षकों ने मारपीट की थी जिस कारण अपमानित होकर क्लास दशवी की साक्षी ने जहर पी ली थी ।

# पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में शिव भक्तों का लगा तांता

**लोग पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों जल अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सावन के अंतिम और आठवीं सोमवार को सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। पहाड़ी मंदिर के पास बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गूंज रहा है। लोग पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों जल अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं। रांची के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि सावन माह के अंतिम और आठवीं सोमवारी को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है। वहीं दूसरी देवघर के बाबा बैजनाथ धाम, दुमका के बासुकी नाथ धाम, खूंटी के अमरेश्वर धाम सहित अन्य शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है । इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ।सभी मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# डेढ़ करोड़ के साथ दो साइबर ठग गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची।साइबर ठगी के आरोप में जितेंद्र कुमार और हर्षवर्धन को डेढ़ करोड राशि ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले में अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची अंतर्गत साईबर क्राईम थाना काण्ड संख्या 47 / 2023 , 05.07. 2023 धारा 120बी / 386 / 406/ 419 / 420/467/ 468/471 भादवि0 तथा 66 (बी) / 66 (सी) / 66 (डी) आईटी एक्ट के बादी शिल्पी सिंह जिला- राँची तथा काण्ड संख्या 52/2023 19.07.2023 धारा 419 / 420 / 467/468/471 / 120 (बी) भादवि एवं 66 (बी) / 66 (सी) / 66 (डी) आईटी एक्ट के वादी डा0 विनय मिश्रा थाना- लिखित आवेदन के आधार पर काण्ड दर्ज किया गया है। 1-बरियातु जिला-रांची द्वारा दिए काण्ड संख्या 47 / 2023 में बादी को टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया। जिसमें उन्हें यूट्यूब पर विडियो लाईक करके पार्ट टाईम जॉब करने का काम दिया गया। इसके पश्चात उन्हें एक अन्य टेलीग्राम प्रोफाईल से संपर्क कर यूआर एवं पर रजिस्टर कर विडियो लाईक करने का काम दिया गया। उक्त यूआर एल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया। शुरू में झांसा में लेने के लिए इनके खाता में कुछ पैसे डाले गये परंतु बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया। इस तरह से इनके साथ कुल 84,32,100/ रू (चौरासी लाख बत्तीस हजार एक सौ मात्र) का साईबर ठगी कर लिया गया। काण्ड संख्या 52 / 2023 में अज्ञात साईबर अपराधियों द्वारा सीबीआई का कस्टमर केयर बनकर केवाईसी अपडेट करवाने के नाम पर कुल 20,40,368 / रू ( बीस लाख चालीस हजार तीन सौ अरसठ रूपय मात्र) विभिन्न खाताओ में अवैध हस्तांतरण कराते हुए, साईबर ठगी कर ली गई। उक्त दोनो काण्डो में अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए दो साईबर अपराधकर्मियों का गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तः 1. काण्ड संख्या 47 / 2023 में गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र कुमार उम्र लगभग 33 वर्ष, पिता राजकिशोरमंडल, वॉर्ड नं0-06, परहरी, जिला- अररिया (बिहार), पिन नं0- 854318 हर्षवर्धन चौबे, उम्र लगभग 38 वर्ष, पिता- शिवशंकर चौबे, सा0 तरडिहा, थाना- जगदीशपुर, वर्तमान मंदिर टोला, सन्हौला, थाना- सन्हौला जिला- भागलपुर बिहार ।


बरामदगी
1. मोबाईल - 02
2. सिम - 03 3. आधार कार्ड-04
4. पेनकार्ड- 02
5. एटीएम 11 6. वोटर कार्ड।

# जनता के लिए समर्पित है कांग्रेस पार्टी : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के लिए समर्पित है। पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि जनता की समस्याओं का समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाए। जनता ने हम पर विश्वास जताया है तभी जाकर हम लोग सत्ता में है। कांग्रेस पार्टी ने जनता से जो वादा किया था उस वादा को पूरा करने में सफल हो रहे हैं। हमारी सरकार जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर काम कर रही है, जिस से हरेक जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। गुप्ता सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बोल रहे थे।जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आये और मंत्री को आवेदन दे कर अपनी बातों को उनके समक्ष रखा। मंत्री ने बड़े ध्यान पूर्वक सभी लोगों की बातों को सूना और त्वरित कार्रवाई करने के लिए अपने विभाग के संबंधित पदाधिकारियों से बात किया एवं सभी आवेदन के आलोक में अपने निजी सचिव को पत्राचार करने का आदेश दिया।उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में गत 21 अगस्त को कांग्रेस के सभी मंत्रियों के साथ बैठक आहूत की गई थी, जिसमें जन-सुनवाई कार्यक्रम का निर्णय लिया गया, महीने के प्रत्येक सप्ताह सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में एक मंत्री की ओर से जन-सुनवाई सुनी जाएगी।

# जन्माष्मी को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी छह और सात सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। कहीं पर शिशु कृष्ण, लड्डू गोपाल की मूर्ति को छोटी-सी चारपाई पर रख कर कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, तो कही पर मूर्ति को बड़े से खाट पर लिटाया जाएगा और खीरे में चीरा लगा कर ठाकुर जी का जन्म कराया जाएगा। उस दिन भक्त दिन भर उपवास कर रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव मनाएंगे। इसे लेकर कई मंदिरों में दही-हांडी और मटकी फोड़ने का भी आयोजन किया जाएगा। छोटे बच्चे भगवान कृष्ण और राधा की भूमिका में भी नजर आएंगे। कृष्ण जन्माष्मी से चार दिन पहले आयोजन की जानकारी के लिए मटकी टांगी जाएगी। तीन सितंबर को झूला लगाया जाएगा। भक्त दिन भर यहां आकर झूला हिला सकेंगे। छह सितंबर को भजन मंडली द्वारा भजन कीतन किया जाएगा। तीन सितंबर को सुबह लड्डू गोपाल को झूले में बैठा कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। छह सितंबर को विशेष रूप से झूले को सजाया जाएगा। पूजा के बाद चूरी का प्रसाद भक्तों के बीच बांटे जाएंगे। वहीं दुर्गा जागरण मंडली द्वारा भजन कीतन होगा।

# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितम्बर को होगी सुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीन घोटाला के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में अदालत ने विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितम्बर को सुनवाई करेगा। विष्णु अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा के माध्यम 26 अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की थी। याचिका में उन्होंने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अदालत से जमानत याचिका मंजूर करने की गुहार लगायी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाला मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

# पहाड़ी मंदिर में शिवभक्तों के लिए सेवा शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सावन के अंतिम सोमवारी पर जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन ने पहाड़ी मंदिर में सेवा शिविर का आयोजन किया गया ।सेवा शिविर में जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन के महिला एवं पुरुष सदस्य शामिल हुए। पुरुषों के साथ साथ महिला सदस्यों ने बोल बम और हर हर महादेव के जयकारे के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया ।सेवा शिविर में जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन द्वारा भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के बीच दूध का वितरण किया गया ।वहीं भगवान भोलेनाथ की पूजा के बाद लौटने वाले शिवभक्त श्रद्धालुओं को पानी, जूस एवं चाय की सेवा दी गई। बताते चलें कि जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन द्वारा सावन के प्रत्येक सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर परिसर में सेवा शिविर का आयोजन किया जाता हैं। सेवा शिविर में एसोसिएशन के पारस जायसवाल, प्रभात रंजन, रजनीश जायसवाल, तरुण जायसवाल, बीकेपी जायसवाल, पवन जायसवाल, संजीव जायसवाल, कुंदन जायसवाल, राज जायसवाल, उत्तम जायसवाल, सचित जायसवाल, शिम्पी जायसवाल, मिताली जायसवाल, अलका जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# रांची के शिहान सुनील किस्पोट्टा बनाए गये भारतीय कराटे टीम के कोच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** थाईलैंड के बैंकॉक में छह से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक एवं शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये हैं। टीम कोच बनाए जाने पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हांशी भारत शर्मा, कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि रांची जैसे छोटे से शहर से इस चैंपियनशिप के लिए लगातार दूसरी बार भारतीय कराटे टीम का कोच चुना जाना एक गौरवान्वित पल है। जो जिम्मेवारी कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन ने मुझ पर विश्वास कर दिया है, यह एक बड़ा दायित्व है। सुनील ने बताया कि पांच सितंबर की रात को भारतीय कराटे टीम कोलकाता से बैंकॉक के लिए रवाना होगी।शिहान सुनील किस्पोट्टा के भारतीय कराटे टीम का कोच चुने जाने पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के अध्यक्ष सेंसेई अनिल किस्पोट्टा, सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो और राकेश तिर्की पीटर कच्छप आदि ने बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री से मिले राजीव रंजन प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव 2023 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने को लेकर समिति के मुख्य संरक्षक गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 6 सितंबर 2023 को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव भजन संध्या एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को चुनरी ओढ़कर अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर साथ ही साथ आयोजन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य मुख्यमंत्री महोदय ने आयोजन को लेकर अपनी शुभकामनाएं दीं तथा शामिल होने को लेकर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। मौके पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

## ईडी ऑफिस पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय मुन्नम

**रांची :** कांग्रेस नेता संजय मुन्नम सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। इसके बाद उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। देवघर में चर्चित राय बंगला की जमीन खरीद मामले में भी ईडी ने कई लोगों को समन किया है। कांग्रेस नेता संजय मुन्नम सहित कई अन्य लोगों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल सहित अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि बीते 23 अगस्त को ईडी ने संजय मुन्नम, योगेंद्र तिवारी सहित कई अन्य लोगों के कुल 32 ठिकाने पर छपेमारी की थी।

# बैंक कर्मियों के साथ सिटी एसपी व डीएसपी ने की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हाल के दिन में रांची शहर और इसके आसपास बैंक से जुड़े चार बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इन घटनाओं को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने सिटी एसपी एवं विभिन्न थाना क्षेत्र के डीएसपी को निर्देश दिया कि संबंधित थाना क्षेत्र के बैंक कर्मियों के साथ आवश्यक बैठक करें और बैंक में जाकर अनुरक्षण करें , कि और देखें कि क्या-क्या कमियां है , उन कमियों को दूर करें, ताकि चोरी, छिनताई, लूट , डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम नहीं दिया जा सके। इस सब को लेकर पुलिस की टीम विभिन्न बैंकों की निरीक्षण किया और वहां जो कमियां पाई गई, उन कमियों को दूर करने के लिए सिटी एसपी सुभांशु जैन, डीएसपी शहर दीपक कुमार , सदर डीएसपी प्रभात रंजन, हटिया डीएसपी राजा मित्र सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे और सभी बैंककर्मियों को बताया गया के बढ़ते अपराध को कैसे रोका जा सके। खास कर बैंक कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए हैं । जिसमें मुख्य रूप से बैंक के अंदर जो सीसीटीवी कैमरे हैं, सीसीटीवी कैमरे बैंक के बाहर भी लगाया जाए, उसका जो डीवीआर है वह ना सिर्फ बैंक में ही रखें , बल्कि आसपास कहीं सुरक्षित जगहों पर रखें ताकि लूट, छीनताई, डकैती करने वाले डीवीआर लेकर ना भागे। बैंक के अंदर एक रजिस्टर रखें, जिसमें संबंधित थाना एवं डीएसपी निरीक्षण करेंगे और वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे कि वह बैंक का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा बैंक के मुख्य द्वार पर चैन या ऐसा कुछ व्यवस्था करें ताकि अवरोध पैदा हो सके। झोला लेकर पैसा लेने आए तो उसे झोला में पैसा ना दें, बल्कि शोल्डर बैग उपयोग करने के लिए बताएं।

बैंक की जो दो चाबियां होती है वह चाबियां सुरक्षित रखा जाए। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बोला कि करीब 28 बैंकों के बैंककर्मियों को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें कुछ बैंक कर्मी शामिल भी हुए। सभी को दिशा निर्देश दिया गया है। बैंककर्मी भी अपराध जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस की मदद करें।

# छिनतई का खुलासा, 14 आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीते 24 अगस्त को सदर थाना क्षेत्र के भाभा नगर रोड में छिनताई की घटना हुई थी। पांच हजार रुपए की छिनताई को लेकर मामला दर्ज हुआ था। इस घटना का उद्भेदन के लिए पुलिस ने अपराधियों के पीछे पड़ गई और 14 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई। इसमें सन्नी कुमार भी गिरफ्तार हुआ है। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि पांच हजार रुपए छिनताई की घटना का उद्भेदन के लिए ने एक टीम का गठन किया गया। जिसमें पुलिस ने छापामारी करते हुए 6 अपराधियों को लोडेड पिस्टल एवं जिंदा कारतूस , चोरी की मोटरसाइकिल के साथ रंगे हाथ पकड़ा था, जिसमें तीन अपराधी भागने में सफल रहा । वहीं इन लोगों ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है । इसकी निशानदेही पर मोटरसाइकिल, स्कूटी तथा छिनताई का मोबाइल फोन, पैसा बरामद किया है । **गिरफ्तार किए गए अपराध कर्मियोंः** मुख्य रूप से अंबर कुमार , नीरज कुमार , सनी पासवान, शंकर राम, साहिल सिंह, सौरभ कुमार, साबिर कुरेशी, शादाब कुरैशी, पुरोहित कुमार, अमित कुमार ,मनीष कुमार, राजा वर्मा ,सनी कुमार और सूरज गुप्ता शामिल है।



**पुलिस ने बरामद की समानः** एक ऑटोमेटिक पिस्टल मैगजीन में चार जिंदा गोली लोडेड के साथ, एक ऑटोमेटिक पिस्टल, एक देसी कट्टा जिंदा गोली लोडेड के साथ , दो जिंदा कारतूस, .315 बोर का, छिनताई किया हुआ 8 मोबाइल, एक टैब और 3 हजार नगद बरामद किया है।

**जप्त किया गया वाहनः** हीरो स्प्लेंडर जेएच01 917 3, जेएच01 की 0649, ग्लैमर मोटरसाइकिल जेएच01 डीवाई 9930, रॉयल एनफील्ड, पल्सर 125 जेएच01 ईजेड8944 , होंडा जेएच01 सीवाई -795, डीईओडी स्कूटी जेएच03 10471 है।

**छापेमारी दल में 18 पुलिसकर्मीः** मुख्य रूप से सदर थाना के पुलिस उपाधीक्षक प्रभात रंजन, सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, खेलगांव थाना प्रभारी मनोज, बीआईटी प्रभारी सुमित सिंह सहित, विनोद, संजय, रितेश, त्रिपुरारी, महिला पुलिस और निरीक्षक संगीत, सत्येंद्र सिंह, प्रभुवन , संदीप, प्रवीण, संतोष, अनिता, प्रिया सहित खेल गांव थाना सदर एवं बीआईटी मिश्रा ऑफिस के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुंडू थाना क्षेत्र में सोमवार को रांची-टाटा राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गोसाईडीह गांव निवासी विमला देवी ( 35 ) की मौत हो गई। पता चला है कि वह सुबह शौच के लिए गई थीं। लौटने के दौरान वाहन की चपेट में आ गयीं। उपचार के लिए रांची ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क में रखकर सड़क पर यातायात अवरुद्ध कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को 10 हजार रुपये की तत्काल राहत राशि देकर आगे की कार्यवाही के लिए शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। गौरतलब है कि गोसाईडीह पेट्रोल पंप से गोसाईडीह गांव के मुहाने तक बीते पांच वर्षों में दर्जनों लोग सड़क हादसे का शिकार हो चुके हैं। गोसाईडीह गांव के एचपी पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के बाद चालक गलत दिशा में ही वाहनों को चलाते हैं, जिससे सड़क पार करने वाले या सही दिशा में आवाजाही करने वाले लोग हादसे के शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं।

## गिरी म्यूजिक ने मुकेश कुमार के जन्मदिन पर किया संगीत कार्यक्रम



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर, माइकल जॉन ऑडोटोरियम में गिरी म्यूजिक इवेंट द्वारा मुकेश कुमार के जन्म दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार, बंगाल और उड़ीसा से कई कलाकारों ने गीत गाकर लोगों को खूब झुमाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलम शुक्ला और विशिष्ट अतिथि बबलू पंडित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बबलू पंडित ने भी मंच पर चढ़कर लोगों के बीच गाना गया...हम तुम्हें इतना प्यार करेंगे... समझौता गमो से कर लो जैसे गीत गा कर लोगों को खूब झुमाया।

## राज परिवार ने अंतिम सोमवारी को बलरामपुर के बिराजा मंदिर में जल अभिषेक किया



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज अंतिम सोमवारी को लेकर जहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में जल अभिषेक कर भोलेनाथ से प्रार्थना किया। वहीं ईचागढ़ राज परिवार के कल्याण चंद्र सिंह परिवार सहित और अपने सहयोगियों के साथ बलरामपुर के बिराजा मंदिर में जल अभिषेक किया और भोलेनाथ से प्रार्थना किया। इस मौके पर उनके साथ सरस्वती, शुभम सिंह आदि लोग मौजूद थे। सभी ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किया और सुख शांति की कामना की। मौके पर कल्याण चंद्र सिंह में लोगों से पूजा-पाठ धूमधाम से शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

## करीम सिटी कॉलेज मानगो में यातायात सुरक्षा पर कार्यक्रम



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज मानगो कैंपस जमशेदपुर में यातायात सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ एम शारिक सईद ने सभा को संबोधित करते हुए यातायात के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से इन नियमों के पालन करने का अपील की। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी डॉ अनवर अली के अतिरिक्त अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## सोनारी में जनसमस्याओं के निदान को लेकर उपायुक्त पहल करें : सुधीर कुमार पप्पू

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त से पहल करने की मांग अधिवक्ता सह राजद के नेता सुधीर कुमार पप्पू ने की है। उन्होंने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर कहा है कि सोनारी क्षेत्र में समस्याओं के निदान के लिए थाना में परामर्श सह समझौता कमेटी का गठन हो ताकि छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान थाना स्तर पर हो सके। हर थाना क्षेत्र में शांति समिति का पुनर्गठन होना चाहिए और उसमें समाज के बुद्धिजीवी, डॉक्टर, वकील, पत्रकार आदि को भी शामिल करना चाहिए। सोनारी इलाका काफी बड़ा हो गया है और वहां तीन पुलिस टीओपी बनाने की जरूरत है। स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए मोहल्ला क्लीनिक की जरूरत महसूस हो रही है ताकि गरीब लोगों का इलाज नजदीक के क्लीनिक में हो सके। सोनारी मार्केट के दुकानदारों और ग्राहकों के लिए दो शौचालय की जरूरत है। सोनारी क्षेत्र में नशा के खिलाफ अभियान चलाया जाए। लोगों को शादी समारोह या पारिवारिक कार्यक्रम के लिए सभागार की व्यवस्था हो और कम दर पर आवंटन किया जाए। अधिवक्ता ने इस दिशा में उपायुक्त से पहल करने की मांग की है।

## अन्तरविषयीय राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रसंगों को आकृति देने वाली पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजभवन, राँची ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें अन्तरविषयीय राष्टीय सम्मेलन के प्रसंगों को आकृति देने वाली एक पुस्तक का विमोचन हुआ, जिसमें अंत:विषय राष्टीय सम्मेलन विषय %कृषि और ग्रामीण विकास और समग्र आर्थिक विकास में उनका हिस्सा और हिस्सेदारी की कार्यवाही पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया। करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य और सम्मेलन की कार्यवाही के संरक्षक डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने महामहिम से सम्मेलन की कार्यवाही का अनावरण करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि हमारे कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। झारखंड के महामहिम राज्यपाल-सह-कुलाधिपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का अनावरण किया।

राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने कहा कि सम्मेलन की कार्यवाही से शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, कृषकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों और विभिन्न अन्य हितधारकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने ऐसे भविष्य को आकार देने के लिए इन समूहों के बीच सहयोग की संभावना पर प्रकाश डाला जहां कृषि और ग्रामीण विकास पूरे भारत में समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मेलन की कार्यवाही के संपादक और करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मो. मोअज्जम नाज़री ने कहा कि सम्मेलन की कार्यवाही हमें सामूहिक रूप से नवीन विचारों का पता लगाने, अपने अनुभवों को साझा करने और इन क्षेत्रों की क्षमता का दोहन करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के वाणिज्य संकाय द्वारा नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के सहयोग से आयोजित सम्मेलन, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित और नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, झारखंड द्वारा सह-प्रायोजित था। गत 4 और 5 जनवरी 2023 को आयोजित यह सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड राज्य के तत्कालीन राज्यपाल और कुलाधिपति श्री रमेश बैस ने किया था। सम्मेलन में कई वक्ता शामिल हुए, जिनमें नाबार्ड, मुंबई के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक डॉ. के.जे. एस. सत्यसाई (मुख्य वक्ता),नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, झारखंड के महाप्रबंधक श्री गौतम कुमार सिंह, स्वर्गीय सुभाष सेराफिम, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद और डॉ. शाहीन रज़ी, प्रोफेसर एमेरिटस (यूजीसी) शामिल थे। वक्ताओं ने कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया और बारीकी से जांच करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# कोल्हान विवि की लेट लतीफी का खामियाजा उठा रहें यूजी के करीब 6 हजार छात्र

### दूसरे विश्वविधालय का प्रवेश परीक्षा निकालने के बावजूद भी नही ले पा रहें एडमिशन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोल्हान यूनिवर्सिटी के लेट लतीफी का खामियाजा यूजी के करीब 6000 छात्र उठा रहें है। मामला यूजी सत्र 2020-23 का है, जो अभी तक पूरा हो जाना चाहिए। छात्र इस बीच उच्च शिक्षा के लिए दूसरे विश्वविधालय का प्रवेश परीक्षा निकालने के बावजूद भी एडमिशन नही ले पा रहे हैं। करीम सिटी कॉलेज का छात्र हिमांशु कुमार ने बताया कि वह फाइनल ईयर का छात्र है। सत्र 6 महीने विलंब से चल रहा है। जिसकी वजह से बहुत सारे बच्चे दूसरे विश्वविधायला में दाखिला लेने में असमर्थ है। विश्वविधालय के गलती का हर्जाना 6000 से अधिक यूजी के छात्र भुगत रहे है। हम लोगो ने जुलाई में करीब 1000 छात्रों के साथ विरोध प्रदर्शन भी किया था, बाद में प्रभारी कुलपति सह कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार के आश्वासन पर हम लोग प्रदर्शन रोक दिए थे। पर अभी तक कुछ हल नही निकला है। बताया दूसरे विश्वविधालय का प्रवेश परीक्षा निकालने के बावजूद हम लोग एडमिशन नही ले पा रहे है। मै भी खुद प्रवेश परीक्षा निकाला, और जब प्रवेश को लेकर दूसरे विश्वविधालय गया तो कहते है फाइनल रिजल्ट लाओ। यहां तक कि अंडरटेकिंग लेने से इंकार करते हुए बोले आप झारखंड से है तो झारखंड में पढ़ाई कीजिए दूसरे जगह क्यों हाथ पैर मार रहे है। भारत में झारखंड के छात्र की ये छवि हो चुकी है। कहा हमारा उच्च शिक्षा पर कोई अधिकार नही है।

## राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए छऊ गुरु तपन पटनायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सरायकेला के छऊ गुरु तपन कुमार पटनायक को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया. राज्यपाल ने छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में गुरु तपन पटनायक के योगदान की भी सराहना की. रांची में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) और झारखंड राज्य पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया था. इस दौरान बिरसा कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. तपन पटनायक राजकीय छऊ कला केंद्र, सरायकेला के निदेशक रहे है. वह पिछले वर्ष सेवानिवृत हुए है. गुरु तपन पटनायक को पूर्व में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है. कला के प्रति समर्पण और योगदान के कारण गुरु तपन पटनायक को इससे पूर्व कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है. तपन पटनायक न केवल सरायकेला बल्कि खरसावां और मानभूम शैली छाऊ नृत्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.महिलाओं को छऊ नृत्य में शामिल कराने में उनकी बड़ी भूमिका रही है.

# विद्यालय परिसर की सफाई कर कूड़ा जलाते एक छात्र का झुलसा चेहरा



### उपायुक्त ने प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई के दिए निर्देश

खरसावां प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रंगोगोड़ा के छात्र गुरदिप्प महतो के प्लास्टिक जलाने के क्रम मे आँख झुलस जाने की खबर पर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल ने तत्काल संज्ञान लिया। बच्चे के बेहतर इलाज हेतू सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य पर जांचोपरान्त करवाई करने के निर्देश दिए। बच्चे के बेहतर इलाज के लिए पूर्णिमा अस्पताल मे रेफर किया जा रहा है।

उपायुक्त के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दुरईबुरु द्वारा सदर अस्पताल पहुंच बच्चे के परिजन को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत तत्काल रू20000 राशि का लाभ दिया गया।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** खरसावां प्रखंड अंतर्गत बुरूडीह पंचायत के रंगोगोड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के कक्षा छः का एक छात्र अपने साथियों सहित विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर कूड़ो को जलाते हुए आग की लपटों से हल्का झुलस गया। जानकारी अनुसार जलते पॉलिथीन का पिघला अंश उसके बाएं आंख पर गिर गया था। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सरायकेला लाया गया।

खरसावां के प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वसुंधरा दास से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि वे जानकारी मिलते ही सबसे पहले छात्र के ईलाज पर ध्यान दे रही हैं। इस घटना की जानकारी जब मिली वे राजनगर में थीं। सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच कर जख्मी छात्र के संबंध चिकित्सकों से जानकारी ले रही हैं। उसके बाद मामले की जांच करेंगी। इस मामले में विद्यालय के शिक्षकों की लापरवाही मिलने पर उन पर विधिसंगत विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि चिकित्सकों के परामर्श पर जरूरत पड़ी तो बड़े नेत्र अस्पताल में भी जांच हेतु उसे ले जाया जाएगा।

कुछ लोग इस मामले को लेकर विद्यालय के प्रधान अध्यापक सहित शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। इनका कहना है विद्यालय की स्वच्छता हेतु अगर साफ सफाई कराया जाय तो शिक्षक द्वारा छात्रों को गाइड भी किया जाना चाहिए था।

# स्मिकि ने जीता गोल्ड, अंशु को साउथ एशिया योगी श्रेष्ठ अवार्ड

### नेपाल के काठमांडू में साउथ एशिया योगसना चैंपियनशिप सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर में योग को एक नया आयाम देनेवाले व कई अंतर्राष्ठीय अवार्ड जीतनेवाले योग गुरु अंशु सरकार की धर्मपत्नी स्मिकि सरकार ने नेपाल के राजधानी काठमांडू में आयोजित 13वीं साउथ एशिया योगसना चैंपियनशिप की महिला श्रेणी में गोल्ड जीतकर लौहनगरी सहित पूरे झारखंड का मान बढ़ाया. वहीं अंशु सरकार ने भी उसी प्रतियोगिता में %%साउथ एशिया योगी श्रेष्ठ अवार्ड-2023%% प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता पुनः सिद्ध की. उक्त प्रतियोगिता 26 अगस्त, 2023 को योगा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ एशिया और योगा ओ संस्कृति कला केन्द्रम की ओर से आयोजित हुआ. इसमे कुल 364 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमे सरकार दंपति को उक्त सम्मान व अवार्ड प्राप्त हुआ. उन दोनों को आयोजक मंडली के अध्यक्ष योगी महेंद्र भाई भट्टराज व महासचिव डॉ जीत शंकर नाथ ने प्रदान किया. मौके पर नेपाल योगा कॉउंसिल के महासचिव चूड़ामणि खरकी, डॉ लोकनाथ नाथ सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे.

### मोबिल का ट्रकिंग इज हार्ड, चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी अभियान लॉन्च

**जमशेदपुर :** मोबिल ने आज अपना नया अभियान - ट्रकिंग इज हार्ड; चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी, लॉन्च किया। जिसका उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने में मदद करना है। अपने ट्रक की जरूरतों एवं उसकी उम्र के आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लेने में ट्रक ड्राइवरों को पहले स्थान पर रख कर मोबिल उनकी मदद कर रहा है। मोबिल ने इस अभियान के हिस्से के रूप में अपने उत्पादों का नाम बदलने के बाद उत्पाद के लेबल को बहुत सरल बनाया है, आइकन का उपयोग किया है, एवं दावा की भाषा को आसान किया है। मोबिल ने हाल ही में इंजन ऑयल के लिए अपने 50 प्रतिशत पोस्ट-कंज्यूमर रिसाइकिल्ड (पीसीआर) प्लास्टिक पेल के साथ टिकाऊ पैकेजिंग को प्रोत्साहित करने की एक पहल को शुरू किया है।

## परसुडीह में श्याम भक्त मंडल का 15वां वार्षिक महोत्सव आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सावन माह के एकादशी के शुभ अवसर पर परसुडीह हाट बाजार के पास स्थित सोसाइटी कॉलोनी में श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह द्वारा 15वां श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री गणेश वंदना से भजनों का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। महोत्सव में आमंत्रित कलाकार वाराणसी के पुनीत कृष्ण जैतली (पागाल बाबा) समेत स्थानीय भजन गायक बंटी चांगिल, हरजीत सिंह हीरा, सोनु शर्मा ने बाबा श्याम के भजनों का गुणगान कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायकों ने कीर्तन के माही भक्ता संग खाटू वाला नाच रहया..., लागे हैं प्यारा दरबार बाबा का..., मुरली वाले हनुमान..., बाबा के दर पे देर हैं मगर अंधेर नहीं...,आदि भजनों से श्याम भक्तों को भावविभोर कर दिया। बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खूब झूमे। बाबा श्याम के दरबार में रविवार की देर रात दो बजे तक भजनों की अमृतवर्षा होते रही। रविवार और सोमवार के बीच की रात 02.15 बजे श्री खाटू श्याम जी की महाआरती की गई। इसके बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में वृक्षारोपण अभियान आयोजित, छात्रों ने ली रक्षा व पोषण की शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड अपनी सफलता का 20 साल मना रहा है। इस अवसर पर, जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने टाटा स्टील यूआईएसएल के सहयोग से स्कूल परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में कक्षा 6 के 120 छात्र शामिल हुए। कुल 75 अशोक के पेड़ उपहार में दिये गये और विद्यालय में लगाये गये। इस दौरान छात्रों ने बेहतर पर्यावरण के लिए उनकी रक्षा और पोषण करने की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील यूआईएसएल के जीएम संजय कुमार, स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा उपस्थित थे।

## पर्यटन स्थल बनाने को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने किया अधिकारियों संग डुलडुडुंगरी का निरीक्षण



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह पंचायत अंतर्गत रूपसान गांव में स्थित डुलडुडुंगरी को पर्यटन स्थल बनाने को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने बीते दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा था। जिस पर संज्ञान में लेकर राज्य सरकार ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर प्रखंड प्रशासन को रिपोर्ट सौपनें का निर्देश दिया है। सोमवार को विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक और बीडीओ ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए डुलडुडुंगरी के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त किया । डुलडुडूंगरी के बारे में ग्रामीणों से मिली जानकारी को बीडीओ ने पर्यटन स्थल का रिपोर्ट बनाकर जिला प्रशासन के माध्यम से संबंधित विभाग को भेजेंगे। विधायक ने बताया कि डुलडुडूंगरी को पर्यटन स्थल बनाने पर राज्य सरकार के साथ साथ आसपास गांवों के बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार का साधन उपलब्ध होगा। इस दौरान टीएसी सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, बीडीओ नाजिया अफरोज, बीस सूत्री अध्यक्ष श्यामा पद महतो, मुखिया आरती सिंह, रामु कुंभकार, शिव शंकर महतो, विनय मंडल, मंटु महतो, कीस्टो कुंभकार, भगवान सिंह, दिलीप महतो, कृतिवास प्रमाणिक समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पलामू के सांसद बीडी राम पहुंचे घाघीडीह जेल, भाजपा नेता अभय सिंह से की मुलाकात



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में हुए उपद्रव मामले में जमानत मिलने के बाद भी महीनों से जेल में बंद भाजपा नेता अभय सिंह से मुलाकात करने पलामू के सांसद सह झारखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक बिष्णु दयाल राम सोमवार को घाघीडीह केंद्रीय कारा पहुंचे। जहां उन्होंने जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक प्रफुल्ल सिंह समेत कई अन्य नेतागण मुख्यरूप से मौजूद रहे। इस दौरान सांसद बी डी राम ने अभय सिंह से कदमा मामले समेत अन्य मामलों में आरोपी बनाए जाने की विस्तृत जानकारी ली। करीब आधे घंटे चली इस मुलाकात में सांसद बी डी राम ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने अभय सिंह की रिहाई और न्याय दिलाने हेतु हरसंभव मदद करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन भाजपा नेताओं को बेवजह तंग कर रही है। हेमंत सरकार एवं जिला प्रशासन भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से अपराधी की भांति बर्ताव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर जो दुर्दांत अपराधी होते हैं, जिनपर बहुत सारे मुकदमे दर्ज होते हैं। वैसे अपराधियों पर प्रशासन एक साथ रिमांड ना करके बारी-बारी से रिमांड करते हैं। जिससे कि वे अधिक समय तक जेल में बंद रहे। परंतु भाजपा नेताओं के प्रति प्रशासन की ऐसी कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अभय सिंह के मामले में जो मूल केस है उसमें उन्हें उच्च न्यायालय से जमानत दी गई है। परंतु जिला प्रशासन ने एक झूठा मुकदमा दायर करके उन्हें जेल में रहने को बाध्य किया है। सांसद बी डी राम ने कहा कि पार्टी इन सभी बिंदुओं पर गंभीर है। प्रशासन को ऐसे मामलों में निष्पक्षता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द अभय सिंह हम सबों के बीच होंगे।

## 2024 चुनाव की तैयारी को ले कुचाई में कांग्रेसियों ने बैठक कर कसा कमर



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई के आम बगान में सोमवार को कांग्रेस पार्टी के कुचाई प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा के अध्यक्षता पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव की तैयारी के साथ पार्टी की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि बुथ व पंचायत स्तर पर संगठन की विस्तार व मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ही हमें आगे बढ़ना है। ताकि आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि आज देश में शिक्षा स्वास्थ्य कंप्यूटर बिजली, मनरेगा जैसे विभिन्न प्रकार की योजना कांग्रेस पार्टी की देन है। जिसकी सीधा लाभ अंतिम पायदान पर खड़े गरीब मजदूर जैसे लोगों को मिल रहा है। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष फागु मुंडा,सुमित कुमार महतो,राजीव महतो,कुशल समाड,सोनाराम बोदरा, विकास बांकिरा,शंकर बांकिरा,मुन्ना समाड,कृष्णा चंद्र सोय,अमृत हेंब्रम, जगमोहन मुंडा,नामसी सोय,रामचंद्र मुंडा, आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# ब्रिक्स में भारत बनाम चीन

**दक्षिण** अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स देशों का शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें उसके विस्तार का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया और सम्मेलन के इतर भारत के प्रधानमंत्री मोदी तथा चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की हल्की-सी, अनौपचारिक बातचीत हुई। मोदी-शी का शिष्टाचार से हाथ मिलाना और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर संवाद करना राजनयिक तौर पर महत्त्वपूर्ण है। पूर्वी लद्दाख की सीमा पर दोनों देशों के हजारों सैनिक एक लंबे अंतराल से तैनात हैं। यकीनन तनाव और टकराव की मुद्रा में ही होंगे! सैन्य स्तर पर 19वें दौर की बातचीत जारी है। ऐसे में भारत-चीन के शीर्ष नेतृत्व एलएसी के सम्मान की बात करें और सेनाओं की वापसी पर विचार के संकेत दें, तो बेशक तनाव कम हो सकता है, लेकिन ऐसा जमीन पर लागू नहीं किया गया है। चीन बेहद कुटिल और चालाक देश है। वह बार-बार सेनाओं की यथास्थिति की बात करता है। सेनाओं को कुछ पीछे करने की सांकेतिक कवायद भी करता है, लेकिन सैन्य मोर्चे दोनों ओर से सजे और डटे हैं। चीन के विस्तारवादी मंसूबे काम करते रहे हैं। भारत की जमीन पर अतिक्रमण और कब्जे के आरोप भी लगते रहे हैं, लेकिन दोनों देश निर्माण-कार्य करते रहे हैं। दरअसल भारत और चीन की गांठें खुलती क्यों नहीं हैं? चीन ने 1962 की लड़ाई के बाद भारत की करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा किया था। उसकी चर्चा चीन क्यों नहीं करता? तमाम सीमा-विवाद कब खत्म होंगे? चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश को भी अपना इलाका किस आधार पर मानता रहा है? अलग-अलग इलाकों में सैनिकों की हाथापाई और मार-काट तक की नौबत क्यों आती रही है? प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब ब्रिक्स के मंच पर मिले हैं, तो 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान भी मुलाकात हो सकती है। कुछ विरोधाभास और बनाम की स्थिति ब्रिक्स में भी दिखाई दी है। चीन और रूस ब्रिक्स के विस्तार के पक्षधर थे, लेकिन भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका फिलहाल मंथन करना चाहते थे। दुनिया के 22 देशों ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए आवेदन किए थे, लेकिन अंततः 6 देशों-अर्जेन्टीना, इरान, मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया-को ही फिलहाल ब्रिक्स का हिस्सा बनाना तय किया गया है। वे जनवरी 1, 2024 से ब्रिक्स के सदस्य होंगे। चीन पाकिस्तान को ब्रिक्स का सदस्य बनाने में कामयाब नहीं हो पाया। सभी देश उसके मंसूबों को जानते हैं कि चीन ने सुरक्षा परिषद में 'वीटो' का दुरुपयोग कर किस तरह पाकपरस्त आतंकियों को बचाया था। चर्चा यह भी जारी थी कि ब्रिक्स देशों की साझा मुद्रा होनी चाहिए, लेकिन साझा बयान खुलासा करता है कि ब्रिक्स देश अपनी ही राष्ट्रीय मुद्रा में सदस्य देशों के साथ कारोबार कर सकेंगे। दरअसल ब्रिक्स ऐसा वैश्विक मंच बन गया है, जिसकी चर्चा जी-7 देशों के समूह के समानांतर हो रही है, लेकिन भारत और चीन जैसे ताकतवर देशों के बीच विवाद और तनाव बरकरार रहेंगे, तो ब्रिक्स की एकता पर भी सवाल उठते रहेंगे। चीन के अतिक्रमण और कब्जों को लेकर भारत में बड़ी आक्रामक और बेबुनियाद सियासत भी होती रही है। दोनों देशों के शीर्ष नेता मुलाकातें करते हैं और बातचीत भी करते हैं, लेकिन फिर भी चीन भारत का 'दुश्मन देश' करार दिया जाता रहा है। चीन की नीयत और नीति का सवाल है। विवाद सनातन नहीं हैं, कब्जे हैं। एक ओर ब्रिक्स के सदस्य देश इसे विकासशील देशों का वैश्विक मंच बनाना चाहते हैं, जहां वे कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर अपनी आर्थिक चिंताओं और अन्य सरोकारों को संबोधित कर सकें, तो दूसरी तरफ भारत बनाम चीन के हालात और समीकरण हैं, तो फिर ब्रिक्स विश्व-व्यवस्था को बदलने में समर्थ कैसे हो सकेगा? दरअसल भारत में लोकतंत्र है और चीन में तानाशाही-सी है, लिहाजा सोचने और फैसलों को अंजाम देने का बुनियादी फर्क भी है। बहरहाल मोदी-शी हाथ भी मिलाते रहें, शिष्टाचार को भी निभाएं, लेकिन द्विपक्षीय रिश्तों पर भी गंभीरता से विचार करें, तभी ऐसी मुलाकातें सार्थक होंगी। ब्रिक्स भी तभी सफल होगा, जब द्विपक्षीय विवादों को किनारे रख दिया जाएगा।


मोदी-शी का शिष्टाचार से हाथ मिलाना और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर संवाद करना राजनयिक तौर पर महत्त्वपूर्ण है। पूर्वी लद्दाख की सीमा पर दोनों देशों के हजारों सैनिक एक लंबे अंतराल से तैनात हैं। यकीनन तनाव और टकराव की मुद्रा में ही होंगे! सैन्य स्तर पर 19वें दौर की बातचीत जारी है। ऐसे में भारत-चीन के शीर्ष नेतृत्व एलएसी के सम्मान की बात करें और सेनाओं की वापसी पर विचार के संकेत दें, तो बेशक तनाव कम हो सकता है, लेकिन ऐसा जमीन पर लागू नहीं किया गया है। चीन बेहद कुटिल और चालाक देश है। वह बार-बार सेनाओं की यथास्थिति की बात करता है। सेनाओं को कुछ पीछे करने की सांकेतिक कवायद भी करता है, लेकिन सैन्य मोर्चे दोनों ओर से सजे और डटे हैं। चीन के विस्तारवादी मंसूबे काम करते रहे हैं। भारत की जमीन पर अतिक्रमण और कब्जे के आरोप भी लगते रहे हैं, लेकिन दोनों देश निर्माण-कार्य करते रहे हैं। दरअसल भारत और चीन की गांठें खुलती क्यों नहीं हैं? चीन ने 1962 की लड़ाई के बाद भारत की करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा किया था। उसकी चर्चा चीन क्यों नहीं करता? तमाम सीमा-विवाद कब खत्म होंगे? चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश को भी अपना इलाका किस आधार पर मानता रहा है? अलग-अलग इलाकों में सैनिकों की हाथापाई और मार-काट तक की नौबत क्यों आती रही है? प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब ब्रिक्स के मंच पर मिले हैं, तो 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान भी मुलाकात हो सकती है।


### चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे

# चंद्रयान-3 की सफलता 140 करोड़ भारतीयों के जीवन का स्वर्णिम पल बन गयी है

**डॉ. पवन सिंह**

> चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी है। आज कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत है। इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डालर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी क्योंकि यह अरबों डालर की मार्किट है।

**लगभग** 41 दिनों की अद्भुत व अविस्मरणीय यात्रा के बाद, 23 अगस्त 2023 का दिन, 140 करोड़ दिलों की धड़कने और दुनियाभर की नजरें जिस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रही थी। आखिरकार वो पल आ ही गया और जब हमारे चंद्रयान-3 ने चाँद के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग कर विश्वपटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इस शुभ लैंडिंग से पूरा देश उत्साह व ऊर्जा से सराबोर है। हमारे वैज्ञानिकों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का एक ओर मौका दिया है, इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों के अथक परिश्रम को कोटि-कोटि साधुवाद एवं बधाई। अब से चाँद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप स्थापित हो गयी है।

### चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्य

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेकों जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है।

### चंद्रयान-3 की यात्रा आसान नहीं थी

लगभग 615 करोड़ रुपये की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे। इसरो ने पृथ्वी से दूर कई बार चंद्रयान-3 की कक्षाएं बदली थीं। पृथ्वी की अलग-अलग कक्षाओं में परिक्रमा करते हुए एक अगस्त को स्लिंगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ा था। पांच अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। छह अगस्त को पहली बार कक्षा बदली। इसके बाद नौ, चौदह और सोलह अगस्त को कक्षाओं में बदलाव कर यह चंद्रमा के और नजदीक पहुंचा। सत्रह अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग-अलग हो गए और



लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ा। 18 और 19 अगस्त को दो बार डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) के बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल चाँद की सबसे करीबी कक्षा में पंहुचा और इस असंभव लगने वाली चंद्रयान-3 की यात्रा को आख़रिकार हमने चुनौतियों के बावजूद भी पूरा कर लिया। बीच-बीच में कई बार दिलों की धड़कनें तेज भी हुईं और डर भी लगा, लेकिन अंत भला तो सब भला।

### साउथ पोल पर होने के मायने

भारत साउथ पोल पर पहुँचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। साउथ पोल से भारत को ऐसी सब जानकारियां मिल सकती हैं, जो वहां पर जीवन की संभावनाओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं को ओर अधिक गति प्रदान करेगा। साउथ पोल पर पानी की सम्भावना की तलाश का मतलब होगा एक नई जिंदगी। इससे मंगल पर जाने के लिए चंद्रमा पर उतरकर फ्यूल ले सकेंगे। हाइड्रोजन-ऑक्सीजन मिलकर स्वच्छ राकेट फ्यूल बना सकते हैं, इससे पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जा सकता है। साउथ पोल पर कीमती धातुओं के रूप में सोना, प्लेटिनमम, टाइटेनियम और यूरेनियम होने की संभावना है। वहां पर बड़ी मात्रा में नॉन रेडिओएक्टिव हीलियम गैस और इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में काम आने वाली धातुएं भी मिल सकती हैं। चंद्रमा पर बर्फ के अणुओं का अध्ययन, चंद्रमा की सतह से अंतरिक्ष के अध्ययन की संभावना तलाशना, मिट्टी व प्राकृतिक संसाधनों का अध्ययन ऐसी अनेक संभावनाओं का भविष्य में पता चल सकता है।

### स्पेस में बढ़ता भारत का वर्चस्व

स्पेस मार्किट में भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गई है। अंतरिक्ष में भी पूरी दुनिया आज भारत का लोहा मानने लगी है। अब भारत ने स्पेस में अमेरिका सहित कई बड़े देशों का एकाधिकार तोड़ा है। पूरी दुनिया में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविज़न प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं, इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में हैं, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती। ऐसे में चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी है। आज कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत है। इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डालर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी क्योंकि यह अरबों डालर की मार्किट है। कुछ साल पहले तक फ्रांस की एरियन स्पेस कंपनी की मदद से भारत अपने उपग्रह छोड़ता था पर अब वह ग्राहक के बजाय साझीदार की भूमिका में पहुंच गया है। यदि इसी तरह भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे यान अंतरिक्ष यात्रियों को चांद, मंगल या अन्य ग्रहों की सैर करा सकेंगे। इसरो के मून मिशन, मंगल अभियान, स्वदेशी स्पेस शटल की कामयाबी और अब चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो के लिए संभावनाओं के नये दरवाजे खुल जाएंगे, जिससे भारत का निश्चित रूप से स्पेस में वर्चस्व पहले से अधिक बढ़ जाएगा। जिसका इंतजार था, जिसके लिए करोड़ों-करोड़ों लोगों का दिल बेकरार था, वो पल हम सबने देखा और हम सब उसके साक्षी भी बने। यह अनुभव व सफलता 140 करोड़ भारतीयों के जीवन का स्वर्णिम पल रहेगा। सच में चंद्रयान-3 की सफलता ने 2047 के अमृतकाल की शुरुआत बहुत बेहतरीन तरीके से की है और अब प्रत्येक भारतीय का विश्वास पहले से कई गुणा बढ़ गया है, कि भारत अब किसी भी क्षेत्र में रुकने वाला नहीं है। अब सभी दिलों की केवल एक ही धुन है ₹जय भारत, जय-जय भारत₹। एक बार पुनः इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों की अथक मेहनत को सलाम व सभी भारतीयों को बधाई, क्योंकि चांद से मैं भारत बोल रहा हूँ।

# मणिपुर जैसी हिंसा से बचने के उपाय

> ये बदलाव — मंत्रालयों पर बहुमत का नियंत्रण खत्म करना; पंचायतों और स्थानीय सरकारों को वास्तविक स्वतंत्रता देना; राष्ट्रपति और राज्यपालों का सीधे चुनाव करना; कार्यकारी प्राधिकार की जांच करने और सरकारों को धार्मिक गतिविधियों से रोकने के लिए विधायिका के दूसरे सदन का उपयोग — करने से भारत के शासन में काफी सुधार होगा। ये लगभग सभी सुधार संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रचलित राष्ट्रपति प्रणाली की अंतर्निहित विशेषताएं हैं। भारत साहसपूर्वक उस प्रणाली को पूरी तरह से अपना सकता है। तब हम उस विकेंद्रीकृत संरचना जिसकी हमारे संस्थापकों ने कल्पना की थी, साथ ही विधायी और कार्यकारी शक्तियों का आवश्यक पृथक्करण और हमारे वरिष्ठ अधिकारियों के प्रत्यक्ष चुनाव, इन सबका लाभ उठाएंगे...

**मणिपुर** लगातार जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। अपने पिछले कॉलम में मैंने तर्क दिया था कि हमारी संसदीय प्रणाली की बुनियादी खामियों — निरंकुश बहुमत शासन, सांप्रदायिक सरकारें, विधायी और कार्यकारी शक्तियों का संलयन, और जांच और संतुलन की कमी — ने इतने बड़े पैमाने की जातीय हिंसा में योगदान दिया है। यह संवैधानिक खामियां भारत की सरकारों को अत्यधिक सत्तावादी बना देती हैं, जो एक विविध समाज की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी नहीं रह पातीं। हमारे कई संस्थापकों ने इन खामियों को समझा और उनका समाधान सुझाया। वल्लभभाई पटेल, भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी सभी ने बहुसंख्यकवाद की इस समस्या से बचने के लिए भारत की संवैधानिक संरचना के लिए दृष्टिकोण पेश किया। लेकिन अंततः संविधान सभा द्वारा उनके विचारों को नजरअंदाज कर दिया गया। निरंकुश बहुमत शासन के लिए अम्बेडकर का सुझाया समाधान इसकी कार्यकारी शक्ति को सीमित करके इसे नियंत्रित करना था। उन्होंने लिखा, ''ब्रिटिश प्रकार की कार्यपालिका अल्पसंख्यकों के जीवन, स्वतंत्रता और प्रसन्नता के लिए खतरे से भरी होगी।'' उन्होंने एक ऐसी सरकार का आह्वान किया जो ''इस अर्थ में गैर-संसदीय हो कि उसे विधानमंडल के कार्यकाल से पहले हटाया नहीं जा सके।'' वह चाहते थे कि मुख्य कार्यकारी (प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री) और बहुमत से सभी कैबिनेट सदस्यों को पूरे सदन द्वारा चुना जाए और अल्पसंख्यकों के कैबिनेट सदस्यों का चुनाव उनके समुदायों द्वारा किया जाए। जब विधानसभा ने अंबेडकर के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की, तब तक उन्हें संविधान की ड्राफ्टिंग समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया जा चुका था और वे अपने विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रस्तुत नहीं हुए। बहुमत को नियंत्रित करने के लिए पटेल का विचार प्रत्येक राज्य में सीधे निर्वाचित मुख्य कार्यकारी (राज्यपाल) रखना था, जिसके पास कुछ विवेकाधीन शक्तियां भी हों। उनके मॉडल 'प्रांतीय संविधान' को संविधान सभा द्वारा अनुमोदित भी किया गया था। उन्होंने ''एक लोकप्रिय राज्यपाल द्वारा धारण किए जाने वाले पद की गरिमा'' की सराहना की और लिखा कि, ''एक राज्यपाल जो पूरे प्रांत के वयस्क मताधिकार द्वारा चुना गया है, लोकप्रिय मंत्रालय पर काफी प्रभाव डालेगा।'' उनके तर्कों ने संविधान निर्माण में लगे विद्वानों को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि राष्ट्रपति का भी चुनाव सीधे होना चाहिए। उन्होंने पटेल की प्रांतीय और नेहरू की संघ संविधान समितियों की संयुक्त बैठक के दौरान इस आशय का एक प्रस्ताव पारित किया। लेकिन नेहरू ने उनके प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया और बाद में विधानसभा ने पटेल के ढांचे की मंजूरी को पलट दिया। बहुसंख्यकवाद से बचने के लिए महात्मा गांधी का दृष्टिकोण बिलकुल अलग था। वह चाहते थे कि भारत में एक विकेंद्रीकृत संवैधानिक ढांचा हो जिसके मूल में पंचायतें हों, जो अपने जिलों के मामले खुद चलाएं। उनके विचारों को उनके एक सहयोगी और बाद में गुजरात के राज्यपाल श्रीमन नारायण अग्रवाल द्वारा 'स्वतंत्र भारत के गांधीवादी संविधान' (1946) में रेखांकित किया गया था। पुस्तक में शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और प्रशासन में स्थानीय स्तर पर पूर्ण स्वायत्तता के साथ 'विकेंद्रीकृत ग्राम साम्यवाद' का वर्णन किया गया है। गांधीजी ने महाराष्ट्र की रियासत में एक दशक तक ऐसे संविधान का प्रयोग किया था। गांधी ने कहा, ''एक मॉडल राज्य के मेरे सपनों में, सत्ता कुछ हाथों में केंद्रित नहीं होगी। एक केंद्रीकृत सरकार महंगी, निरंकुश, अक्षम, भ्रष्ट, अकसर क्रूर और हमेशा हृदयहीन हो जाती है।'' लेकिन गांधीजी के विचारों को भी संविधान के निर्माण में शामिल नहीं किया गया, जिसे उनकी हत्या के दो साल बाद अपनाया गया था। हमारे संस्थापकों के इन उत्कृष्ट विचारों पर दोबारा गौर करने के अलावा, भारत राज्यसभा का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग भी कर सकता है। हमारी राज्य परिषद, राज्यों का प्रतिनिधित्व करने के बजाय, राजनीतिक दलों की परिषद बन गई है। मैंने पहले भी तर्क दिया है कि इसके सदस्यों को पूरे राज्य द्वारा सीधे चुना जाना चाहिए, और प्रत्येक राज्य को समान प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। इस तरह से बनाया गया सदन बहुसंख्यक कानूनों पर रोक लगाने में अधिक प्रभावी होगा। इसका उपयोग न्यायपालिका की नियुक्तियों और कामकाज की निगरानी के लिए भी किया जा सकता है। और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), और अन्य जांच एजेंसियां, और चुनाव आयोग की निगरानी के लिए भी। क्रूर बहुसंख्यकवाद को समाप्त करने के लिए, देश को सरकारों को धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने से प्रतिबंधित करने की भी आवश्यकता है। यह 'चर्च और राज्य का पृथक्करण' किसी भी विविध लोकतंत्र के लिए मौलिक है। भारत एक धार्मिक परिषद की स्थापना कर सकता है, जिसमें हमारे सभी धर्मों को समान प्रतिनिधित्व और धर्म-आधारित कानूनों में हिस्सेदारी दी जा सकती है।

## देश दुनीया से

# पहाड़ों की पुकार : 'टिकाऊ विकास'

**भारी** बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से आई त्रासदी की भयावह तस्वीरें हम सबने देखीं। भरभरा कर गिरते घर, नदियों की उफनाती हुई धारा में बहती सडक़ें, दुकानें और भवन, व भूस्खलन की तस्वीरों में जिस एक बात की समानता थी वो ये कि प्रकृति कह रही है 'बस अब और नहीं'। इस त्रासदी के चलते हिमाचल प्रदेश में अब तक 300 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। लगभग 10000 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हो चुका है। हजारों लोगों का आशियाना छिन चुका है और हजारों की संख्या में पशुधन को नुकसान हुआ है। लगभग 1400 सडक़ें त्रासदी के चलते प्रभावित हुई हैं। सेब के कारोबार में लगभग 1000 करोड़ का नुकसान हुआ है व अन्य कारोबारों में भी मंदी आई है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी हिमाचल प्रदेश में और बारिश होने की सम्भावना है और सितम्बर के पहले हफ्ते तक ये त्रासदी जारी रह सकती है। सोशल मीडिया की वजह से त्रासदी की जो तस्वीरें आज पूरे देश में पहुंच रही हैं, उसकी आहट हिमाचल प्रदेश को पहले से मिल रही थी। 2020 में जहां हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की 16 घटनाएं हुई थीं, वहीं 2022 में भूस्खलन की 117 घटनाएं हुईं। इस साल भी भूस्खलन की लगभग 100 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान की एक रिपोर्ट के मुताबिक मानसून के दौरान आई त्रासदी की वजह से 2017-22 के बीच में लगभग 1800 मौतें हुईं, 3000 से अधिक मवेशी त्रासदी की भेंट चढ़ गए और लगभग 7500 करोड़ का नुकसान हुआ। मानसून के दौरान दिखने वाली त्रासदी की इन तस्वीरों को मानसून के बाद आने वाली 'विकास' और 'पर्यटन' की तस्वीरें ढक लेंगी। ग्रीन ट्रिब्यूनल, आपदा प्रबंधन, लैंडस्लाइड एटलस ऑफ इंडिया व तमाम संस्थाओं की चेतावनियों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। वन संरक्षण व संवर्धन अधिनियम 2023 ने वनों को नुकसान का रास्ता तैयार कर ही दिया है। ऐसे में अक्टूबर से मई तक के बीच में जब आपके मोबाइल पर पहाड़ों में फोरलेन रोड व सुरंगों की तस्वीरें आएं, जब सोशल मीडिया की रीलों में रिवरसाइड रिजॉर्ट और कई मंजिला इमारतों को सुंदर ढंग से आपको परोसा जाए, जब पहाड़ों पर सरपट कार दौड़ाने और चाय व मैगी की चाहत के चलते आप भी पहाड़ों पर कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन ढूंढ रहे हों, तो सोचिएगा जरूर कि ये जो तथाकथित 'विकास' है, वो कितना टिकाऊ है? जो पर्यटन हम कर रहे हैं, उसमें जिम्मेदारी का बोध कितना है? क्या इन सुंदर पहाड़ों, जिनको हम अपनी तस्वीरों व रीलों में बॉलीवुड के ट्रेंडिंग गानों के साथ डालते हैं, की पीड़ा हम सुन पा रहे हैं? क्या पहाड़ों में विकास के नाम पर जो कुछ हो रहा है वह टिकाऊ है? जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) आज पूरे विश्व की हकीकत बन चुका है। जलवायु परिवर्तन के चलते हिमालय जैसे तरुणाई से भरे पहाड़ों पर मंडराने वाले खतरे भी हमारे सामने हैं। लेकिन क्या इन सुंदर पहाड़ों को बचाने के लिए भविष्य की दृष्टि से टिकाऊ विकास के कदम उठाए जा रहे हैं? विशेषज्ञों ने फोरलेन व निर्माण कार्यों के लिए पहाड़ों को 90 डिग्री पर काटने और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स व सुरंगों के लिए पहाड़ों पर किए जाने वाले ब्लास्ट को लेकर चेतावनियां दी हैं। 25000-50000 की क्षमता वाले शहरों में लाखों की आबादी की बसाहट को लेकर अर्बन प्लानिंग एक्स्पर्ट सतर्क करते आ रहे हैं। आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन व पारिस्थितिकी के क्षेत्र में काम करने वाले कई संस्थानों व विशेषज्ञों ने अपनी रिपोर्टों में भवन निर्माण के 'दिल्ली मॉडल' को हुबहू पहाड़ों के शहरों पर लागू करने को लेकर आगाह किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते बरसात की अनिश्चितता व भयावहता आने वाले दिनों में भी कम नहीं होगी और इस कारण से पहाड़ों पर बिना सोचे-समझे किए जा रहे 'विकास' को त्यागते हुए हमें टिकाऊ विकास का मॉडल अपनाना होगा।


विशेषज्ञों के अनुसार अभी हिमाचल प्रदेश में और बारिश होने की सम्भावना है और सितम्बर के पहले हफ्ते तक ये त्रासदी जारी रह सकती है। सोशल मीडिया की वजह से त्रासदी की जो तस्वीरें आज पूरे देश में पहुंच रही हैं, उसकी आहट हिमाचल प्रदेश को पहले से मिल रही थी। 2020 में जहां हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की 16 घटनाएं हुई थीं, वहीं 2022 में भूस्खलन की 117 घटनाएं हुईं। इस साल भी भूस्खलन की लगभग 100 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान की एक रिपोर्ट के मुताबिक मानसून के दौरान आई त्रासदी की वजह से 2017-22 के बीच में लगभग 1800 मौतें हुईं, 3000 से अधिक मवेशी त्रासदी की भेंट चढ़ गए और लगभग 7500 करोड़ का नुकसान हुआ।


## कुछ अलग


# वर्षों का बोझ

**यह** पिछले कुछ दशकों का बोझ है, जो इमारतों की शक्ल में गिर रहा है। अब तो बर्बादी के आंकड़े भी याददाश्त की सीमा से बाहर होकर डराने लगे हैं। आनी में बहुमंजिला इमारतें जिस तरह गिरीं, उस मंजर की तलाशी में हमने ही सारे गुनाह छुपाए हैं। याद करें पिछले चालीस-पचास सालों में हिमाचल ने विकास के नाम पर कैसी सामाजिक, सरकारी, राजनीतिक व न्यायिक व्यवस्था बनाई। हमारे नेताओं ने ऐसे समाज को प्रोत्साहित किया जिनके लिए प्रदेश केवल दोहन की वस्तु बन गई। सत्तर के दशक में कहने को तो हमने नगर एवं ग्राम योजना कानून बना लिया, लेकिन इसकी आत्मा को मारकर सूली पर टांग दिया। आनी पचास साल पहले ऐसा तो नहीं था। इस दौरान कितने ही चुनाव गुजरे होंगे। विधायकों ने फेरी लगाई होगी और सियासी वादों ने पूरा परिवेश नजरअंदाज किया होगा। जो पानी ऊपर से नीचे बहता रहा था, उसे इमारतों के झुंड ने रोका होगा। कंकरीट के सख्त पहरों ने जल रिसाव को भटकाया होगा। मंजिलें गिनते-गिनते व्यापार ने निर्माण से इतने समझौते कर लिए कि सारी जमीन को विद्रोह करना पड़ा। यह विद्रोह पूरे हिमाचल में जारी है, क्योंकि हमने पानी को रोकने की मशक्कत में यह नहीं सोचा कि पहाड़ की आबरू में यह गुस्ताखी कसूर बन कर सजायाफ्ता होगी एक दिन। और यह दिन देखना पड़ रहा है जब राजधानी शिमला की गिरती हुई इमारतों को थामने के लिए न हाथों में क्षमता है और न ही कायदे कानून की फेहरिस्त में प्रासंगिकता बची है। प्रदेश के हर विधायक को वोट की राजनीति ने इतना डरपोक बना दिया कि पहले वर्षों में बिना योजना के खेतों पर घर उतर आए। नदी-नालों, कूहलों व गहरी खाइयों को रोक कर लोग आबाद हो गए। हमने कल तक जो जमीन बेकार घोषित की थी, उसे अतिक्रमण की शान बना कर पैसे कमाने का जरिया बना दिया। आज विकास के नाम पर प्रदेश में सत्ता, सियासत और समाज मिलकर यह टोह लेता है कि उद्घाटन से पहले परिसर के परिवेश में जमीन की खरीद फरोख्त में हाथ रंग लिए जाएं। प्रदेश के नए खरीददार कौन हैं। क्या सामान्य आदमी यह जुर्रत कर सकता है और क्या जमीन के इस खेल में एक माफिया तंत्र तैयार नहीं हुआ। जाहिर है पिछले दो से तीन दशकों में 'खुला खेल फरुखाबादी' हुआ है और इसी दौरान माफिया के गठबंधन में जमीनें बिकीं और इमारतें बिना किसी योजना कानून के उठती रहीं। अब जो गिर रहा है, उसकी जद में माफिया नहीं, आम लोग, कायदे-कानून व राज्य की विवशताएं हैं। आनी को बदनाम करने वाले चंद लोग व सियासी प्रश्रय रहा होगा, लेकिन इस सदमे की चपेट में हमारी आने वाली पीढियों का भविष्य रहेगा। बहरहाल आशंकाओं के बादल हर जगर विद्यमान हैं, इसलिए बरसात-बाढ़ की राहत में वित्तीय पोषण का हिसाब-किताब एक सीमा तक सही है, लेकिन आइंदा सुधरने के लिए दृष्टि बदलनी पड़ेगी। जो लोग आपदा में सियासी सुझावों के जरिए राजधानी को बदलने तक का फरमान सुना रहे हैं, वे प्रदेश की तकलीफ को नजरअंदाज कर रहे हैं। मसला अगर राजधानी का है, तो उन गांवों की तकदीर का भी है, जहां एक साथ दस हजार के करीब घर मिट गए। पहाड़ की दरार में गांव के गांव समाहित हो गए।

## दृष्टिकोण

# बंदरों के खास उद्गार

**सुबह** बाग में घूमने गया तो देखा वरिष्ठ बंदर आम के वृक्षों पर बैठे सोच रहे हैं कि इस साल इन वृक्षों पर आम नहीं लगे, लेकिन पिछले साल इन दिनों खूब आम खाए। हमने कभी इनसानों की तरह पेड़ नहीं गिने। बंदरों के आसपास इनके बच्चे फुदक रहे हैं। उछलना, कूदना सीख रहे हैं। इनसानी दुनिया के पैंतरों से अभी अनजान हैं। एक बच्चे को भूख लगी तो बोला, यहां खाने के लिए कुछ नहीं है, क्या सामने जो कूड़ा पड़ा है, इसमें से ही ढूंढ कर खाना पडेगा। बंदरू पापा ने उन्हें बताया कि चतुर इनसान ने ही हमारे पुराने आशियाने उजाड़े हैं, इसलिए हमें ताजा कंद, मूल फल की जगह इनका फेंका, जूठा, बासी, सड़ा हुआ हर कुछ खाना पड़ता है। डबलरोटी भी कई दिन बासी होती है, पेट बड़ी मुश्किल से भरता है। कितनी बार सोच चुका हूं कि मर जाऊं। ये तो हमें मारते भी नहीं। इनके यहां एक चीज़ होती है, धर्म, यह सब उसमें अंधे हुए हैं। दूसरा बंदर बच्चा बोला, हां हां, मां बता रही थी कि एक और कुछ होता है, कानून, बताते हैं बड़ी सख्त लेकिन नर्म चीज़ होती है। उसमें हमें मारने की अनुमति होती है, लेकिन...। इनके समाज में होते हैं...वन्यजीव प्रेमी, वो भी हमें मारने नहीं देते, लेकिन हमारे जीने और खाने का प्रबंध करना उनके बस में



नहीं होता। एक शासकीय विभाग होता है, वन विभाग जिसके राजा की आज्ञानुसार हमें पकड़ा जाता है, हमारी नसबंदी करके वहीं छोडऩा होता है जहां से पकड़ा होता है, लेकिन कहीं और ही छोड़ देते हैं। हमारी मां तो हमें चिपका कर घूमती रहती है। इनके यहां ऐसा नहीं होता क्या। छोटी बंदरिया बोली, अरे यह तो अब बच्चे ही पैदा नहीं करना चाहते। एक शिशु बंदर ने पूछा, क्या इनसान भी लड़ते हैं। उसे बुजुर्ग बंदर ने बताया, हम बंदर तो सिर्फ हाथ से लड़ते हैं, कभी कभी दांत भी प्रयोग करते हैं, लेकिन इनके यहां तो बहुत पंगे हैं। यह तो जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्र, राजनीति को भी हथियार बना लेते हैं। ज़्यादा पंगा बढ़ाना हो, तो तलवार, डंडे, बन्दूक, बम और आग भी इस्तेमाल करते हैं। अपने बच्चों को डराते रहते हैं। अच्छा, इनका तो बहुत बुरा हाल है, नया बंदर बोला। बुजुर्ग बंदरी ने कहा, बहुत बिगड़े हुए हैं यह लोग। हम तो बंदर हैं न, तुम चिंता न करो, हम सब बंदर सभी को एक जैसा समझते हैं। आपस में समान व्यवहार करते हैं। सुना करते थे कि इनसान मानवता, सद्व्यवहार, अच्छाई के पैरोकार होते हैं, मगर यह सब देखने में ही ऐसे लगते हैं। वास्तविकता कुछ और है। यह तो जानवरों के नाम पर पकाई योजनाओं का पैसा भी हज़म कर जाते हैं। युवा बानर बोला, इसका मतलब इस दुनिया में भेदभाव, असमानता बहुत है। दूसरा बोला, यहां बहुत बचकर चलना पड़ता है, चौक्कने रहना पड़ता है। इनके डंडे, पत्थर, घुड़कियों को सहना पड़ता है। लम्बी छलांगे लगानी सीखनी पड़ती है। इन्हें डराना सीखना पड़ता है, कभी कभी काटना भी पड़ता है। बंदरु, यहां तो बड़े पंगे हैं, मुझे तो लगा था कि जंगल में रहने का मौक़ा मिलेगा, शुद्ध कंद मूल फल, जल और वायु मिलेगी। छोटी बंदरिया बोली, भूल जा, अब तो दुनिया के जंगल में ही रहना पड़ेगा।

**संक्षिप्त खबरें**

## सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़। सवेरे से ही शिव भक्त पहुंचने लगे थे मंदिर। कई जगह पर निकाली गई जल यात्रा। कड़के की गर्मी के बीच में श्रद्धालुओं का उत्साह रहा चरम पर। बेतला ,पोखरी कलां, केचकी समेत बेतला नेशनल पार्क से सटे कुटमू चौक पर बेतला पंचायत की मुखिया मंजू देवी और मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह संयुक्त रूप से क्लश यात्रा में शामिल होकर जल लेने के लिए संगम तट नदी के लिए कुटमू चौक शिव मंदिर स्थित उपस्थित श्रद्धालुओं को क्लश यात्रा को रवाना करने का काम किया साथ ही प्रखंड क्षेत्र के छेंचा पंचायत में यूथ कांग्रेस के झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार उर्फ पिंटू सहित कई गणमान्य लोगों ने क्लश यात्रा का कार्यक्रम का किया उद्घाटन वहीं शिव मंदिर छेचा में क्लश यात्रा निकाला गया।

# जंगली हाथियों के झुंड ने 5 घरों को किया ध्वस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंग लोइया पंचायत के विशनपुर ग्राम में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए पांच ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की तेरह से सँख्या में पहुंचे हांथीयो के झुंड ने ललन वर्मा, विनोद वर्माविकास प्रजापति, अमित कुमार वर्मा, किशुन वर्मा के घर को ध्वस्त कर दिया एवं घर में रखा हुआ चावल धान, महुआ समेत खाने पीने का सामान चट कर गए। इसके अलावा घर में रखा हुआ कई सामान बर्तन अनाज पलंग बक्सा को तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और मदद का भरोसा दिया। मौके पर बोलते हुए प्रियंका कुमारी ने कहा कि जंगली हाथियों द्वारा लगातार ग्रामीणों के घरों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीड़ित परिवारो के पास सर छुपाने के लिए घर भी नहीं बचा है। ऐसे में वन विभाग तत्काल मदद करें। और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देते हुए खाने पीने का सामग्री उपलब्ध कराए। ज्ञात होगी बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों जंगली हाथियों के झूड ने उत्पात मचा रखा है एक सप्ताह के भीतर 20 से अधिक घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे पीड़ित परिवारों के पास सर छुपाने के लिए जगह भी नहीं बची है। वन विभाग की टीम हाथियों को खदेड़ने के दिशा में कोई सार्थक कदम उठाती भी नहीं दिख रही है। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम में सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा मुरपा ग्राम स्थित शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। जिसमें मुरपा ग्राम के सैकड़ो महिला पुरुष ने भाग लिया। कलश यात्रा में शामिल लोग माथे पर कलश रखकर हहारो नदी पहुंचे और वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नदी का पवित्र जल कलश में भरा और वापस शिव मंदिर पहुंचे ।जहां भगवान शिव पर जलाभिषेक किया गया। कलश यात्रा में शामिल लोग बम बम भोले, हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय का जयकारा लगा रहे थे। इस कलश यात्रा का आयोजन धर्म रक्षक कमेटी के द्वारा किया गया था। मौके पर धर्म रक्षक कमेटी के अध्यक्ष मुखलाल साव, कोषाध्याछ शेखर यादव, सचिव मुकेश यादव, सचिंद्र यादव, मीडिया प्रभारी नागेंद्र यादव, अक्षय यादव सदस्य बंधन साव, कुंदन यादव, ब्रजेश यादव, सुभाष यादव, उमेश साव, धर्मेंद्र प्रजापति, अर्जुन साव, योगेश कुमार साव, राजेश यादव, फुलदेव यादव, संदीप साव, जगदीश साव, विकास यादव ने कलश यात्रा के सफल आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई।

## सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को दिया गया विदाई



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के धनगड्डा पंचायत के पंचायत भवन में सोमवार को विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत में कार्यरत पुर्व पंचायत सचिव थानु साहु को कुंठित मन से सेवा निवृत्त के पश्चात बिदाई किया गया। आप को बताते चलें कि श्री साहु ने 8 जनवरी 2004 ईश को पंचायत सचिव के पद पर अपना योगदान दिया था एवम् 30 जून 2023 को वह सेवा निवृत हो गए। पंचायत सचिव श्री साहू के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन धनगडा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के द्वारा आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह में मुखिया श्री सिंह ने कहा कि थानु साहू मृदुल भाषी एवम् कुशल स्वभाव के व्यक्ति है, इनके द्वारा पंचायत में किया गया कार्य को हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर मुखिया अरविंद कुमार सिंह के साथ-साथ उप मुखिया सुषमा देवी, पंचायत के वार्ड सदस्य भागवत प्रसाद, अभिषेक राज, रूपेश कुमार, मोहम्मद मुस्तफा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जिवन राम, वर्तमान पंचायत सचिव पुनीत कुमार दास, जितेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी ने थानु साहु के कार्य का सराहना किया और इनके स्वस्थ्य जिवन का कामना किया। बिदाई समारोह में मुखिया अरविंद कुमार सिंह के द्वारा थानु साहु को सुटकेश, छाता, टार्च, भागवत गीता, सहित अंग वस्त्र (चादर ) देकर दुखी मन से बिदाई किया गया।

**डीलरों को एफसीआई गोदाम से कम अनाज नहीं दी गयी है**

# लाभुक अपने नजदीकी डीलरों से कम अनाज ना लें : मुखिया सुधीर सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** डीलरों को एफसीआई गोदाम से कम अनाज नहीं दी गयी है। ग्रामीण उपभोगता किसी भी हाल में अपने डीलर से पांच किलो से कम अनाज ना लें जरूत पड़ी तो सम्पर्क करें। यह बातें बन्हे मुखिया सुधीर सिंह ने कहा है। आगे कहा है कि क्षेत्र में कम अनाज देने की अफवाह डीलरों द्वारा फैलाई गयी है जो बिलकुल गलत है। चुकी पूर्व में जिन जिन डीलरों द्वारा मात्रा से अधिक उठाव एफसीआई गोदाम से किया गया था। उन्ही डीलरों को पूरा हिसाब कर अनाज दिया गया है। चुकी वैसे डीलर को कम अनाज दिया गया है जिनको पूर्व में अधिक अनाज ले चुका है। उन्हीं को कम मात्रा में अनाज मिला है। जन वितरण उपभोगताओं को घबड़ाने तथा डरने की कोई बात नहीं है। सभी को पूरा अनाज लेना है। यदि कोई डीलर कम अनाज देता है तो सीधे मुझसे तथा एमओ सिमरिया, एसडीओ सिमरिया, उपायुक्त चतरा को शिकायत करें। डीलरों की मनमानी अब नहीं चलेगी।

## थाना दिवस का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** थाना परिसर में सोमवार को अंचलाधिकारी मो जुल्फेकार अंसारी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जमीन से जुड़े कई मामला आया। बारी बारी से पक्षों की शिकायत को सुना गया। सीओ श्री अंसारी ने उरैली ग्राम के संगीन विवादित जमीनी मामला को सुनवाई करते हुए कहा कि मामला अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष चला गया है। उक्त कार्यालय के आदेश का प्रतीक्षा करें।जो आदेश आयेगा उसी प्रक्रिया के अनुसार कार्य किया जायेगा।उन्होंने दोनो पक्षों को निर्देश दिया की किसी भी हाल में कानून को हाथ में न लें कागजी लड़ाई लड़ें हाथों का प्रयोग किसी भी कीमत पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि दोनो पक्ष जो कागज प्रस्तुत किए हैं उसे जांचोंप्रांत विधिवत करवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि विवादित जमीन को यथावत रहने दिया जाए और शांति बनाए रखने का हर हाल में प्रयास किया जाए। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिस भू खंड को लेकर 107 हुआ उसे यथावत रहने दिया जाए। इस मौके पर एएसआई नंद जी यादव और हल्का कर्मचारी दिनेश चौधरी के अतिरिक्त दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रमुख व मुखिया ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा में प्रमुख कमला देवी व मुखिया मनोज कुमार साहू ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही यह एम्बुलेंस आधुनिक सुविधाओं से लैस है ताकी मरीजों को परेशानी न हो। टेक्नीशियन अमरेंद्र कुमार व प्रवीण कुमार ने बताया की यह एम्बुलेंस में मरीजों के लिए तत्काल सभी जरूरत की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है।वही यह एम्बुलेंस कुन्दा प्रखंड वासियों के लिए वरदान साबित होगी। जिसमें 24×7 सेवा देगी।वही टेक्नीशियन ने यह भी बताया की इस एम्बुलेंस में वातानुकूलित, ऑक्सिजन पोटेबल एवं जम्बू, निमुलाइजर, सक्शन मशीन, पल्स ऑक्सि मीटर, टेम्प्रेचर मशीन, फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध है। इस एम्बुलेंस में 2 टेक्निशियन व 2 चालक 24×7 मौजूद रहेंगे।बतादें की एम्बुलेंस की मांग पिछले कई वर्षों से यहाँ के ग्रामीण मांग कर रहे थे। एम्बुलेंस का सपना हुवा पूरा।वही प्रखंड वासियों ने सरकार व उपायुक्त से एक नियमित चिकित्सक की मांग करते आ रहे हैं। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, समाजसेवी लवकुश कुमार गुप्ता समेत एएनएम, जीएनएम व कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## राजद का पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कसारी पंचायत में पंचायत स्तरीय राजद कार्यकर्ताओं का चुनाव सम्पन्न कर ली गयी है। यह चुनाव प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डू आलम के नेतृत में की गयी है। राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डू आलम ने बताया कि प्रखण्ड के सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता का चुनाव किया जाएगा। जिसमें पंचायत कमिटी बना कर कार्यकर्ताओं को पार्टी की जिम्मेवारी सौपी जाएगी। वहीं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जिम्मेवारी लेते हुए पार्टी के लिए कर्तव्य निष्ठा पूर्वक कार्य करने की बात कही है। मौके पर बीरेंद्र यादव, अख्तर हुसैन, रफीक मियाँ, अनिल गंझू, कयूम अंसारी, इदरीश मियाँ के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंतिम सावन सोमारी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बिरहू चौक से कई पंचायतों के श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्ण मह नैया नदी से जल उठा बिरहू मंदिर में जलाविषेक किया। यह जल सावन के अंतिम सोमवारी पर किया गया। जिसमें इचाक पंचायत, चौपे, बिरहू शिला आदि कई गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बिरहू चौक पर एकत्रित हुआ और यहां से जत्था बना धार्मिक वेशभूषा में मह नैया नदी पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार कर श्रद्धालुओं ने जल लेकर सर पर बिरहू मंदिर में शिवालय में जलाविषेक किया। कुछ श्रद्धालु अपने नजदीकी मंदिर में शिव जी के शिवालय पर जल अर्पित किया। भीड़ में युगल किशोर महतो के अलावे कई श्रद्धालु शिक्षक एवं बुद्धिजीवी शामिल थे।


# असफलता में ही सफलता की कुंजी है : नीरज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृति महोत्सव व विभाग स्तरीय संस्कृति बोध, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक व पत्राचार विषयों के प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ,समिति सदस्य सुधांशु दुबे, मेदिनीनगर प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह, संकुल संयोजक अरविंद कुमार, जपला प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे, बारियातू प्रधानाचार्य जितेंद्र राम, लातेहार रेलवे स्टेशन प्रधानाचार्य राज बल्लभ शर्मा,, भवनाथपुर नगरी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह, जपला उप प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार, केतार प्रधानाचार्य मनोज कुमार, बंशीधर नगर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, हरिहरगंज प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद, विलासपुर प्रधानाचार्य जयंत कुमार सिंह, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।इस अवसर पर विभाग प्रमुख नीरज लाल ने प्रतियोगिता की प्रस्तावना को सबके सामने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। कुल (500भैया / बहनों) ने शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग में भाग लिया। संस्कृति ज्ञान शिशु वर्ग के प्रश्न मंच में प्रथम स्थान पर मेदिनीनगर विद्यालय, द्वितीय स्थान पर जपला व तृतीय स्थान पर भवनाथपुर नगरी टाउनशिप विद्यालय रहा। वैदिक गणित प्रश्न मंच में शिशु वर्ग में प्रथम स्थान पर बिलासपुर, द्वितीय स्थान पर जपला, तृतीय स्थान पर लातेहार बाजार विद्यालय रहा। बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर लातेहार बाजार ,द्वितीय स्थान पर बिलासपुर, तृतीय स्थान पर जपला विद्यालय रहा। विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता शिशु वर्ग में प्रथम स्थान भवनाथपुर टाउनशिप ,द्वितीय स्थान पर लातेहार बाजार व तृतीय स्थान पर मेदिनीनगर विद्यालय रहा। संगणक प्रश्न मंच प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर लातेहार बाजार, द्वितीय स्थान पर जपला व तृतीय स्थान पर भवनाथपुर टाउनशिप विद्यालय रहा। वही अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर भवनाथपुर टाउनशिप, द्वितीय स्थान पर जपला विद्यालय, तृतीय स्थान पर लातेहार विद्यालय रहा।

# ठेला चालक के घर एक दिन बिजली नहीं जली, फिर भी विभाग ने 32 हजार रुपये का थमाया बिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** बिजली विभाग के कारनामा अजीब है। बिना बिजली जलाये हजारों का बिल ठेला चालक गरीब ग्रामीणों को थमा दिया। मामला टंडवा प्रखंड के गाडिलोंग के ठेला चालक आदित्य प्रसाद चौरसिया से जुड़ा है। बिजली विभाग की लापरवाही से इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों की नींद उड़ा दी हैं। पीड़िता ने बताया घर मे चार एलाईडी बल्ब व एक पंखा लगा है। बिजली का कनेक्शन लेकर चलाते हैं। जब बिजली का बिल दस हज़ार प्रत्येक माह आना शुरू हुआ तब परिवार के लोगो की नींद उड़ गई। जिसके बाद बिजली विभाग के चतरा ऑफिस में कई बार शिकायत किया पर किसी ने नहीं सुना। इसके बाद बिजली विभाग के बिल जमा करने को लेकर परेशान करने के बाद बिजली का कनेक्शन कटवा देने के बाद भी 32 हज़ार का बिल थमा दिया है। बिजली विभाग के इस रवैये से ठेला चालक गरीब परिवार काफी परेशान हैं और विभाग के प्रति भारी आक्रोस है। जब उनका बिजली कनेक्शन ही नहीं है तो हजारों रूपये में बिल कैसे आ गया? पीड़िता ठेला चालक आदित्य प्रसाद चौरसिया के द्वारा कई बार चतरा बिजली विभाग के कार्यालय पहुंच कर आपत्ति जताई है पर विभाग ने नही सुना। पीड़िता का कहना है कि बिजली बिल की इतनी भारी-भरकम राशि का भुगतान करना उनके लिए कठिन है। ठेला चला कर गरीब अपना परिवार भरण का पोषण करता हैं।

## हर हर महादेव और बोलबम के उद्घोष के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावण के अंतिम सोमवारी पर छठ घाट शिव मंदिर मोंगर से कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने मोंगर गांव भ्रमण करते हुए औरंगा नदी हरखा पहुंचे जहां पंडित नित्यानंद पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर जलभरी की कार्य संपन्न हुई। जलभरी कर पुनः छठ घाट शिव मंदिर पहुंचे। सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ डीजे के धुन पर भक्तों थिरकते नजर आयें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया रमलीदेवी,पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू कुमार रजक, यजमान रामकुमार सिंह, एवम सुमत देवी, पंडित नित्यानंद पाण्डेय, अजय कुमार प्रसाद वार्ड सदस्य, राधिका पासवान, बुधन भुईयां, मोतीलाल प्रसाद, संजू प्रसाद ईश्वर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# उत्तरप्रदेश के पूर्व डीजीपी पहुंचे चतरा, सर्व समाज में जगाए सामाजिक व राजनीतिक चेतना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिले के साई होटल में जल गुरु मोदी मिशन, गर्मी के दस्तक के पूर्व ही जन आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने ने कहा प्राकृतिक के साथ जिस तरह खेलावाड़ किया जा रहा है आने वाले दिनों भारी जल संकट होने वाला है। जल गुरु मोदी के करोड़ो फॉलोअर्स आज रिटायर आईपीएस महेंद्र मोदी के मॉड्यूल पर कार्य कर रहे हैं। दरअसल, जल गुरु मोदी मिशन के संरक्षक महेंद्र मोदी इन दिनों हजारीबाग में हैं।यहां वे लोगों को बारिश का पानी संरक्षित करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गुजरात में मुख्यमंत्री के पद नरेंद्र मोदी थे तो वे जल गुरु पर कार्य कर रहे थे। तो उन्होंने राज्य में जल संरक्षण का मॉड्यूल लाया। और आज गुजरात का जलस्तर पूरे भारत के विभिन्न राज्यों के जलस्तर से बेहतर है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने पुलिस सेवा में रहते हुए जल संरक्षण के 9 मॉड्यूल यूपी में लाए और इसपर कार्य किया गया। इसमें तालाब मॉडल, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ऊर्जा मुक्त शुद्धि वर्षा जल, महाइंद्र कूप, उन्नत सोख्ता, गड्ढा नाले में सुधार और मॉनसूनी शौचालय में जल संरक्षण मॉडल शामिल हैं। इन सभी मॉडल से 3 महीने वर्षा के जल से लोग अपनी दिनचर्या का काम करते हैं और शेष 5 महीने वर्षा के जल से भूमिगत जलस्तर को रिचार्ज करने का काम किया जाता है। सातों मॉड्यूल का अलग अलग तरीका है।जिससे जल संरक्षण किया जा सकता है। इन सभी मॉड्यूल को जल गुरु मोदी यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है और उससे सीखा जा सकता है। इसी 7 मॉडल का उपयोग भारत के उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान में किया जा रहा है।वर्तमान में इसे झारखंड के चतरा ,हजारीबाग और कोडरमा जिले में जन आंदोलन बनाने की तैयारी की जा रही है। 14 सितंबर को चतरा में एक बैठक कर संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। जिसमे सभी प्रखंड के लोगो से आग्रह किया गया है कि निर्धारित तिथि को अपना बहुमूल्य समय दे कर सहयोग करे। जगह और समय निर्धारित के बाद सभी बंधु को जानकारी दे दिया जाएगा। सजल और समृद्ध झारखंड के निर्माण के लिए वैश्य समाज को आगे बढ़ कर हिस्सा लेना जरूरी है। इस मौके पर हजारीबाग से एव बोकारो से भी मनोज गुप्ता और सीताराम प्रसाद के साथ जिला के प्रतिष्ठित वयवसाई और राजनीतिक दल के नेता जितेंद्र जैन, सुजीत जायसवाल, राजेंद्र साव नवीन साह,संजय अग्रवाल, विकाश केशरी, अमित गुप्ता सतीश गुप्ता बिपिन जायसवाल, राजू साव, राजा कश्यप, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर हुआ कमिटी का विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाट चतरा बजार टांड मे चतुर्मास व्रत सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एंव धर्म सम्मलेन का भव्य आयोजन को लेकर कमिटी का विस्तार किया गया। जहाँ सर्व सम्मती से अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, सचिव उदय कुमार सिंह, उप सचिव तुलसी राणा, कोषाध्यक्ष विजय यादव,उप कोषाध्यक्ष बिशुनदेव गंझु बनाए गए। चतुर्मास व्रत अनुष्ठान मे त्रिड़ंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से जगत गुरु राज गोपाल चार्य स्वामी जी के कृपा पात्र स्वामी मधु सुदन चार्य जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया की चतुर्मास व्रत कार्यक्रम के पश्चात् 21 नवंबर से 27 नवंबर तक चतुर्मास व्रत सह 21 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ एंव धर्म सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा। इस तरह के कार्यक्रम होने से क्षेत्र का कल्याण होता है। मौके पर रिंकू यादव, कुंदन सिंह, प्रभाकर कुमार सिंह बब्लू, संजय मिस्त्री, जय प्रकश सिंह, हिरामन साव, लालदीप यादव, कुलदीप यादव, प्रभु यादव, नरेश उरांव, मनोज सिंह, शत्रुधन राणा, गंगा उरांव सहित कई धर्मवलम्बी मौजूद थे।

## सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया गया। सोमवार को वंदना स्थल पर कल रविवार को विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में संस्कृत विषय में शिशु वर्ग में प्रथम स्थान लाने वाले छात्राओं का नाम 1 निशा कुमारीङ्कक्षा चतुर्थ 2 लक्ष्मी कुमारी- कक्षा पंचम 3 ङ्कआराध्या कुमारीङ्कक्षा पंचम उपयुक्त तीनों बहनों को प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मिला हुआ मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा, मुकेश कुमार, विनय कुमार विश्वकर्मा, प्रीति कुमारी एवं समस्त आचार्य दीदी जी ने संयुक्त रूप से तीनों बहनों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य परिवार उत्साह पूर्वक भाग लिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जलवायु सुरक्षा के लिए प्लास्टिक बंद हो : सुधांशु

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में सोमवार को पर्यावरण मंच (बीएमएस) के द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस व एक देश पेड़ के नाम कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किरण कुमारी ने किया। जबकि संचालन पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक (बीएमएस) के प्रशांत बेलथरिया ने राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के बारे में विस्तार से बताया। कहां कि पीपल का पेड़ हमें दिन में भी ऑक्सीजन देता हैं। चिपको आंदोलन में बलिदान देने वाले प्राकृतिक प्रेमियों को याद किया जाता हैं। वहीं मुख्य वक्ता अरगड्डा जीएम सुधांशु पांडे ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जताते हुए कहां कि पर्यावरण जलवायु संतुलन के लिए हानिकारक गैसें और पेड़ों की रक्षा काफी जरूरी हैं। हमें वर्तमान में प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पर्यावरण की रक्षा पर जोर देना होगा। इसके अलावे पूर्वीशा, दोषी, वैष्णवी कुमारी, अनन्या सिंह, काजल कुमारी, श्रुति कुमारी, पीहू सिंह, जानवी सिंह, मासूम कुमारी, साहिल कुमार, आयुषी कुमारी, शोभा कुमारी, अमम कुमार सिंह, चंद्रिका कुमारी, अंकित कुमार, संजीव कुमार, शुभम पांडे, प्रिया रंजन, नवलेश प्रसाद सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और हमारी सहभागिता पर अपने विचार रखें। धन्यवाद ज्ञापन मदन कुमार ने दिया। प्रथम पुरस्कार वैष्णवी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार श्रुति कुमारी, तृतीय पुरस्कार काजल कुमारी जीएम के हाथों पुरस्कृत हुए। जबकि सभी अन्यों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान जीएम ने विद्यालय कैंपस में पौधारोपण भी किया। मौके पर प्राचार्य कुमार विमलेश, कर्मचारी सुभाष राजभर, आचार्यगण, बीएमएस सदस्य, विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

### छत पर गिरा बरगद का पेड़ मकान हुआ क्षतिग्रस्त भुक्तभोगी ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां चौक के समीप वर्षो पुराना एक बरगद का पेड़ था जिसके कभी भी गिरने की संभावना के अलावा आसपास के घर वालों व राहगीरों के बीच हमेशा खतरे का भय बना रहता था। इस संबंध में भुक्तभोगी मो0 इस्तियाक ने एक आवेदन लिखकर इसकी प्रतिलिपि डीएफओ रामगढ़, डीसी रामगढ़, सीएमओ राँची झारखंड व एनएचआई धनबाद तथा बीडीओ गोला को पत्र प्रेषित कर चुका था लेकिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा मामले पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई अंततः कुदरत की मर्जी से पेड़ स्वतः टूटकर गिर पड़ा जिससे किसी तरह की जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन पेड़ टूटकर मकान पड़ गिरा है जिससे मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। भुक्तभोगी ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### शहरी क्षेत्र के जमीन की रजिस्ट्री की समस्या को लेकर निबंधन पदाधिकारी से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में जिला अवर निबंधन पदाधिकारी मनोजित कुमार से मिलकर शहरी क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने से व्यापारियों एवं आम जनों को हो रही परेशानी के बारे में वार्ता की एवं अनुरोध किया कि इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई करते हुए उचित रास्ता निकालकर निबंध की प्रक्रिया को आरंभ कराया जाए इस पर जिला अवर निबंधन पदाधिकारी ने पदाधिकार ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उनके द्वारा इस संबंध में राज्य सरकार एवं अन्य सभी संबंधित विभागों को पत्राचार कर शहरी क्षेत्र की जमीन का निबंध नहीं होने के बारे में अवगत करा दिया है उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में जैसे ही निर्देश प्राप्त होगा वह शहरी क्षेत्र की जमीन का निबंध प्रारंभ कर देंगे इस संबंध में चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि वह शीघ्र ही राजस्व विभाग के सचिव ,मुख्य सचिव एवं आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे प्रतिनिधि मंडल में पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी उर्फ पाले एवं आजीवन सदस्य झलक देव महतो (अधिवक्ता) उपस्थित थे।

### समाज से तमस को नाश करता है शिव साधना : सुनिता चौधरी

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पावन श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र कैथा स्थित प्राचीन शिव मंदिर कैथा पहुंची रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनिता चौधरी ने भगवान भोलेनाथ की पूजा -अर्चना कर कैथा प्राचीन शिव मंदिर समिति द्वारा आयोजित भक्तिमय जागरण में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। गौरतलब हो कि श्रावन मास की अंतिम सोमवारी के विशेष अवसर पर अहले सुबह सुबह से ही प्राचीन शिव मंदिर कैथा में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि शिव व्यक्ति के अंदर की यात्रा है। भगवान शिव के साधना से मानसिक विकार दूर होते हैं व्यक्ति स्वयं को परमार्थ की भावना से जोड़ता है। भगवान शिव समाज से असत्य और नकारात्मक शक्तियों के नाश के लिए जैसे कंठ में विष धारण करते हैं ठीक उसी प्रकार भगवान शिव की साधना समाज से तमस को नाश करता है और सात्विक शक्तियों का सृजन करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना फलदाई होती है, व्यक्ति के मनोरथ पूर्ण होते हैं। उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र की मगंलकामना की?आयोजन समिति द्वारा आयोजित भक्तिमय जागरण और झांकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति द्वारा खीर महाभोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैथा प्राचीन शिव मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, उपाध्यक्ष रतन राम,डीया महतो,रतनलाल महतो,संदीप महतो,मनोज कु महतो,अमित कुमार दास,नीतीश निराला,अजय आस्था, पंचम महतो,मिंटू पंडित,मीकू मालाकार मिथुन कुमार इत्यादि सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

### अरगड्डा-सिरका में अंतिम सोमवारी पर महादेव के भक्तों ने जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस, समेत गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, हेसला, मनुवा, फुलसराय के शिवालयों पर श्रावण माह की अंतिम सोमवारी में महिला भक्तों की खासा भीड़ देखी गई। भक्तों ने कतार में होकर हर- हर महादेव के नारों के साथ बेलपत्र, फुल, धतूरा शिवलिंग पर दूध, दही, शक्कर, मधु, घी अर्पित कर जलाभिषेक किया। साथ ही अपने परिवार और पूरे क्षेत्र के लिए सालों भर सुख, शांति, खुशहाली, हरियाली की कामना की। सभी ने महादेव, माता पार्वती से अपना आशीर्वाद बरसाने का वरदान मांगा। अंतिम सोमवारी को लेकर भक्तों में खासा उत्साह, उमंग और जोश दिखा। सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं और प्रसाद देकर महादेव की कृपा मिले ऐसी कामना किया। मंदिर समितियो के व्यवस्था भी की गई थी। मौके पर कई भक्तजन उपस्थित थे।

### सांसद जयंत सिन्हा ने भारत के वित्तीय भविष्य पर आयोजित डिबेट में की चर्चा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हम सभी अवगत हैं कि सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा देश के जानेमाने अर्थशास्त्रियों में से एक हैं। उन्हें देश भर के मीडिया चैनल्स और अन्य संस्थान भारत व वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित करते रहते हैं। सांसद जयंत सिन्हा को नई दिल्ली में इंडिया टुडे द्वारा भारत के वित्तीय भविष्य पर आयोजित डिबेट में चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के सांसद अभिषेक मनु सिंघवी के साथ उनकी चर्चा हुई। इस डिबेट का मंच संचालन देश के वरिष्ठ पत्रकार राहुक कँवल ने किया। कांग्रेस के सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने मोदी सरकार पर अर्थव्यवस्था को कमज़ोर बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी, लेकिन एनडीए सरकार में इसकी गति धीमी पड़ गयी है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि भारत ने पिछले 9 वर्षों में अर्थव्यवस्था की दृष्टि से बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है। हम आज विश्व की सबसे मुख्य व मज़बूत अर्थव्यवस्थाओं में हैं।

## अंतिम सोमवारी पर शिव भक्तों के बीच गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने जल, फल व शरबत का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सावन के पवित्र महीना की अंतिम सोमवारी के शुभ अवसर पर चितरपुर ओवरब्रिज के समीप आजसू छात्र संघ चितरपुर द्वारा पदयात्रा निकले कांवर यात्रियों के लिए शिवभक्तों के बीच खाद्य सामग्री दिया गया जिसमें मुख्य रूप से सेव नाशपाती केला तथा अल्पाहार एवं सरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए जिनके द्वारा कांवर यात्रा में शामिल शिव भक्तों के लिए अल्पाहार वितरण कर किया। वही सांसद के पहुंचने पर आजसू छात्र संघ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता शामिल थे इस मौके पर सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी हजारों शिव भक्तों को सावन महीना की शुभकामनाएं यदि तथा के दर्जन श्रद्धालुओं के बीच को भगवा वस्त्र एवं गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिवभक्तों की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना किया ।

## प्रबंधन समिति के एनपीएस नीचे धौड़ा दो दिवसीय प्रशिक्षण में अभिभावकों को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** प्रबंधन समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण बैठक नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा अरगड्डा के प्रांगण में सोमवार से आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सबिता कुमारी ने किया। अवसर पर बताया गया कि बैठक में प्रोजेक्टर वीडियो के माध्यम से प्रबंधन समिति को जागरुक करने, सदस्यों को विद्यालय के कार्य, दायित्वो बच्चों को स्कूल से जोड़ने, नामांकन सुनिश्चित करने, विद्यालय उपस्थित पर जोर देने। साथ ही वीडियो का कौन सा हिस्सा अच्छा लगा, इससे के बारे में भी जानकारी ली गई। इधर प्रबंधन समिति सदस्यों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए बहुत ही अच्छा बतलाया। प्रशिक्षण में सीआरपी आशुतोष कुमार सिन्हा, बीआरपी अमित कुमार घांसी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष शनि गोप उपाध्यक्ष मनीता देवी, संयोजिका नसीमा खातून, सदस्य सपनी देवी, सीता देवी, सलमा परवीन, किरण देवी, रवि राम, अभिभावक रूपा देवी, तारा देवी, कांति देवी, लक्ष्मी देवी, जैनुल निशा, उषा देवी, सानिया देवी, माधुरी देवी, शीला देवी, सलामत परवीन, भानु देवी समेत ग्रामीण, अभिभावक उपस्थित थे।

## रसदा में नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत स्थित रसदा ग्राम में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बी ई ई ओ प्रभाकर कुमार,लबगा पंचायत की मुखिया हेमा कुमारी एवं बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। मंच के माध्यम से तीनों अतिथियों ने क्षेत्र में एक ऐसे प्ले स्कूल की कमी को देखते हुए इस प्ले स्कूल का स्वागत किया तथा बी ई ई ओ प्रभाकर कुमार की तरफ से कुछ दिशा निर्देश देकर विद्यालय के निदेशक आशुतोष चौबे को इसके लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## रजरप्पा मंदिर से पैदल यात्रा कर कांवरियों ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** श्रावण मास के अंतिम सोमवारी पर हजारों शिव भक्तों की उमड़ी भीड़ मध्य रात्रि में ही क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण शहरी- इलाकों से पहुंचे श्रद्धालु और सुबह दामोदर भैरवी संगम स्थल से संकल्प करने के बाद जल उठाया श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न शिबालयों में जलाभिषेक किया गया एवं मनोकामना की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रजरप्पा मंदिर में केसरिया वस्त्र धारण किए हजारों श्रद्धालु पहुंचे जल उठाकर पैदल मार्च करते हुए क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया इस मौके पर रामगढ़ के विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा सभी जल यात्रा में शामिल बोल बम



कावरियो को केसरिया ध्वज लहरा कर मंदिर परिसर से रवाना किया इस मौके पर रजरप्पा मंदिर से लेकर के छतरमांडू के के ग्रामीण इलाकों तक बोल बम कांवरियों के लिए जगह-जगह पर स्टॉल लगाया गया तथा बोल बम कांवरिया के लिए शरबत फल एवं खीर का भी वितरण किया गया रजरप्पा मंदिर न्यास समिति द्वारा नाशपाती केला सेव आदि फल का वितरण किया। स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कांवरियों की सेवा हेतु स्टील लगाकर जल शरबत फल फूल का कावरियों के लिए वितरण किया इस दौरान कुंदरु कला चितरपुर बड़की पोना सुकरीगड़ा,लारी बुध बाजार, भूचूंगडीह बारलौग, छतरमांडू ,मारगमरचा आदि जगहों पर भी शरबत, जल-फल ,खीर आदि प्रसाद स्वरूप खाद्य सामग्री का वितरण किया गया बोल बम कांवरिया की काफी भीड़ उमराने के कारण डीजे साउंड का भी जगह-जगह पर व्यवस्था किया गया था जिसे झूमते नाचते बोल बम का नारा है ओम नमः शिवाय हर हर महादेव आदि भक्तिमय गीतों से पूरा क्षेत्र गूंजती रही।

## जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अन्य जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा विष्णुगढ़ मध्य से जीतकर आए शेख तैयब ने जनसमस्याओं एवं बिजली की सुधार की दिशा में अपेक्षाकृत बेहतर कार्य कर रहे इसी कड़ी में आज सोमवार 28 अगस्त 2023 को विष्णुगढ़ प्रखंड के मड़मो पंचायत अंतर्गत बेलियाटांड में मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बताते है,कि ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से बीते कई दिनों से लोग अंधेरे में रहने को विवश थे,इस बात की जानकारी प्राप्त होते ही जिप सदस्य ने विधुत विभाग के अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। बिजली बहाल होते ही ग्रामवासियों के चेहरे खिल उठे। इस बाबत जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि बिजली नहीं होने से यहाँ के लोग अँधेरे में जीवन व्यतीत करने को विवश थे।बच्चों की पढ़ाई में काफी बाधा उत्पन्न हो रही थी,मोटर भी नहीं चल पा रहा जिससे पटवन में समस्या उत्पन्न हो रही थी।मोबाइल चार्ज करने के लिए लोगों को काफी दूर जाना पड़ता था। मेरे कहने का साफ मतलब है, बिन बिजली सूना जग सारा।

## कटिया पीटीपीएस शनि देव मंदिर निर्माण हेतु हुआ भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्राम कटिया पीटीपीएस मां महाकाली मंदिर के प्रांगण में शनि मंदिर का भूमि पूजन एवं शीलापूजन समाजसेवी निशि पांडे ने 5 ईटा रखकर तथा जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एवं स्थानीय मुखिया सह समिति के सचिव किशोर कुमार महतो समाजसेवी सुजीत कुमार पटेल के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष राधे श्याम अग्रवाल के द्वारा समाजसेवी निशि पांडे को एवं समिति के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी द्वारा एवं जिला पार्षद राजा राम प्रजापति के द्वारा सॉल उड़ा कर सम्मानित किया गया। साथ ही इस भूमि पूजन पर यजमान बनकर बैठे समिति के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल के द्वारा कहा गया कि यहां पर भव्य और सुंदर शनि मंदिर बनेगा आने वाले दिनों में कटिया काली मंदिर पीटीपीएस के प्रांगण को भी सुंदरीकरण किया जाएगा और आने वाला दिनों में मंदिर प्रांगण में एक महायज्ञ भी करवाया जाएगा और शनि मंदिर निर्माण में नीरज कुमार सिंह रोड नंबर 4 के नेतृत्व में 1993 मैट्रिक बैच के लोगों द्वारा आर्थिक मदद किया जाएगा ।

## स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन को लेकर जिले में चल रहे कार्यो की सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री अनिल गुप्ता एवं यूनिसेफ के सहयोगी संस्था के निर्भय कुमार द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की रामगढ़ जिला अंतर्गत 326 गावों में ओडीएफ प्लस रेटिंग हेतु 274 गावों का सामुदायिक कार्य योजना निर्मित करने का कार्य संपन्न कर लिया गया है वहीं शेष 52 गांव के सामुदायिक कार्य योजना निर्मित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में उपायुक्त ने 10 दिनों के अंदर सभी 52 गावों की सामुदायिक कार्य योजना तैयार करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त को जानकारी दी गई की वर्तमान में गावों को ओडीएफ प्लस के तहत रेटिंग दिलाने हेतु कुल 104 गांव को सामुदायिक कार्य योजना के तहत राशि आवंटित की गई है जिनमे 15 गांव में सोकपीट, नाडेप, वर्मी कंपोस्ट, कंपोस्ट पिट, प्लास्टिक कलेक्शन प्वाइंट व भस्मक निर्मित करने का कार्य चल रहा है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को संबंधित गांव के ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के साथ साप्ताहिक रूप से बैठक आयोजित कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं 1 माह के अंदर सभी 104 गांव में सामुदायिक कार्य योजना के तहत ली गई योजनाओं का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने शेष बचे सभी गांव को ओडीएफ प्लस के तहत रेटिंग दिलाने हेतु तत्काल रूप से विभाग से आवंटन मांगने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।जल जीवन मिशन के तहत जिले में चिन्हित कुल 141639 घरों को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल में उपायुक्त को जानकारी दि की अब तक कुल 90885 घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है वही शेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। साथ ही मल्टी विलेज स्कीम के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पतरातू प्रखंड में बारुघुटु मल्टी विलेज स्कीम, ऊरलूंग मल्टी विलेज स्कीम एवं पतरातू सेंसस टाउन मल्टी विलेज स्कीम का कार्य निर्माणाधीन है। इस दौरान उपायुक्त ने 31 अगस्त 2023 तक निश्चित रूप से आरा मल्टी विलेज जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में सिंगल विलेज स्कीम एवं मल्टी विलेज स्कीम के तहत उपलब्ध कराए गए जलापूर्ति कनेक्शन के विस्तृत प्रतिवेदन यथा वर्तमान में गांव वार कितने घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है एवं उनमें कितने जिलापूर्ति कनेक्शन वर्तमान में कार्यरत हैं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## बरही में जनभावना फाउंडेशन के तहत हेल्थ केयर एवं बालिका समृद्धि योजना पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग जिले के बरही गया रोड स्थित ओम पैलेस में जन भावना फाउंडेशन संस्थान के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था का सीएमडी संजय कुमार सिंह, कंट्री हेड विनय कुमार, जोनल हेड सदाशिव लाल वर्मा, हजारीबाग जिला हेड बैजनाथ प्रसाद यादव, कोडरमा जिला हेड तुलसी प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जहां सीएमडी को बुके एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जोनल हेड सदाशिव लाल वर्मा एवं संचालन जिला हेड कोडरमा तुलसी यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित जन भावना फाउंडेशन के पंचायत हेड एवं ब्लॉक हेड को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह ने कहा कि समाज के लिए जनजागरुकता का कार्य करते हुए हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। हेल्थ केयर कार्ड के बारे में बताया गया कि एक व्यक्ति प्रत्येक वर्ष 115 रुपए अपने पंचायत हेड के पास जमा करके जन भावना फाउंडेशन का सदस्य बनकर निशुल्क स्वास्थ्य संबंधित समुचित लाभ पंचायत में जनभावना फाउंडेशन के शिविर के माध्यम से लाभ ले सकते हैं।

## अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए टीबी के 70 नए मरीजों को प्रदान किया तीसरे चरण का पोषण किट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को तीसरे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है, जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण युक्त भोजन करने से यह बीमारी जल्द ठीक हो जाती है। इसलिए पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं।

## प्रेस क्लब चुरचू प्रखंड का चुनाव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड प्रेस क्लब का चुनाव सह सम्मान समारोह सोमवार को सीसीएल ऑफीसर्स क्लब में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ डीएफओ नीतीश कुमार उपस्थित हुए । इसके अलावा चुरचू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। चुरचू प्रेस क्लब के चुनाव सह सम्मान समारोह की शुरुआत सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। उसके बाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा आए हुए अतिथियों डीएफओ रामगढ़, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी चरही,थाना प्रभारी चुरचू, थाना प्रभारी अंगों तथा चुरचू चिकित्सा प्रभारी को सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब चुरचू प्रखंड के चुनाव में बतौर पर्यवेक्षक अधिवक्ता हजारीबाग बार काउंसिल अमित मिश्रा तथा चुनाव अधिकारी पारसनाथ महतो प्राचार्य परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही उपस्थित थे जिनकी देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। प्रेस क्लब चुरचू के अध्यक्ष रणदीप दुबे चुने गए, सचिव विजय दास तथा कोषाध्यक्ष रणजीत सिन्हा को चुना गया। संरक्षक कामाख्या नारायण सिंह महामंत्री आनंद सोरेन इसके अलावा अन्य पदाधिकारीयों में उपकोषाध्यक्ष मो अफजल अंसारी, उपाध्यक्ष अर्जुन टुडू, संजय मुर्मू, मनोज कुमार,सह सचिव मकबूल अंसारी, फ़राज़ करीम, मीडिया प्रभारी साजिद अहमद, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार सिंह,नितेश कुमार माली,रमेश टुडू,सतीश कुमार,को चुना गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का बोकारो स्टील सिटी, झारखण्ड में ग्रैंड ओपनिंग

**बोकारो, झारखण्ड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 27 अगस्त 2023 को ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी बोकारो के फ्रेंचाइज़ी स्टोर का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक बोकारो विधानसभा, श्री बिरंचि नारायण जी थे। ई- मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी के फ्रेंचाइजी होल्डर श्रीमती स्वेता एवं सुमीत कुमार जी ने बताया कि वे श्री बिरंचि नारायण जी के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने अपने कीमती समय का एक अंश हमारे फ्रेंचाइजी स्टोर के उद्घाटन के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस समारोह में शामिल होने वाले सभी लोगों का भी आभार व्यक्त किया।ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी के एक और स्टोर की शुरुआत बोकारो में हुई है, जहां ग्राहकों को सभी दवाइयां और हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए जाएंगे। ई-मेडिक्स स्मार्ट फ़ार्मेसी स्टोर के खुलने की वजह से बोकारो के लोगों में उत्साह है और उनका कहना है की अब सारी दवाइयाँ उनको एक ही स्टोर में उपलब्ध हो जायेंगी।इस समारोह में श्री विकाश कुमार, श्रीमती कंचन, श्री सुनील कुमार, श्रीमती सीमा देवी, श्री जागेश्वर महतो, श्रीमती आशा देवी उपस्थित हुए और इस इनिशिएटिव की प्रशंसा और सराहना की।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, युवाओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर को अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने आयोजित किया।शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। अनवर खान ने कहा की हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन समाज के कल्याणकारी का कार्य करती है। शिविर में रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र बांटे। रक्तदान शिविर के लिए रांची सदर अस्पताल से आई कर्मचारी की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप की जांच कर रक्तदान करवाया। अनवर खान ने कहा की हमने कुरान में पढ़ा है की किसी एक इंसान की जिंदगी बचाई तो उसने पूरी इंसानियत को जिंदगी बचाई। इस आयोजन में नसीम, अनवर, रियाजुद्दीन, काशिफ, रयान, फिरोज, फरहान, आबिद अली इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी ने अपना योगदान दिया जिनमें से मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अमानुल्लाह, निशा, अनूप, निरंजन और डॉक्टर यस विनायक हैं।

## विधायक द्वारा दिए गए ट्रांसफार्मर का पंचायत समिति ने किया उद्घाटन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुण्डू पंचायत के बटुका स्थित तेतरियाटांड़ मे बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रदान किये गये नये ट्रांसफार्मर का पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार ने उदघाटन किया।जानकारी के अनुसार उक्त गावं मे काफी दिनो से ट्रांसफार्मर खराब था,जिसको लेकर पसंस रंजीत कुमार ने विधायक अंबा प्रसाद से समस्या को अवगत कराया था,जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त गांव मे नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।सोमवार को पसंस रंजीत कुमार ने विधिवत नारियल फोड़कर और फीता काटकर नये ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया।इधर गांव मे नये ट्रांसफार्मर मिलने पर स्थानीय ग्रामीणो ने विधायक अंबा प्रसाद के प्रति अभार जताया है।इस मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण मौजुद थे।

## बचरा बंसत विहार में गणेश पूजा को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कॉलोनी मे गणेश पूजा को लेकर कॉलोनी के लोगो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बंसत कुमार और संचालन गांधीराम साहु ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा मे गणेश पूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।सर्वसम्मति से आगामी 19 सितम्बर से 21 सितम्बर तक तीन दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया,साथ ही पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कराने का निर्णय लिया गया।इसके सफल संचालन को लेकर समिति का गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष गांधीराम साहु,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह,सचिव बंसत कुमार,उप सचिव किशुन केवट को बनाया गया।वही कई लोगो को सदस्य बनाया गया।बैठक मे काली दास,बासदेव गंझु, शंकर सतनामी,राजु कुमार, राम कुमार,राज कुमार, देवनारायण,रूपलाल केवट, दुलार चन्द,लखेश्वर लाल, गंगा राम,संतोष दास, जयपाल दास,विजय कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता 2023 सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। अंडर 15 बालक में संत इग्नाइसिस उच्च विद्यालय गुमला ने रेंगारीह उच्च विद्यालय रेंगारीह सिमडेगा को 6-0 गोल से हाराया। अंडर 17 बालक में संत मेरी उच्च विद्यालय, सामटोली सिमडेगा ने अपग्रेडेड +2 हाई स्कूल मुरहू खूंटी को ट्रायब्रेकर में 7-6 से हराया। एवं अंडर 17 बालिका में मुख्य मंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका बरियातू, रांची ने मुख्य मंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा को 4-0 गोल से हरा कर चैम्पियन बनी, तीनों विजेता टीमें नई दिल्ली में राष्ट्रीय नेहरु कप हॉकी प्रतियोगिता 2023 में राज्य का प्रतिनिधत्व करेंगी।विजेता टीमों को मुख्य अतिथि अमन कुमार पुलिस अधीक्षक, खूंटी एवं विशिष्ट अतिथि भोला नाथ सिंह महासचिव, हॉकी इंडिया ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया।विशिष्ट अतिथि मनोहर टोपनो ओलम्पियन, सावित्री पूर्ति पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, झारखण्ड, सुमराय टेटे, ध्यानचन्द अवार्डी हॉकी, झारखण्ड, एवं दीपिका सोरेंग अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने खिलाड़ियों को विक्तिगत पुरुस्कार प्रदान किया।विशिष्ट अतिथि विजय कुमार सिंह महासचिव,आदि थे ।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,सिमडेगा

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/सिमडेगा/05/2023–24

दिनांक–28.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत "पुतरीटोली (MDR-45 के डोलोंगसेरा पर)–टीम्बर मोड़–रामपुर–बोरोसेता –जीतुटोली –बेड़ाईरगी (कोयल नदी) तक पथ (कुल लंबाई 31.80 कि.मी.) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | रूपया 19,46,64,798.00 (उन्नीस करोड़ छियालीस लाख चौसठ हजार सात सौ अट्ठानवे रू0) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह। |
| 4. | बेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.09.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 25.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

➢ नियम की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 305714 Road(23-24).D


## सावन माह की अंतिम सोमवारी को आम्रेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खूंटी :** पावन सावन महीने की अंतिम सोमवारी को आम्रेश्वर धाम में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पडी। शिवालय का पट खुलते ही धाम परिसर हर-हर महादेव एवं बोल बम के जयघोष से गुंज उठा। प्रबंधन समिति,आम्रेश्वर धाम के सौजन्य के अनुसार आज लगभग 1,25,000 श्रद्धालुओं ने आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक किया। 300 श्रद्धालुओं द्वारा शीघ्र दर्शनम् के तहत भोले शंकर का जलाभिषेक किया।जलाभिषेक के लिए धाम परिसर में देर रात से ही महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग लंबी कतार लग गई थी, जो मंदिर का पट खुलने की प्रतिक्षा में खड़े थे। अहले सुबह मंदिर का पट खुलते ही आम्रेश्वर धाम परसिर बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष से गुंजयमान हो उठा। आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए मुख्य पथ सहित संपर्क मार्गो से होकर श्रद्धालुओं का जत्था पैदल एवं वाहनों में सवार होकर बनई नदी के तट पर पहुंचा। नदी का जल लेकर श्रद्धालु लगभग चार किलो मीटर पैदल आम्रेश्वर धाम पहुंचे और भोले शंकर का जलार्पण किया। साथ ही धाम परिसर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की।बनई नदी से लेकर धाम परिसर व इसके आसपास विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं लाईट की व्यवस्था गई है।

## सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल प्रतियोगिता में फुटबॉल क्लब कासिरा 01 गोल की बढ़त बनाकर विजयी रही

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कर्रा :** खूंटी जिला पुलिस प्रशासन एवं कर्रा थाना के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को हाई स्कूल मैदान कर्रा पर सामुदायिक पुलिसिंग के अन्तर्गत दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच फुटबॉल क्लब कासिरा बनाम् फुटबॉल क्लब डुमारी के बीच खेला गया. जिसमें पेनाल्टी सूट ऑउट में फुटबॉल क्लब कासिरा 02-01 गोल की बढ़त बनाकर विजयी रही. आयोजक सामुदायिक पुलिसिंग के तरफ से विजेता फुटबॉल क्लब कासिरा एवं उपविजेता फुटबॉल क्लब डुमारी को मेडल शिल्ड व जर्सी देकर सम्मानित किया गया. फुटबॉल प्रतियोगिता पर कुल 26 टीम ने भाग लिया. जिसका फाईनल मैच में फुटबॉल क्लब कासिरा एक गोल से विजयी रही. प्रतियोगिता को सफल बनाने में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एस आई संदीप कुमार, समाजसेवी नगेन्द्र सिंह, केदार प्रसाद, परवेज खान, शिव कुमार लाल, करनो बड़ाइक, मुखिया मंजुला उरांव, मुखिया ज्योति मिंज, मुखिया रश्मि लकड़ा, मुखिया अनुप कुजूर, विष्णु सोनी, भूपाल बड़ाइक, लल्ला कुमार, धनीराम लोहरा, अनूप लकड़ा, अर्श खान, शेख एजाज, मंगतराम मांझी, दुर्गा बड़ाईक, जितेन्द्र पासवान, शाहिल खान, चाहत खान, सुल्तान मालिक के अलावे अन्य लोगों का मुख्य योगदान रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में रक्षाबंधन महोत्सव पर कई प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को रक्षाबंधन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर स्कूल में राखी बनाओ,मेहंदी लगाओ और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के मुताबिक रक्षाबंधन महोत्सव में कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चों ने भाग लिया,जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा और वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद सहित स्कूल के अन्य शिक्षको को रक्षा सूत्र बांधा।इस संबंध मे स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि स्कूल में रक्षाबंधन महोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चो मे एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ाना है।इस मौके पर कक्षा तीन से कक्षा पांचवी तक के बच्चों के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के करीब 50 से अधिक बच्चे शामिल होकर एक से बढ़कर एक आकर्षक राखी बनाया।इधर कक्षा छः से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों के बीच मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के कुल 26 बच्चों ने भाग लिया।कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें स्कूली बच्चों ने अभिभावकों के हाथों में मनमोहन मेहंदी लगाया।एक अन्य कार्यक्रम मे कक्षा नवम से बारहवी तक के बच्चो के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लाभ और हानि के विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे स्कूल के कुल 15 बच्चों ने भाग लिया।

## असंगठित मजदूरों को मजदूरी व सुविधा नहीं मिली तो एक छटाक भी कोयला बाहर नहीं जाने दिया जाएगा : अब्दुल्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** संगठित मजदूरों के साथ असंगठित मजदूरों का भी कोयला उत्पादन में अहम योगदान है, बावजूद इसके एनके एरिया प्रबंधन व निजी कंपनी असंगठित मजदूरों को हक देने के बजाय शोषण कर रही है. उक्त बातें मजदूर नेता सह आरसीएमएस एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने डकरा स्टेडियम में असंगठित मजदूरों के बैठक में कहा. उन्होंने कहा कि वर्तमान श्रम कानून का लाभ असंगठित मजदूरों को नहीं मिल रहा है.निजी कंपनियां न्यूनतम मजदूरी की धज्जियां उड़ा रही है. कहा कि असंगठित मजदूरों को जो हक मिलना चाहिए आजतक नहीं मिल पाया.अब्दुल्ला ने कहा कि सभी मजदूरों को एकजुट होकर प्रबंधन व निजी कंपनी के खिलाफ आंदोलन करने की आवष्यकता है. मजदूरों को जो सुविधा व मजदूरी मिलनी चाहिए वह कंपनी व प्रबंधन जल्द से जल्द देना शुरू कर दे नहीं तो एक छटाक भी कोयला एनके एरिया से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा.सभी मजदूर अपने हक अधिकार के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे. बैठक की अध्यक्षता अशोक सिंह ने की. बैठक में सुनील सिंह, सोनू पांडेय, बबलू मुंडा, संदीप कुमार, राम कुमार, जय कुमार, सलामत अंसारी, जगमोहन भगत, प्रमोद कुमार, आरिफ अंसारी, अफजल अंसारी, सनी चौहान, नीरज तिवारी, जय कुमार, बबलू अंसारी, मैनुदिन अंसारी, फारुख अंसारी, मनोज यादव, महमूद अंसारी, परवीन सिंह, विजय सिंह, वेदप्रकाश पांडेय, अमजद खान, रूपेश कुमार, मुकेश साव, मुमताज अंसारी, इम्तियाज अंसारी शामिल थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी को उमड़ी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** सावन की अंतिम सोमवारी को खलारी-कोयलांचल सहित आसपास के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की.सुबह से ही मंदिरों में भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था. शिवभक्तों ने अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए भगवान शिव को पुष्प, बेलपत्र, भांग, धतूरा, बेल-पत्र, फल, प्रसाद आदि अर्पित कर भक्ति भाव से उन्हें अराधना की. अंतिम सोमवारी होने के कारण बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान को जलाभिषेक कर मंगलकामना की. क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर, पुराने जानकी रमण मंदिर, धमधमिया नौ नंबर मंदिर, करकट्टा, खलारी बाजारटांड, न्यूशांति नगर, अमृत नगर आदि जगहों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गयी थी।

## बेंती में प्रजापति युवा संगठन द्वारा निकाली गई कलश यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव मे सावन की अंतिम सोमवारी पर प्रजापति युवा संगठन के द्वारा कलश यात्रा निकाला गया।बेंती गांव से निकाले गये इस कलश यात्रा मे काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।बैंड बाजे के साथ निकाले गये यह कलश यात्रा पुरे क्षेत्र का भ्रमण किया,जिसके बाद कलश यात्रा बेंती से दामोदर नदी पैदल जाकर विधिवत पूजा अर्चना कर कलश मे जल भरा और वापस बेंती शिव मंदिर पंहुचकर सामुहिक रूप से श्रद्धालु भक्तों ने जलाभिषेक किया। संगठन के अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति ने बताया कि प्रजापति युवा संगठन के द्वारा प्रत्येक वर्ष बेंती में सावन की अंतिम सोमवारी पर कलश यात्रा निकाली जाती है,जिसमें गांव के सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चे शामिल होते हैं। इस मौके पर प्रजापति युवा संगठन के अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति, अजय प्रजापति, राजेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, हेमराज प्रजापति, खजांची प्रजापति, उमेश प्रजापति, सुगन प्रजापति, विजय प्रजापति,अकल प्रजापति, छोटू प्रजापति, संतोष प्रजापति, प्रेम प्रजापति, भोला प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, जयलाल प्रजापति, लखन प्रजापति, रोहित प्रजापति, नितेश प्रजापति, पिंटू प्रजापति, अजीत प्रजापति,आदि थे ।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर कोयलांचल के मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़

### शिवालयो में दस हजार से अधिक लोगो ने किया जलाभिषेक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में सावन की अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।पांचवी सोमवारी पर महादेव को जलार्पण करने के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।सावन की अंतिम सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़ को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था।श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया।क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर,झारखंडी शिव मंदिर पुरनीराय,बेंती शिव मंदिर, राय, कल्याणपुर, चुरी, बचरा बस्ती, राय बस्ती, राय कोलियरी सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।कोयलांचल क्षेत्र के शिवालयों में सावन की अंतिम सोमवारी पर करीब दस हजार से अधिक लोगों ने जलाभिषेक किया।इधर बचरा शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये। श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा देखी गई जो पुरी तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से बेलपत्र, धतुरा,फुल,अक्षत,रोली,चंदन के साथ भगवान शिव का जलार्पण एवं श्रृंगार कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पुजा पाठ कर रही थी।

## फाउंडेशन के माध्यम से कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाने की है तैयारी : मंजीत यादव

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए समर्पित सावन महीना के अंतिम सोमवारी पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सौजन्य से चौपारण प्रखंड के पांडेबारा में विश्वकर्मा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में शिव भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस बीच प्रसाद वितरण में खास बातें यह रही की इसमें फाउंडेशन के सदस्यों के साथ ही सामाजिक राजनीतिक जगत से जुड़े कई दलों के गणमान्य नामचीन हस्तियां पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई महिलाओं की बात करें तो उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। मौके पर पूर्व स्थानीय मुखिया अनिल पांडे ने कहा शिवलिंग पर पर जल चढ़ाने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति तो होती ही है साथ ही समस्त पापों से मुक्ति भी मिलती है। प्रसाद वितरण में फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, चौपारण 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, पूर्व मुखिया अनिल पांडे, समाजसेवी अशोक सिंह, कांग्रेस नेता जमुना यादव, कुणाल कतरियार, मोहम्मद शरीफुल हक, मनोहर यादव, देवचंद यादव, ज्योतिष कुमार, विशाल यादव, छात्रधारी यादव, चंद्रिका यादव, गुलाबचंद यादव, अरुण यादव, गुड्डू यादव डॉक्टर बीके यादव, गणेश साव, विकास यादव, प्रेम यादव, चंदन सिंह, सोमरन साव, चंद्रमणि साहू, विनोद सिंह, बाबूलाल यादव, उमेश यादव, हरकेश्वर सिंह, अनिल साहू, ज्वाला प्रताप सिंह, राजेश प्रजापति, त्रिभुवन यादव, राजू साहू, वीरेंद्र पांडे, लाल बहादुर पांडे, राकेश शर्मा, पप्पू साहू, मिथिलेश यादव, शुभम कुमार, राहुल कुमार, गुलाम रसूल, ननकू राणा समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जमशेदपुर

पत्रांक : ............................ **शुद्धि पत्र** दिनांक : ............................

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई निविदा आमंत्रण सूचना के निविदा संख्या – 05/2023&24/RWD/EE/JSR fnukad 04-08-2023] PR No.- 304109 REO(23-24)D}ारा प्रकाशित निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

(क) कमांक संख्या – 3 में अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 28.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे के स्थान पर 31.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे पढ़ा जाय।

(ख) कमांक संख्या – 4 में अंकित विभिन्न स्थानों पर निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 29.08.2023 अपराह्न 03:30 बजे के स्थान पर 01.09.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक पढ़ा जाय।

(ग) क्रमांक संख्या – 5 में अंकित निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे जाने वाले तिथि एवं समय **29.08.2023** अपराहन 3.30 बजे के स्थान पर 01.09.2023 अपराहन 03:30 बजे तक पढ़ा जाय।

(घ) कमांक संख्या – 6 में अंकित निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.08.2023 अपराह्न 11:00 बजे के स्थान पर 02.09.2023 अपराह्न 11:00 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य विवरणी यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

PR 305728 Rural Development(23-24)#D



### सिविल सर्जन का कार्यालय, रामगढ़

**–:कार्यालय आदेश:–**

मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले के सदर अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुश्मान मित्र को रखा जाना है। आयुश्मान मित्र के चयन हेतु दिनांक 06.09.2023 को पूर्वाह 11:30 AM बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थियों से निम्नाकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नियम एवं शर्ते

| क्र0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | Ayushman Mitra |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 1. B.Sc / B.Com / B.A or Higher Qualification from recognised Institute / University<br>2. Minimum 3 year of experience in relevant field is required and computer proficiency with high level of familarity with common used package like MS-Office and Internet. |
| 3 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष |
| 4 | मानदेय | 1. 120 /– रुपये प्रति केस भुगतान किया जाएगा एवं निर्धारित वेतन की राशि के अनुसार भुगतान नही किया जाएगा।<br>2. प्रतिमाह 50 से 100 केस ब्लॉककिंग करने वाले आयुष्मान मित्र यदि एक माह के अन्दर अपनी ब्लॉक की वृद्धि नहीं करेगें तो वैसे आयुष्माण मित्र को सिविल सर्जन द्वारा कार्य मुक्त किया जायेगा। |
| 5 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्य दिवस सरकार के निर्देशानुसार एवं कार्य अवधि सरकार के निर्देशानुसार | |

रिक्तिया

| क्रम सं0 | शहरी स्वास्थ्य केन्द्र का नाम | रिक्तियाँ |
|---|---|---|
| 1 | सदर अस्पताल, रामगढ़ | 03 |
| 2 | ट्रामॉ सेप्टर, पटेल चौक, रामगढ़ | 01 |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, माण्डू | 01 |
| 4 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतरातू | 01 |
| 5 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोला | 01 |

**(07 (सात पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 06 जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।)**

दिनांक 06.09.2023 को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ के कार्यालय के सभागार को पूर्वाहन 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

PR 305674 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में प्रतिभाओं को मिल रही है नयी उड़ान



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में सह पाठ्यचर्या गतिविधि के अंतर्गत तृतीय अंतर सदनीय वॉलीबॉल एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसके जरिए विद्यालय की नयी प्रतिभाओं को नयी उड़ान देने की मनसा व्यक्त की। खेले गए तृतीय अंतर सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बालिकाओ के लिए रखा गया, जिसमें हंसराज सदन ने श्रद्धानंद सदन को 25/12, 25/10 से हराकर जीत हासिल की तथा प्रथम स्थान पर रहा। वही दूसरे स्थान पर श्रद्धानंद सदन और तीसरे स्थान पर बिरजानंद सदन रहा। दूसरी ओर खेले गए हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में श्रद्धानंद सदन ने हंसराज सदन को 2/1 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही हंसराज सदन दूसरे और दयानंद सदन तीसरे स्थान पर रहा। बच्चों के खेल के प्रति रुचि तथा उनकी प्रतिभाओं को देखते हुए स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि इस तरह के खेलों से बच्चों में रचनात्मक, कार्यात्मक एवं भावनात्मक क्षमता का विकास होता है। शरीर में नई स्फूर्ति आती है तथा ये प्रतियोगिताएँ मनुष्य के जीवन का हिस्सा है, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, साथ ही उन्हें तनाव मुक्त भी रखती है। इन खेलों के रेफरी संतोष कुमार सिंह, स्कोरर एडी प्रसाद, टाइम कीपर सोहेल चौधरी थे। मौके पर दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता, हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर रवीशचंद्रा, बिरजानंद सदन के मास्टर श्री आदि सत्य प्रकाश एवं विद्यालय के सह पाठ्यचर्या गतिविधि प्रभारी मौसुमी बनर्जी भी उपस्थित थीं।

## हॉस्पिटल में इलाजरत मरीज का सद्दाम ने बनाया हेल्थ कार्ड



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरीडीह के रहने वाले फारुक अंसारी के उपर ट्रेक्टर चढ़ जाने के कारण कमर का हड्डी टूट गया। फारुक अंसारी किसान परिवार से हैं। फारूक का ऑपरेशन करने में 60000 का खर्च डॉक्टर ने बताया है। इस बाबत झामुमो नेता सह वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन को जानकारी मिली तो उन्होने हॉस्पिटल जाकर फारुक अंसारी का मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हेल्थ कार्ड बना कर दिया। इस हेल्थ कार्ड के माध्यम से मरीज का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस नेक कार्य के लिए मरीज और उनके परिजनों ने सद्दाम हुसैन को धन्यवाद और दुआएं दी।

## राखी बनाओ प्रतियोगिता में सलोनी रूपा व प्रिया ने जीती



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को ज्वाला पब्लिक स्कूल केंदुआगढहा में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चौथी कक्षा से लेकर दशवी कक्षा के छात्राओं ने एक से एक बढ़कर आकर्षक राखी बनाकर शिक्षकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। वही बेतहर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वही प्रथम स्थान सलोनी वर्मा, द्वतीय स्थान रूपा कुमारी, तृतीय स्थान प्रिया कुमारी व अंकिता वर्मा ने प्रपात किया। इस अवसर पर निदेशक रणधीर प्रसाद ज्वाला ने बताया कि रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार भाई और बहन का पवित्र रिश्ता का त्यौहार है। रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के बीच आपसी प्यार का पर्व है।

## झारखंड सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न

# खेल मंत्री ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कृष दुबे, अंशिका त्यागी, नीरज केसरी व सराह शर्मा ने स्थानीय इडोर स्टेडियम में खेले गए झारखंड सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग का एकल खिताब जीत लिया। कृष दुबे ने बालक अंडर- 15 वर्ग के फाइनल में स्वप्निल नायक को, अंशिका त्यागी ने बालिका अंडर- 15 के फाइनल में वैभवी श्रीवास्तव को, नीरज केसरी ने बालक अंडर-17 के फाइनल में आशु गोपाल को तथा सराह शर्मा ने बालिका अंडर- 17 के फाइनल में पीयूष सिंह को हराया। बालक अंडर- 15 वर्ग के युगल मुकाबले के फाइनल में सुजल एवं स्वप्निल ने जिमी एवं मानस रंजन को हराया। इसी तरह मिक्स डबल्स में स दान अहमद एवं बैभवी श्रीवास्तव ने ओम सिंह किरण को हराया। बालक अंडर- 17 के जुगल फाइनल में उदित दयाल और सूरज प्रताप ने रांची के नीरज केसरी को पंडित को हराया मिश्रित डबल अंडर-17 के फाइनल में युवराज कुमार एवं योगिता बोरा ने उदित दयाल और पीहू सिंह को हराकर खिताब पर कब्जा किया। समापन समारोह में झारखंड सरकार के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इससे पहले धनबाद बैडमिंटन संघ के सचिव सम्राट चौधरी ने मुख्य अतिथि को बूके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश तिवारी, रियाज खान, जावेद खान, दिनेश मंडल, राजेश झा, परवेज खान आदि मौजूद थे।



## महिलाओं पर हुए लाठी चार्ज की निंदा की



**लोयाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोयाबाद एकड़ा के अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ की बाघमारा प्रखंड अध्यक्षा रूपा देवी ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि पिछले शुक्रवार को धनबाद नगर निगम द्वारा वासुदेवपुर में कचरा डंम्पिंग का विरोध करने पर किस प्रकार से उन्हें और बाकी महिलाओं तथा ग्रामीणों पर नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार ने लाठी चार्ज करवाया। तथा महिलाओं से अभद्रता और जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया, जिसकी मैं कड़ी निंदा करती हूँ। अविलंब मैं जिला प्रशासन से उचित कार्यवाही करने की मांग करती हूं। वहीं लीला देवी ने बताया कि, सतेंद्र कुमार को महिलाओं के साथ गंदी गालियों का प्रयोग एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए था क्योंकि हमने कोई कोयले की दलाली या रुपये का डिमांड नहीं किया था। कचरे का उचित जगह पर डंम्पिंग को लेकर विरोध किया गया था। इस मौके पर अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के झारखंड प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया कि धनबाद नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार के आदेश में जो लाठी चार्ज जैसी घटना हुई, बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। चाहे जो भी हो इस मामले पर चर्चा कर हम रणनीति तैयार कर रहे हैं और उचित निर्णय लेने के पश्चात यदि नगर आयुक्त पर कार्यवाही नहीं कि गयी तो हम सामुहिक जेल भरो आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## पशुपालन विभाग की कार्यशैली पर उपायुक्त ने प्रकट की नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अगस्त महीने का दिया हुआ लक्ष्य पूरा नहीं करने पर उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज पशुपालन विभाग की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी प्रकट की। उपायुक्त आज अपने कार्यालय कक्ष में पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। पशुपालन विभाग ने दिए गए लक्ष्य के अनुरूप मुख्यमंत्री पशुधन योजना के आवेदन सृजित नहीं किए थे। वहीं सूकर पालन, बत्तख पालन, ब्रायलर में भी कोई विशेष प्रगति हासिल नहीं की थी। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग से कहा कि अगस्त माह के शुरुआत में ही लक्ष्य दिया था। लक्ष्य प्राप्त करने में आने वाली समस्या के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। वहीं समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पशुपालन विभाग से कितने लाभुकों को डायरेक्ट बेनेफिशरी ट्रांसफर, कितने लाभुक ने अंशदान जमा किया, कितने लाभुक को वर्क आर्डर जारी हुआ और कितने लाभुक को फाइनल लाभ प्रदान किया, की विस्तृत जानकारी गुरुवार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने शेड निर्माण, जोड़ा बैल, कृत्रिम गर्भधारण, टीकाकरण, चिकित्सा, ओपीडी की संख्या, बंध्याकरण, चिकित्सा, पशु चिकित्सा शिविर, टैग किया पशुओं की संख्या सहित अन्य की विस्तृत रिपोर्ट देने के साथ-साथ जिले में जितने भी पशु चिकित्सालय है उसके फोटोग्राफ उपलब्ध कराने तथा पशु चिकित्सक की टूर विजिट को बीच-बीच में जांच करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी को दिया। वहीं मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संप्रदाय योजना के लंबित मामलों को एक माह में पूरा करने, हर योजना के लाभुक का चयन सितंबर माह में पूरा करने, तालाब बंदोबस्ती की चयन प्रक्रिया सितंबर में पूरी करने, मत्स्य पदाधिकारी को स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करने, सक्षम लाभुक को बड़ी योजना का लाभ प्रदान करने, जो लाभुक लाभ लेकर योजना को पूरा नहीं करते हैं उसे ब्लैक लिस्ट कर देने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह व तीनों विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर नचनियां धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में सावन की अंतिम सोमवारी पर नचनियां धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं भक्तों ने जलाभिषेक किया। जलाभिषेक कार्यक्रम की यात्रा की शुरुआत अलगुन्दा से होते हुवे बंशीडीह मोड़, गादी, सिन्दवरिया, लेदा, लालपुर से उत्तर वाहिनी बड़ाकर में सभी भक्तों ने स्नान ध्यान कर जल लेते हुवे नचनियां धाम पहुँचे। इस दौरान शिव भक्तों ने गगनचुंबी नारा लगाते हुए बोल बम, बाबा नगरिया दूर जाना जरूर हैं, बोल कावरिया बोल बम, क्या बोलोगे बोल बम, कहाँ जाना बोल बम आदि नारों से वातावरण को भक्ति माहौल में परिवर्तन हो गया हैं। इस कार्यक्रम में लेदा, अलगुन्दा और सिन्दवरिया पंचायत के महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुवे। अतिथियों के रूप में जिलापरिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, मनीष कुमार, कोलेश्वर वर्मा, मुखिया- रामेश्वर प्रसाद वर्मा, भगीरथ मंडल, अनिता देवी, पंचायत समिति सदस्य लेदा -शोभा देवी , रवि साहु ,टिकैत- राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी- नरेश साव, मनोहर राम ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका रहें- शंकर वर्मा, कृष्णा कुमार वर्मा, बलराम प्रभाकर, विकास वर्मा, रामकिशोर सिंह, उषा वर्मा, हीरालाल , कांति, दामोदर, बालेश्वर , मेघालाल, रामकिशुन, मनोज, नन्दलाल वर्मा, गणेश वर्मा, नरेश वर्मा ।



## जन शिकायत के अर्जेंट मामलों का शीघ्र करे निष्पादन : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज ई - समाधान, सीपीग्राम, विभाग से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों के अनुपालन, माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामले, जन शिकायत, सीपीग्राम तथा अन्य मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायत के अर्जेंट मामलों का शीघ्र तथा अन्य शिकायतों का 30 दिन में निष्पादन करें। साथ ही उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे ई - समाधान पोर्टल पर अपनी शिकायतों को दर्ज कराएं। इससे शिकायत की प्रगति को शिकायतकर्ता ट्रैक कर सकेंगे। सीपीग्राम पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को भी 30 दिन में निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने ई विद्या वाहिनी अंतर्गत सभी विद्यालयों से छात्रावास आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित करने, पीएम पोषण मध्यान भोजन योजना अंतर्गत कार्यरत रसोईया सह सहायिका को आयुष्मान भारत -मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित करने, ट्रांसजेंडरों का पहचान पत्र निर्गत करने, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मार्च 2023 में पोषण पखवाड़ा में किए गए कार्यों के आधार पर विशेष मानदेय भुगतान करने, सभी पंचायतों में दवाई दुकान शुरू करवाने समेत, लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने, माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट्स (एसओएफ) को समय पर दायर करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता, एडीएम (सप्लाई) योगेंद्र प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, रविंद्र ठाकुर सहित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



## कृषि बाजार समिति चेम्बर ऑफ कामर्स की आम सभा का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कृषि बजार समिति चेम्बर ऑफ कामर्स कि आम सभा चीनी पट्टी के प्लेटफार्म पर हुई। आम सभा मे विगत वर्षो के कार्यकाल पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी उपस्थित व्यपारियो ने एक स्वर मे पिछ्ले कार्यकाल कि सराहना कि तथा आगे भी उसी जोश खरोश के साथ मे चेम्बर के कार्यो को आगे बढाने का संकल्प लिया. आम सभा मे वर्तमान कमिटि को भंग कर के नई कमिटि का निर्माण किया गया। नई कमिटि मे सर्व सम्मति से जितेन्द्र अग्रवाल को अध्यक्ष, गौरव गर्ग को सचिव, और दीपु कटेसरिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। आम सभा मे बजार प्रांगण के लगभग सभी व्यपारी मौजुद थे। सभी व्यपारीयो ने एक स्वर मे नई कमिटी को बधाई दिया तथा भविष्य मे व्यपारी एकता कि मिसाल कायम करने का प्रण लिया।

## ऑपरेशन "समय पालन" के तहत हुई कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो । ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत पिछले सप्ताह 21.08.23 से 27.08.23 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 152 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् इन 07 दिनों में सर्वाधिक 50 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि सोनपुर मंडल में 42, समस्तीपुर मंडल में 25, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 18 तथा धनबाद मंडल में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत पिछले सप्ताह 21.08.23 से 27.08.23 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 471 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

इनमें सर्वाधिक 271 लोग दानापुर मंडल में जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 107, सोनपुर मंडल में 62 तथा समस्तीपुर मंडल में 31 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

## झारखण्ड में जदयू को मजबूत करने के लिए किये जा रहे हैं कार्य : हसीब खां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वर्तमान समय में पूरे झारखंड में जिला कमिटी को भंग कर दिया गया है। जिसे लेकर झारखण्ड प्रदेश में जनता दल (यू) के संगठन द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्तर पर कार्य किया जा रहा है, जिसमे सदस्यता अभियान भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। उक्त बातें 28 अगस्त को धनबाद के गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जनता दल (यू) के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मो. हसीब खाँ ने कही। उन्होंने कहा की झारखंड में पार्टी की मजबूती के लिए 23 अगस्त को पटना में जदयू का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से मुलाकात की थी। जिसमें पूर्व महासचिव सुशील कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष अनिता देवी, पूर्व राज्य कार्यकारिणी सदस्य बिनोद कुमार साहू और जितेन्द्र राय आदि मौजूद थे। जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा झारखंड में सदस्यता अभियान को लेकर गंभीर चिंता प्रकट की गई थी, जिसे लेकर 10 नवम्बर एक बैठक रखी गई है जिसमे धनबाद जिला के सभी क्रियाशील सदस्यों व सभी पुराने तथा नये साथियों को आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें संगठन सशक्तिकरण पर विचार होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल बैठक का स्थान तय नही किया गया है।

## डीओ धारकों ने कोलियरी बंद करने की दी चेतावनी, प्रबंधक के खिलाफ की नारेबाजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** डीओ धारकों को समय पर कोयला नही मिलने के मामले को लेकर सोमवार 28 अगस्त को डीओ धारकों ने निरसा के चापापुर कोलियरी में प्रबंधक के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। मामले को लेकर डीओ धारक विनय अग्रवाल ने कहा कि पिछले 15 दिनों से चापापुर कोलियरी में कोयला उठाव के लिए ट्रक खड़ा है। कोलियरी में कोयला नही होने के कारण प्रबंधक कोयला नही दे पा रही है। जिसका खामियाजा हम डीओ धारकों को उठाना पड़ रहा है। ट्रक खड़ी रहने के कारण डेमरेज चार्ज तो देना पड़ ही रहा है। साथ ही साथ प्रबंधक से जब कोयला मांगा जाता है तो उनका कहना होता है कि जो कोयला हमारे पास है उसे ही दे पाएंगे। जबकि उक्त कोयला बैंड या पत्थर है। हमारी मांग है कि प्रबंधक हमे कोयला उपलब्ध कराए। अन्यथा अगला आंदोलन चापापुर कोलियरी को बंद करने का होगा। जिसकी सारी जबाबदेही कोलियरी प्रबंधक की होगी। इस दौरान समर्थन में काफी संख्या में डीओ धारक रहे।



## मिस एंड मिसेस सावन क्वीन कॉन्टेस्ट 23 का परिणाम घोषित




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धैया स्थित आमंत्रण बैंक्विट हॉल में सावन महोत्सव में मिस एवं मिसेस सावन क्वीन कॉन्टेस्ट की जज अर्पिता सेनगुप्ता, अश्विनी लाला, अनीता मजूमदार एवं अर्चना सिंहा ने कुल 25 प्रतिभागियों के कैटवॉक, बॉडी लैंग्वेज, टैलेंट, कॉन्फिडेंस, साज सज्जा एवं पहनावा के आधार पर जजों ने जजमेंट किया जिसमें मिस सावन क्वीन 23 अनन्या को घोषित किया गया। वहीं फर्स्ट रनर अप- माही, सेकंड रनर अप- नैना, मिसेस सावन क्वीन- 23 की विजेता प्रियंका सिंह रही। फर्स्ट रनर अप- मोटूसी बनर्जी, सेकंड रनर अप-तानिया सिंह, बेस्ट थॉट-पूर्णिमा सिंह, बेस्ट स्माइल-पंपा पाल, बेस्ट डांस-श्रावणी, बेस्ट कॉन्फिडेंस-कृष्णा डॉन, बेस्ट फिगर-दीपा मोदक को घोषित किया गया।

## गुणवत्ता के विपरीत कार्य होने पर एजेंसी, ठेकेदार व अभियंता पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

### प्रत्येक सोमवार को उपायुक्त करेंगे डीएमएफटी की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय के सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि योजना के दौरान मापदंड एवं गुणवत्ता के विपरीत कार्य करने पर कार्य एजेंसी, ठेकेदार व विभाग के अभियंता पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्ता के विपरीत कार्य होने पर सरकार और प्रशासन की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसा काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार से सही कार्य करवाना और उसे समय पर पूरा कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है। इसलिए सभी विभाग सही और अच्छा काम करने वाले ठेकेदार का ही चयन करें। किसी भी योजना में पेटी कॉन्ट्रैक्ट चलाने की अनुमति किसी भी ठेकेदार को नहीं दे। उन्होंने कहा कार्य के दौरान समस्या आने पर जिला मुख्यालय से चर्चा करके उसका समाधान निकाले। साथ ही कहा कि कोई भी योजना अधिक समय तक लंबित नहीं रहनी चाहिए। कार्य पूरा हो जाने पर मुख्यालय को उसका फोटोग्राफ उपलब्ध कराए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की हर सोमवार को समीक्षा की जाएगी। जो योजना वापस की गई है उसकी राशि समय से रिफंड करें। योजना पूरी होने पर यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट जमा करे। जिस योजना में समयावधि से अधिक समय लगा है उसकी विवरणी उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान उन्होंने बाघमारा प्रखंड कार्यालय के पास कानूडीह में सड़क निर्माण को प्राथमिकता देकर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही बिल्डिंग डिविजन, माइनर इरिगेशन, रूरल वर्क डिपार्टमेंट, रोड डिविजन, जुडको, भवन प्रमंडल सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, पीएचईडी एक एवं दो के कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी से रश्मि सिंह, सज्जाद सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



# अविराम में मनाया गया वार्षिकोत्सव अर्चना और संजना बनी स्टूडेंट ऑफ द ईयर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में बीएड और डी एल एड सत्र 2021.23 के प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह, वार्षिकोत्सव और पूर्व छात्रों को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक परछन से हुआ। दीप प्रज्वलन सचिव अविराम इंद्रजीत कुमार के द्वारा कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता, राजस्थानी नृत्य, विविधता पूर्ण रीमिक्स पर संजना, रौनक, राहत आदि ने सारगर्भित प्रस्तुति दी। जिनको स्मृतिचिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए उनमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर अर्चना और संजना, मोस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट अभिषेक केरकेट्टा, अनुपा, बेस्ट इन प्रैक्टिस टीचिंग में पूजा, शुभम, कंचन रंजन, नेहा, सुरजमुनि, बेस्ट इन कम्युनिटी सर्विस में सचिन कुमार, बेस्ट इन सेल्फ हेल्प ग्रुप में श्रेया, अनिधा, अंबिका, स्वेता, बेस्ट इन क्लास रिप्रेजेंटेटिव निकिता, प्रवीन, बेस्ट इन एन एस एस रश्मि सिंहा, बेस्ट सोलो डांसर नेहा, वेस्ट हॉस्टल रिप्रेजेंटेटिव अनुप, बेस्ट इन सेल प्रिया, बिरजीनिया, पूजा, सुनीत, गुलशन, अंजली, प्रियंका, गुलशन, अंजली, खुशबू, एंजेला, निकिता, निशी, कृष्मुणी, विक्टोरिया को मिला, प्राइड ऑफ़ अविराम शमशाद, आरती, मोनिका, कौशर, अरविंद, अर्चना, बेस्ट एंकर रश्मि को मिला। पूर्व छात्र के अंतर्गत अमित कुजूर, स्वेता संदेश, अशफाक खलीफा, प्रियंका जो वर्ष 2013 से 2015 तक बीएड के प्रशिक्षु रहे है स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र, पौधा देकर सचिव द्वारा सम्मानित किया गया और सभी को पौधा भेंट दिया गया। उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों में राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध को,ग्रीन एफर्ट हेतु पंकज कुमार भारती, टीचर ऑफ द ईयर रेणुका महतो और आउटस्टैंडिंग लीडरशिप के लिए प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी को सचिव के द्वारा प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न दिया गया। अपने उद्बोधन में सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि अनुशासन और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है अनेकों परेशानी के बाद अविराम ने शिक्षा जगत में अपनी जो पहचान बनाई है उसमें बच्चो का और अच्छी टीम का बहुत योगदान है, कभी भी प्रबंधन इसीलिए वित्त को बाधा नहीं बनने देता है। निरंतर विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की दिशा में तत्पर है सभी प्रशिक्षु ईमानदारी, समर्पण भाव से अपने जीवन के प्रत्येक कार्य को करे और आगे बढ़े यही शुभकामना है। कार्यक्रम संचालन समीकरण और शबनम ने किया।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर भव्य भंडारे का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम मंदिर परिसर में पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवारी के उपलक्ष में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ से आए गुप्ता परिवार व भंडरा सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर समिति भंडरा द्वारा अलग-अलग जगह पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों के बीच खीर, पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। इसके अलावे भंडरा के अजीत अग्रवाल, सुरेश साहू,भीम साहू द्वारा शिव भक्तों के बीच खीर का वितरण किया गया। मौके पर भंडरा नव निर्मित सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा ने कहा कि पवित्र श्रावण माह के अंतिम सोमवारी को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमे भक्तों के बीच भगवान भोलेनाथ में भोग लगाने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर में पहुंचे हजारों भक्तों ने भंडारा में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर आंनद साहू, प्रदीप गुप्ता, अनित कुंदन, संजय साहू, उत्तम गुप्ता, प्रकाश साहू, बैजू साहू, संतोष गुप्ता, नारायण प्रजापति, ललन सोनी, सतनारायण गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा।

# महिला के लापता होने पर पति ने थाना में सूचना देते हुए लगाई मदद की गुहार



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मायके जाने की बात बोल मुर्की से निकली महिला हुई लापता सेन्हा थाना को सूचना दे पति ने लगया मदद का गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की से महिला का लापता होने की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पति विकास गोप ने सनहा दर्ज करने का लगया गुहार वही एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुर्की निवासी नंदिकेश्वर महतो के 29 वर्षीय पुत्र ने जानकारी देते हुए कहा है कि शुक्रवार को मेरी पत्नी जानकी देवी अपने मायके झलजमीरा तुरी टोली जाने की बात बोल घर से निकली जो देर शाम तक अपने मायके नही पहुंची इसकी सूचना ससुराल वालों से फोन पर बात होने के दौरान मिला जब पति को जानकारी हुआ तो अपने सगे सम्बन्धी और रिश्तेदारों में छान बिन करने लगा परंतु जानकी देवी के बारे में कही पता नही चला तब विकास गोप सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए सनहा दर्ज कर अपनी पत्नी को सकुशल बरामद करने का प्रशासन से गुहार लगया। फिलहाल पुलिस प्रशासन महिला के लापता होने का मामला को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है। वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लापता महिला की भेष भूषा रंग गोरा लंबाई 5 फिट पहनावा हरा रंग की साड़ी तथा पैर में चपल पहनी हुई है। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने जनहित में सूचना प्रकाशित कर लापता महिला के बारे मद कोई जानकारी मिलने या कही दिखाई देने पर स्थानीय थाना को सूचना देने का सुझाव दिया है।

# सावन माह के अंतिम सोमवारी को शिवालयों में भक्तों ने हर्षोल्लाष से जलाभिषेक कर किया पूजा अर्चना



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन माह के अंतिम सोमवारी पर प्रखंड के शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। वही भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। सावन माह के अंतिम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के चौकनी, झखरा, कोराम्बे, अरु, सेन्हा, बक्सीडीपा, बदला, सेरेंगहातु, चितरी सहित अन्य मन्दिर व शिवालयों में महिला पुरुष सहित बच्चे श्रद्धाल भक्तों ने महादेव श्री भोलेनाथ व माता पार्वती का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना किया साथ ही शिवालय व मंदिरों में सुबह से ही दिनभर श्रद्धालु भक्त आते रहे और जलाभिषेक कर पूजन करते रहे।प्रखंड क्षेत्र हर हर महादेव और ? नमः शिवाय के उद्घोष से तथा भजन संगीत का मधुर ध्वनि से दिन भर गुंजायमान होते रहा। शिवालयों व मंदिरों में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना और दर्शन कर भक्ति आस्था को समर्पित किया गया। सावन माह का अंतिम सोमवारी होने से प्रखंड क्षेत्र जिससे माहौल भक्तिमय लग रहा था। साथ ही सभी के मन मे उल्लास था। जिसे श्रद्धालु भक्तों के द्वारा भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजन कर अपने लिये और प्रखंड क्षेत्र का सुख समृद्धि और अमन चैन के लिये मङ्गलकामना किया गया।

# अंतिम सोमवारी पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच समिति ने किया फल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के सदर अस्पताल में जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में सावन माह के उपलक्ष पर अंतिम सोमवारी को पीड़ित मरीजों के बीच लगभग 200 लोगो को फल वितरण किया गया मरीज के साथ-साथ डाक्टर नर्स एवं सफाई कर्मी तथा बाहर में बैठे पीड़ित परिवारों को भी दिया गया। इस मौके पर समिति के ज्योति भगत ने कहा पूरे सावन में जगह-जगह भंडारा का आयोजन होता है परंतु हम लोगों ने तय किया कि अंतिम सोमवारी को मरीजों का हाल-चाल लिया जाए इसी कड़ी में आज पूरी कमेटी के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख सुख में साथ देने की बात कही जिला संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा नगर कमेटी के नेतृत्व में इस आयोजन से पीड़ित मरीजों के चेहरों पर खुशी की झलक देखी गई इसके लिए नगर कमेटी धन्यवाद के पात्र हैं नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा जय श्रीराम समिति के तत्वाधान में समय-समय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, प्रदीप साहू, अनुज कुमार, चंदन साहू, अध्यक्ष दीपक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष लालनाथ सहदेव, ज्योति भगत, गोलू वर्मा,बलराम कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# लीडरशिप डेवलपमेंट में कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी की बैठक मे पार्टी की मजबूती पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** नेशनल राष्ट्रीय काँग्रेस पार्टी की लीडर शिप डेब्लॉपमेंट कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त सोमवार को स्व.शिव प्रसाद साहू स्मृति भवन में बुधवा उरांव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें विधान सभा प्रभारी दीपक ओझा ने कहा कि काँग्रेस के सभी कार्यकर्ता 2024 की लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी में जूट जाए। अपने अपने गांव, घर मुहल्ला मे लोगों से काँग्रेस की सोंच की चर्चा करें। इसी के तहत जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चा टीम का गठन करते हुए काँग्रेस पार्टी को मजबूत करें। विशुनपुर विधान सभा प्रभारी नेसार अहमद ने कहा कि राहुल गाँधी की सपना को पुरा करने के लिए हर कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्षा रीना कुमारी, जिला नेत्री संतोषी उरांव, ओ. बी. सेल के जिला अध्यक्ष जयनाथ साहू, विधार्थी परिसद् के विनय उराव, कुरू बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरूल, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल उराव, कैरो प्रखंड के मुर्शीद खान, महताब आलम इंतेखाब आलम, सनाउल्ला अंसारी, नाज़िम आलम, अनव ंअंसारी, गणपत उराव, मंजन उराव, नारायण उराव, मनोज उराव, मुनि उराव, राम प्यारी उराव, सहजादी बेगम, आदिय यादव, सुशील उराव, सोमरा उराव, परना उराव, अमर लकडा, वीरेंद्र उराँव, देवदत् प्रजापति, भोला उराँव धीरजु उराँव, मंगरा उराँव, इत्यादि काँग्रेस के कार्यकर्ता बैठक मे शामिल हुए थे।

# श्रावण मास के आठवें व अंतिम सोमवारी पर देवालयों में श्रद्धालु, भोले व देवी के भक्ति मे हुए लीन



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 अगस्त सोमवार को श्रावण मास की आठवें व अंतिम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न देवालयों, शिवालयों मे श्रद्धालु देवी एवं शिव की भक्ति में हुए लीन। इस अवसर पर आज अहले सुबह से ही प्रखंड के हनहट, सढाबे, कैरो, नरौली, गजनी, व गुड़ि पंचायत के गाँव के देवालय, शिवालय मे शिवभक्तो का उंमड़ा जन सैलाब, श्रद्धालु शिव व देवी के भक्ति मे लीन दिखाई दिये। इस अवसर पर कैरो-कुडु मार्ग पर सतबहिनी माता के धाम मे सभी भक्तो को पुजा अर्चना करवाते पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि माता के दरबार मे जो भी भक्त सच्चे मन से माता सतबहिनी की पुजा अर्चना करते हैं माता रानी और भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामना करते हैं पुर्ण। इस अवसर पर संवाददाता द्वारा देवी धाम मे बलि-प्रथा के विषय मे पंडित गोपाल शर्मा से पुछे जाने पर शर्मा ने कहा कि मैं बलि प्रथा का घोर विरोधी हूँ, इस संसार मे मानव समेत जितने भी जीव-जंतु, पशु-पक्षी हैं सभी मातारानी के संतान है, माता अपने संतानो की बलि कभी नहीं स्वीकार करती,हाँ यदि लोगो को बलि देनी है, तो अपने अहंकार की बलि दें, अपने उपर छुपे बुराईयों, समाज के कुरुतियों की बलि इन्सान को माता के दरबार मे देना चाहिए।

# अखिलेश्वर धाम में सावन की अंतिम सोमवारी पर भक्तों का उमड़ा जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम सहित शिवालियों में श्रावण माह के अंतिम सोमवारी के मौके पर पूजा अर्चना करने को लेकर शिव भक्तों की भीड़ रही। भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर धाम में अहले सुबह के पांच बजे से ही शिव भक्त बोल बम व हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ जलाभिषेक करते दिखे। मंदिर परिसर में शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रखंड प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी व पुलिस बल को तैनात किया गया था,अंतिम सोमवारी को लेकर भंडरा अखिलेश्वर मंदिर मुख्य द्वार से लेकर आधा किलोमीटर दूर तक शिव भक्तों की कतार देखते ही बन रही थी। शिव भक्त कतार में भी रहकर बोल बम व हर-हर महादेव की उद्घोष से पूरा वातावरण को भक्ति रस में समाहित कर रहे थे। पुरोहित भजन पंडा ने बताया कि इस बार दो सावन होने के बावजूद भी भक्तों के भीड़ बहुत कम होती थी, परंतु आज अंतिम सोमवारी को लेकर भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा है। भक्त क्रमवार तरीके से भगवान भोलेनाथ व मां पार्वती का जलाभिषेक कर विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना किया। इसके अलावे भंडरा के कसपुर कारू मठ, देशवाली, बेलडिपा के शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ देर शाम तक लगी रही।

# 50 कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सोना सोबरन योजना के तहत झलजमीरा पंचायत भवन में आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जनवितरण प्रणली दुकान संचालकों के नेतृत्व में कार्ड धारियों के बीच जनप्रतिनिधियों ने किया धोती साड़ी व लुंगी का वितरण। सेन्हा प्रखंड के सेरेंगहातु पंचायत भवन में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प आयोजित कर धोती साड़ी व लुंगी वितरण किया गया। जिसका शुभारम्भ 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी उराँव, उप मुखिया सुषमा उराँव, वार्ड सदस्य अनिता उराँव और आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की द्वारा कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण कर किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में निधारित समय के अनुसार कैम्प का आयोजन कर धोती,साड़ी व लुंगी का वितरण जा रहा है। जिसके तहत जनवितरण कार्ड धारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वही सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण में पंचायत क्षेत्र के सभी 5 पीडीएस दुकान संचालकों द्वारा धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। जिसमे पीडीएस दुकानदार नवलकिशोर सिंह द्वारा 7, चन्द्रदेव भगत द्वारा 10, प्रगति महिला समूह द्वारा 10, मोमिन विकास महिला मंडल द्वारा 15 तथा चन्द्रदेव उराँव द्वारा 8 लाभुकों को धोती, साड़ी व लुंगी दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस कार्ड धारियों को योजना का लाभ प्रत्येक कार्डधारी को दिया जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि ने सावन माह के आखिरी सोमवारी में कई कार्यक्रम में भाग लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पवित्र सावन माह के आखिरी सोमवारी पर पूरा जिला में भक्तिमय का वातावरण बना रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक एवं केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने जिले के कुरडेग करँगागुड़ी दनगद्दी शिवधाम तामड़ा में अखंड हरि कीर्तन के समापन पर भाग लेकर जिले वासियों के सुख स्मृति की कामना की एवं सभी भक्तों को सावन माह के अंतिम सोमवारी की शुभकामनाएं दी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पूरे सावन माह के दौरान जिला हो या प्रखण्ड या गाव सभी जगह भक्ति का वातावरण बना रहा लोग तन मन धन से शिव की आराधना कर रहे हैं, धर्म के प्रति लोगो मे जागरूकता आयी है ये हम सबो के लिये गर्व की बात है।मौके पर दीपक पुरी अनूप प्रसाद रवि गुप्ता प्रमोद प्रसाद मौजूद थे।

# सांसद सुदर्शन भगत ने इमरान आलम की बेटी की बीमारी में 3 लाख का किया आर्थिक सहायता

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यू रोड निवासी मो इमरान आलम की छोटी बेटी आयमन फातिमा को क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लेर द्वारा बोन मैरो में बीमारी बताई गई तथा बोन मैरो ट्रांसप्लांट का सुझाव दिया। तब परिवार जनों ने क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत को इसकी जानकारी दी तथा सांसद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित गति से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से उपचार हेतु 300000 तीन लाख रुपए आर्थिक सहायता हॉस्पिटल को भिजवा दिए गए। बच्ची अभी अस्पताल में इलाज रत है तथा अब शीघ्र ट्रांसप्लांट भी हो जाएगा। सांसद श्री भगत के संवेदनशीलता पर सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, आई एम ए प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, अधिवक्ता देवाशीष कार अनिल पांडे,रोड सेफ्टी मेंबर संजय बर्म्मन, आरएसएस के सुधीर अग्रवाल,महिला कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार फिरोज शाह,रेड क्रॉस सोसायटी सचिव अरुण राम,सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम मुर्तजा खलीफा, इंद्रजीत भारती, अनवर अंसारी, सरवर आलम पाले, अजय पंकज, पूर्व चेंबर अध्यक्ष अभय अग्रवाल, ट्रक आनर्स नेता कंवलजीत सिंह, साइंस फॉर सोसाइटी सचिव राहुल कुमार, बैडमिंटन खिलाड़ी मलय दत्ता,मेराज आलम,देशराज गोयल आदि ने आभार व्यक्त करते हुए बच्ची की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# सावन उत्सव में महिलाओं ने देवस्थल में किया रंगारंग कार्यक्रम, श्रेष्ठतम हुए पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भोलेनाथ की आराधना का मास सावन महीना जहां एक ओर आस्था के महापर्व मास के रुप मे जाना जाता है, वही इस मास में महिलाओ में भी सावन में खास उत्साह देखा जाता है। देव स्थल मंदिर प्रांगण किस्को मोड़ में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ और बच्चों ने सावन उत्सव के अवस ंचॉकलेट रेस, फैशन शो, म्यूजिकल चेयर, मेहंदी कॉम्पिटेशन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें जूनियर ग्रुप में श्रेजल कुमारी, आदिति राय, श्रेया कुमारी, आयुष कुमारी, आस्था कुमारी, परी कुमारी, सिद्धि कुमारी, छवि कुमारी, श्रृद्धि मेहता, मानसी भगत, कोमल कुमारी ने पुरस्कार जीते। जबकी महिलाओं के सीनियर ग्रुप मे अंशु वर्मा, संतोषी मेहता, ममता, बबीता गुप्ता, प्रिया कुमारी, लैली कुमारी, चंदा देवी, रीमा कुमारी ने पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम मे जज की भूमिका में पूर्व वार्ड सदस्य कमला देवी और जय श्री राम समिति की महिला अध्यक्ष इंद्रा प्रधान ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे ज्योति देवी, संहिता साहू, सुनीता सिंह, पिंकी साहू, ममता शर्मा, बबीता गुप्ता, संतोषी देवी, रीमा कुमारी, चंदा देवी, गुंजा देवी, अंशु वर्मा, प्रिया कुमारी, लैली कुमारी, अंशु कुमारी, गौरी देवी, सरिता देवी आदि की भूमिका प्रमुख रही।

# मोबलीचिंग जैसी घटना को बढ़ावा देने वाला बयान है भाजपा नेता का बयान : संतोष सिंह

**➲कानून को हाथ मे लेने का किसी को नहीं है कोई अधिकार, ऐसे लोगों पर कारवाई जरूरी, चाहे कोई भी धर्म अथवा समाज का हो : जिला विधायक प्रतिनिधि**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के जिला प्रतिनिधि संतोष सिंह ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के बयान को जिले में मोबलीचिंग जैसी घटना को बढ़ावा देने वाला बताया है। संतोष सिंह ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने सिर्फ कानून को हाथ मे लेने वाले लोगों पर कारवाई की मांग की है। ताकि जिले में मोबलीचिंग जैसी घटना न घटे और सभी धर्म-समाज के लोग आपस मे भाई-भाई की तरह रहे। संतोष सिंह ने कहा कि कुछ वर्षों पूर्व बनाबिरा क्षेत्र में ही ऐसी ही उग्र भीड़ ने एक धर्मगुरु को मौत के घाट उतार दिया था। बेसरा जरा की घटना ने भी पूरे जिले को शर्मसार कर दिया था। तब जिले का साम्प्रदायिक माहौल कितना बिगड़ गया था। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। अगर आज समय पर ऐसे घटना को रोकने के लिए कदम नहीं उठाया गया, तो ऐसी घटना जिले में फिर से दोहराई जाएगी और उसका परिणाम पूरे जिले व राज्य के लिए भयंकर होगा। सोशल मिडिया की बाढ़ जहां जहां तक जाएगी वहां वहां तक माहौल खराब होगा। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून को हाथ मे लेने का अधिकार नहीं है। गोईबेड़ा गांव में कुछ लोगों की भीड़ ने घर मे घूंस घूंस कर लोगों को बेहरमी से मारपीट किया था। उसमें कई की हालत काफी गंभीर है। कोई गलती करता है तो उसे सजा देने का हमारा या कोई भीड़ का अधिकार नहीं है। उसे सजा देने के लिए कानून व्यवस्था है। न्यायपालिका है। गोईबेड़ा में अगर कोई ब्यक्ति गलत कर रहा था इसकी सूचना पुलिस को दी जानी थी। पर आक्रोशित भीड़ ने ऐसा नहीं किया और घर मे घूंस घूंस कर लोगों को जान से मारने की कोशिश की। अगर आज ऐसे अपराध पर अंकुश नहीं लगाया गया है तो आने वाला कल ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ेगा और ऐसी उग्र भीड़ लोगों की जान भी ले लेगी। साथ ही जिले में बेसराजरा और बनाबिरा जैसी घटना दोहराई जाएगी। पर भाजपा का बयान मोबलीचिंग जैसी घटना को अंजाम देने वाले प्रबृत्ति के लोगों को उकसाने और उनका मनोबल बढ़ाने वाला है। विधायक के जिला प्रतिनिधि ने कहा कि कांग्रेस जाति अथवा धर्म देखकर राजनीतिक नहीं करती। ये काम सिर्फ भाजपा पार्टी ही कर सकती है। भाजपा नेताओं ने प्रतिबंधित मवेशी को बेचने, काटने के लिए किसी एक-दो खास खास समुदाय को ही हमेशा से निशाना बना कर राजनीतिक रोटी सेंकते रहे हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर पुरुष एवम् महिला हॉकी का होगा उद्घाटन

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित 18 वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशीप 2023 महिला एवं पुरुष का उद्घाटन 29 अगस्त 2023 को अपराह्न 04:00 बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में होगा। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस सह राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी हॉकी सिमडेगा द्वारा जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के सहयोग से 18 वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशीप 2023, महिला और पुरुष का आयोजन दिनांक 29 अगस्त 2023 से किया जा रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन कल दिनांक 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस को अपराह्न 04.00 बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में किया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने 50 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर को अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने आयोजित किया।शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। अनवर खान ने कहा की हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन समाज के कल्याणकारी का कार्य करती है। शिविर में रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र बांटे। रक्तदान शिविर के लिए रांची सदर अस्पताल से आई कर्मचारी की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप की जांच कर रक्तदान करवाया। अनवर खान ने कहा की हमने कुरान में पढ़ा है की किसी एक इंसान की जिंदगी बचाई तो उसने पूरी इंसानियत को जिंदगी बचाई। इस आयोजन में नसीम, अनवर, रियाजुद्दीन, काशिफ, रयान, फिरोज, फरहान, आबिद अली इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी ने अपना योगदान दिया जिनमें से मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अमानुल्लाह, निशा, अनूप, निरंजन और डॉक्टर यस विनायक हैं।

### डॉ. प्रभात शंकर ने तितो उराईन को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला जन सम्पर्क ईकाई राँची की आदेशपाल तितो उराईन एवं पूर्व में हुए सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान, वनमाली महतो के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय राँची के सभी पदाधिकारी/कर्मी मौजूद थे। सभी ने तितो उराईन को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला जन संपर्क अधिकारी राँची, डॉज़ प्रभात शंकर ने तितो उराईन को शॉल एवं पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित करते हुए विशेष तौर पर कहा कि तितो उराईन हमेशा अपने दिए गए कर्तब्यों को बेहतरीन तरीके से निभाया है, ये समय की भी हमेशा पाबंद रही हैं। यह सभी के लिए अनुकरणीय रहेगा। विदाई समारोह के दौरान जिला जन संपर्क अधिकारी राँची डॉज़ प्रभात शंकर सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने तितो उराईन एवं वनमाली महतो के साथ अपने कार्यानुभव साझा किये। तितो उराईन 29 वर्ष की सेवा एवं श्री वनमाली महतो के सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी/कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्ति पर मिले सम्मान पर उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।




# संत मरियम स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सोमवार को संत मरियम स्कूल के कजरी और आवासीय शाखा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । वर्ग नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थी ने इस स्पर्धा में हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में बच्चों ने अलग अलग स्वरूप में खुद को प्रस्तुत किया । मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की ऐसे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से बच्चों को अलग-अलग महान विभूति को जानने और समझने का अवसर मिलता है । बच्चें उनके आदर्शो को अपनाकर जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होते है । संत मरियम स्कूल के बच्चें अध्ययन के साथ साथ विभिन्न कलाओं में भी निपुण है । हम प्रत्येक बच्चे की सोच और स्थिति के अनुसार उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है । मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहें।




# पलामू में महिंद्रा ई.अल्फा सुपर लॉन्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महिंद्रा के अग्रणी डीलर आनंद मोटर्स के द्वारा आज ई. अल्फा सुपर का सोमवार को लॉन्चिंग किया गया। लॉन्चिंग समारोह में आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद महिंद्रा एंड महिंद्रा के एएसएम अनुप कुमार, कर्मकार महिंद्रा फाइनेंस के रमेश कुमार, आनंद मोटर्स के महा प्रबंधक मनप्रीत सिंह, सर्विस जीएम रवि सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर आनंद मोटर्स के सेल्स मैनेजर राजमणि विश्वकर्मा ने ई. अल्फा सुपर के बारे में विशेषताएं बतलाई। कीमत की बात करें तो महिंद्रा ई-अल्फा सुपर की शोरूम में कीमत 1.77 लाख रुपये है।

**फीचर्सः** महिंद्रा ई-अल्फ़ा सुपर 140 एएच लेड-एसिड बैटरी से लैस है। दी गई इलेक्ट्रिक मोटर 1.64 के डवलू की पावर और 22एनएम का टॉर्क जेनरेट करती है। इसकी रेंज की बात करें तो एडवांस्ड महिंद्रा ई-अल्फा सिंगल चार्ज पर 95 किलोमीटर की रेंज देती है। थ्री-व्हीलर 18ए चार्जर के साथ आता है। महिंद्रा चार्जर के साथ 12 महीने की वारंटी और बैटरी के साथ 18 महीने की वारंटी दे रही है। महिंद्रा ई-अल्फा सुपर को महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी द्वारा तैयार किया गया है। यह नया इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बेहतर रेंज प्रदान करता है और सुरक्षा और आराम के मामले में अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है।

मानक ई-अल्फ़ा मॉडल की तुलना में ई-अल्फ़ा सुपर अधिक मजबूत और टिकाऊ है। ई-अल्फा सुपर सवारी और माल ढोने दोनों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है। इस मौके पर पांच कस्टमर ने बुकिंग की और आकर्षक उपहार भी पाए इस मौके पर आनंद मोटर्स के सेल्स मैनेजर निखिल कुमार विश्वकर्मा सेल्स एग्जीक्यूटिव श्रवण कुमार गुप्ता नित्यानंद पांडे शोएब आलम अनिल पांडे और वर्कशॉप से कृष्ण कुमार, पीडीआई इंचार्ज वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

# चंद्रयान 3 की सफलता में पलामू के लाल व वैज्ञानिक कुमार क्षितिज की महती भूमिका

*** पलामू के आईआईटी गुरु ई.विनय मेहता का शिष्य है इसरो का वैज्ञानिक कुमार क्षितिज**

**रविन्द्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**

**रांची :** 23 अगस्त 2023 भारत के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। इस दिन चंद्रयान 3 ने जैसे ही चांद पर कदम रखा, दुनिया भर में भारत का डंका बज गया। भारत का चंद्रयान 3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा। दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने वाला भारत दुनिया का इकलौता देश बना। चांद पर पहुंचने के कुछ ही दिन बाद चंद्रयान -3 ने एक बड़ी सफलता पाई। विक्रम लैंडर की थर्मल जांच में रिकॉर्ड किया गया कि सतह पर, सतह के पास और सतह पर गहराई में तापमान कैसे बदलता है। इसरो ने विविधताओं को एक ग्राफ के रूप में इसे प्रस्तुत किया। प्रस्तुत ग्राफ विभिन्न गहराइयों पर चंद्र सतह व निकट-सतह के तापमान भिन्नता को दर्शाता है। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए पहली प्रोफ़ाइल है। चांद के दक्षिणी ध्रुव की हर पहेली से अब तक दुनिया अंजान थी। मगर भारत का चंद्रयान 3 लगातार चंद्रमा के चौंकाने वाले रहस्योद्घाटन करता जा रहा है। दुनिया को अब पहली बार पता चलेगा कि चंद्रमा पर सतह का ताप किस तरह परिवर्तित होता है। चंद्रयान 3 की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अगस्त को बंगलूरू में इस मिशन में शामिल इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और टीम के अन्य वैज्ञानिकों से मुलाकात की। पीएम ने 23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग के लिए पूरी टीम को बधाई दी। यहां पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के वैज्ञानिक बड़ी सौगात देते हैं। दुनिया के हर कोने में न सिर्फ भारतीय बल्कि विज्ञान में विश्वास करने वाले लोग उमंग और उत्साह से भरे हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 की सफलता से भारत को गौरवान्वित किया है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद भी पीएम मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी थी। उन्होंने कहा था कि टीम चंद्रयान, इसरो और देश के सभी वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने वर्षों तक कड़ी मेहनत की। देश के वैज्ञानिकों के कारण भारत ने इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के जिस टीम को बधाई दिया और वैज्ञानिकों के जिस टीम से वे मिले, उस टीम में पलामू का भी एक लाल शामिल है। इसरो में वैज्ञानिक के रूप में काम कर रहे और चंद्रयान 3 की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले कुमार क्षितिज पलामू के धरतीपुत्र हैं। वे इसरो में बतौर जूनियर वैज्ञानिक हैं। वे चंद्रयान 3 में लिक्विड प्रोपल्सन सिस्टम पर कार्यरत हैं। जो कि रॉकेट लॉन्चिंग के पहले स्टेज के इंजन वीएसएम 3 का डिजाइन इनके टीम के द्वारा तैयार किया गया। यानी चंद्रयान 3 के उड़ान की शुरुआत इनके टीम के द्वारा तैयार किए गए लॉन्चिंग वैकल के सफल संचालन से चांद तक की सफर संपन्न हुआ। बता दें कि इसरो का वैज्ञानिक क्षितिज पलामू से शिक्षा ग्रहण किया है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा से वैज्ञानिक बनाने तक में पलामू के आईआईटी गुरु ई. विनय मेहता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री मेहता पलामू जिले में डेडीकेटेड नामक कोचिंग, इंटर कॉलेज सहित आईएएस, आईपीएस सहित पीसीएस प्रतियोगिता के कोचिंग का सफल संचालन करते हैं। इस संचालन में इनकी पत्नी डॉ. स्वेता कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान होता है।



ई. विनय मेहता द्वारा पढ़ाए गए हजारों छात्र अभी देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम डीसी, एसपी, वैज्ञानिक व विभिन्न राज्यों में अधिकारी बनकर लहरा रहे हैं। यह पलामू में ई. विनय मेहता द्वारा दिया गया बहुत बड़ा सौगात है।

# डॉ कौशिक मल्लिक बने बंगीय दुर्गाबाड़ी पूजा उप समिति के अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रविवार की शाम को बंगीय दुर्गाबाड़ी के सभागार नंदब्रतों बोराल के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया. बैठक में वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा आयोजन उप समिति का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से डॉ कौशिक मल्लिक को दुर्गा पूजा आयोजन उप समिति का अध्यक्ष चुना गया. सचिव जयंत विश्वास उर्फ बाबनी तथा कोषाध्यक्ष अमर कुमार भांजा व शिवेश मोइत्रा चुने गए. महिला समिति की सचिव जया चक्रवर्ती चुनी गई. पूजा समिति का विस्तार अगली बैठक में किया जायेगा. दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने बताया की बैठक में तय किया गया है की इस बार दुर्गा पूजा के चारो दिन पश्चिम बंगाल के चित्तरंजन से महिला ढाकि बुलाया जाएगा. ज्ञात हो की हर वर्ष बंगाल से दुर्गा बाड़ी में पुरुष ढाक बजाने वाले ही आते थे, अब उनके साथ महिला ढाक बजाने वाले आने से इसकी भव्यता और बढ़ेगी. दुर्गा बाड़ी में शाम को जब आरती होता है तो ढाक के साथ नृत्य भी होता है , जो आकर्षण का केंद्र रहता है. ऐसा माना जा रहा है की इस वर्ष महिला ढाकी के आ जाने से इसका आकर्षण और भी बढ़ जायेगा. भीड़ अधिक होगी जिसके लिए अलग से इंतजाम किया जा रहा है. इसके अलावा सप्तमी, अष्टमी और नवमी को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा, जिसमे पारंपरिक बंगला कार्यक्रमों के साथ हिंदी के कार्यक्रम भी होंगे. इसमें नाटक, गीत, नृत्य, चित्रांकन, क्विज आदि के कार्यक्रम व प्रतियोगिता होगी. बैठक में मुख्यरूप से सतेंद्र नाथ भट्टाचार्य, देवी प्रसाद बनर्जी, अरुण राय, दीपक कुमार बागची, पार्थ प्रतिम गुप्ता, शौभिक दत्ता, गौतम घोष, सुमित भट्टाचार्य, काजल घोष, मल्लिका मोइत्रा, लिपि गुप्ता, पृथा भट्टाचार्य, रीमा बोराल, तमन्ना मल्लिक, अशोक कुमार चक्रवर्ती, असित साहा, दीपू साहा, गौतम राय, सुमित डे, सौभिक बोराल, नयन गोस्वामी, प्रणव सेनगुप्ता, विश्वजीत दत्ता, देवासिष सेनगुप्ता आदि मौजूद थे. धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने किया.



## मुख्यमंत्री को कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने छह सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

# लाइफ केयर अस्पताल के पूरे हुए 8 साल, बढ़ा लोगों का विश्वास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बूटी मोड चौक के नजदीकी आज से करीब 8 साल पूर्व डॉक्टर विश्वेश्वर सिन्हा के द्वारा एक छोटा सा अस्पताल स्थापित किया गया था। इस अस्पताल में शुरुआती दौर में छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज शुरू किया गया था । अस्पताल का नाम भी लाइफ केयर अस्पताल रखा गया। इस छोटे से अस्पताल एक दिन रांची शहर ही नहीं बल्कि झारखंड और दूसरे राज्यों के लिए भी पहचान बन जाएगी, ऐसा किसी ने नहीं सोचा था। लेकिन जब डॉ रजनीश ने लाइफ केयर अस्पताल की जिम्मेदारी संभाली तो सपना सच हो गया ।

रांची के आसपास सहित आज लाइफ केयर अस्पतालों में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी मरीज विश्वास के साथ यहां इलाज के लिए आते हैं और अपना इलाज करा कर सकुशल अपने घर वापस लौट जाते हैं । कम पैसे में सारी सुविधाएं इस अस्पताल में उपलब्ध है। मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 24 घंटा , एमरजेंसी सेवा, एंबुलेंस सेवा भी दी जा रही है। करीब 29 डॉक्टर सेवा देते हैं , नर्स , स्टाफ की सुविधाएं हैं तो वहीं पर 49 बेड भी उपलब्ध है । इमरजेंसी सेवाओं के साथ आईसीयू ,पीसी यू , अल्ट्रासाउंड, सहित विभिन्न रोगों के प्रसिद्ध डॉक्टर भी यहां पर उपलब्ध हैं । सबसे प्रसिद्ध स्पाइन सर्जरी को लेकर यह अस्पताल काफी चर्चा में है और आयुष्मान योजना के तहत भी गरीब बेसहारा लोगों का सहारा बन रहा है लाइफ केयर अस्पताल। यहां पर हड्डी, प्लास्टिक सर्जरी, आंख, गायनी, सहित अन्य तरह के रोगों का इलाज यहां होता है और दूर दराज से मरीज भी विश्वास के साथ यहां पर आते हैं।




# शिवचर्चा का ऐसा असर कि चाँद पर शिवशक्ति के नाम से हुआ नामकरण : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ब्रह्मांड संचालन में जब पेंच अटकता तब देवताओं की समूह शिव के चर्चा करते और समाधान के फरियाद लेकर शिव दरबार पहुँचते। इस तरह से शिव सबों के गुरु हो गए। इस परम्परा के मर्म को बहुत ही मशक्कत के बाद कठिन साधना के बदौलत भाई हरिन्द्रानंद जी ने जाना और शिवचर्चा को जनमानस के बीच ले गए एवं उन्होंने बताया कि मानव की मुक्ति शिव शिष्यता से ही सम्भव है। इसके लिए उन्होंने तीन सूत्र दिया और शिवचर्चा की शुरुआत की। आज हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलते यहाँ तक पहुँचे है। पांकी प्रखण्ड के कोनवाई में कामेश सोनी द्वारा आयोजित शिवचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव शामिल हुए और सैकड़ों शिवशिष्यों को चर्चा के जरिये संबोधित किया। हमने कहा कि देश व समाज का वर्तमान में जो दशा है वह बहुत ही दयनीय है। समाज के बीच कटुता, निष्ठुरता, हिंसक प्रवृत्ति,व्यक्तिवादी सोच और निजी स्वार्थ से भरे हैं। जिसे लोगों में दया भावना की कमी आई है। इसीलिए एक सूत्र जो है वह है दया करना,दूसरा सूत्र चर्चा करना जिसे आदमी के अंदर द्वंदता को खत्म कर तटस्था को बढ़ाता है। आज के चर्चा में मुख्य तौर पर गोकुलानन्द तिवारी,ओंकार तिवारी,अमोद भैया,प्रयाग पांडे, कमल देव जी,देंवन्ति देवी,लड्डू सिंह,नरेश सिंह,उदय जी सहित सैकड़ों गुरु भाई बहनों की उपस्थिति रही। जय महादेव।

## प्राकृतिक और खनिज संपदाओं से समृद्ध है झारखंड : राज्यपाल

**रांचीः** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्राकृतिक और खनिज संपदाओं से झारखंड समृद्ध है। यहां कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, चूना पत्थर, डोलोमाइट, मैग्नेटाइट, ग्रेफाइट, तांबा, अभ्रक आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। देश के कुल खनिजों का लगभग 40 प्रतिशत हमारे राज्य में उपलब्ध है। राज्यपाल सोमवार को रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।राज्यपाल ने कहा कि राज्य के 29 प्रतिशत से अधिक भाग वनों से आच्छादित हैं, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है। यहां युवक-युवतियों में कार्य करने की अपार क्षमता है, वे अत्यंत परिश्रमी हैं।

# जिलों को स्वावलंबी बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें : सोम प्रकाश

**एजेंसी**

**देहरादून :** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश ने कहा कि जिलों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में राज्य के अंतर्गत अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। इसके साथ ही उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष फोकस करना होगा। सोमवार को सभागार आई.टी.डी.ए आईटी पार्क में केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग ई.ए.एस (से.नि) मंत्री सोम प्रकाश ने डी.पी.आई.आई.टी (डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड )/उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य में संचालित विभिन्न योजना की समीक्षा बैठक के मौके यह बातें कहीं। केन्द्रीय राज्यमंत्री सोम ने कहा कि राज्य के अंतर्गत अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। उत्पादों को स्वयं सहायता समूह, विभिन्न एनजीओ, ट्रेनिंग सेंटर एवं स्टार्टअप के माध्यम से अधिक बढ़ावा मिल सके। इन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजाइन और कॉमन फैसिलिटी सेंटर का भी विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों से जिलों को स्वावलंबी बनाने पर कार्य करने से स्थानीय उत्पादों के उद्योगों को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य किस प्रकार आगे बढ़े इसके लिए लघु और दीर्घ नीतियों पर कार्य हो। उन्होंने इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत लंबित पड़े मामलों की समीक्षा की।

**यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए शीघ्र केंद्र को भेजें डीपीआर :** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए जल्द से जल्द केंद्र को डीपीआर भेजी जाए। यूनिटी मॉल ऐसे स्थान पर बनाए जहां अधिक से अधिक लोग उसका लाभ ले सकें। उत्तराखंड के साथ ही अन्य राज्यों में भी यूनिटी मॉल का व्यापक प्रचार प्रसार हो, ताकि उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादन अन्य राज्यों में भी जाएं।उन्होंने कहा कि अन्य राज्य जहां पर पहले ही यूनिटी मॉल बने हुए हैं उनका अध्ययन किया जाए। ओडीटीपी (एक जिला, दो उत्पाद), जीआई उत्पादों और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के प्रचार और बिक्री पर यूनिटी मॉल विशेष ध्यान केंद्रित करेगा, इससे लोगों की आजीविका बढ़ेगी और राज्य के सभी महत्वपूर्ण उत्पादों को एक स्थान पर लाया जा सकेगा।

एक जिला दो उत्पाद योजना में कुल 26 उत्पाद -

महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा ने बताया कि स्थानीय उत्पादों के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से उत्तराखंड एमएसएमई, पीएमईजीपी योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना नैनो के अंतर्गत सब्सिडी प्रदान की जा रही है। केंद्र सरकार की एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत राज्य सरकार की ओर से एक जिला दो उत्पाद योजना चलाई जा रही है। इसमें राज्य के कुल 26 उत्पादों को लिया गया है। उत्तराखंड राज्य में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए हरिद्वार जिले को चुना गया है। जल्द ही राज्य राज्य सरकार की ओर से इसका जीओ जारी किया जाएगा और तय समय के अंदर केंद्र सरकार को यूनिटी मॉल की डीपीआर भेजी जाएगी।बैठक में डायरेक्टर डीपीआईआईटी सुप्रिया देवस्थली,वीसी एचआरडीए अंशुल सिंह,अपर सचिव अत्तर सिंह,मृत्युंजय सिंह और अन्य लोग मौजूद रहे।